खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार 18 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 227 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :25°C
न्यूनतम: 11°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पश्चिम बंगाल राजभवन में लाइव तलाशी अभियान का आदेश पेज 2




शुभमन गिल को मिली अस्पताल से छुट्टी खेल टाइम्स




जोहरान ममदानी से डा. उमर तक वैश्विक मुस्लिम के दो चेहरे सम्पादकीय



न्यूयॉर्क शहर के मेयर ममदानी और ट्रम्प की मुलाकात जल्द! पेज 12

# पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को फांसी की सजा

ढाका, वार्ता

**बांग्लादेश की** पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सोमवार को मौत की सजा सुनाई गई है। उन्हें ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने हत्या के लिए उकसाने और हत्या का आदेश देने के लिए मौत की सजा दी।

बाकी मामलों में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। आईसीटी ने उन्हें 5 मामलों में आरोपी बनाया था। ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना को जुलाई 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान हुई हत्याओं का मास्टरमाइंड बताया। वहीं दूसरे आरोपी पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान को भी हत्याओं का दोषी माना और फांसी की सजा सुनाई। सजा का ऐलान होते ही कोर्ट रूम में मौजूद लोगों ने तालियां बजाई। तीसरे आरोपी पूर्व आईजीपी अब्दुल्ला अल-ममून को 5 साल जेल की सजा सुनाई गई। ममून हिरासत में हैं और सरकारी गवाह बन चुके हैं।

**बांग्लादेशी कोर्ट ने छात्रों की हत्याओं का दोषी माना, बाकी मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई**

**भारत व बांग्लादेश के बीच प्रत्यर्पण संधि के मुताबिक भारत पूर्व पीएम को हमारे हवाले करे: मो.यूनुस**

**पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान को भी हत्याओं का दोषी माना और फांसी की सजा सुनाई**



कोर्ट ने हसीना और असदुज्जमान कमाल की प्रॉपर्टी जब्त करने का आदेश दिया है। फैसले के बाद बांग्लादेश के अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस ने भारत से हसीना को डिपॉर्ट करने की मांग की है। 5 अगस्त 2024 को तख्तापलट के बाद शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान ने देश छोड़ दिया था। दोनों नेता पिछले 15 महीने से भारत में रह रहे हैं। बांग्लादेश के पीएम ऑफिस ने बयान जारी कर कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच जो प्रत्यर्पण संधि है, उसके मुताबिक यह भारत की जिम्मेदारी बनती है कि वह पूर्व बांग्लादेशी पीएम को हमारे हवाले करे। हसीना को मौत की सजा सुनाने वाले इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल की स्थापना उन्होंने ही की थी। इसे 2010 में बनाया गया था।

# दो पैन कार्ड मामले में आजम खां व बेटे अब्दुल्ला को सात साल की सजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला को एक और बड़ा झटका लग गया है, जिन्हें रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 7 साल की कैद का फैसला सुनाया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में लिया गया है।

सपा के पूर्व विधायक और मोहम्मद आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में अदालत ने सोमवार को दोपहर बाद अपना फैसला सुना दिया है। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आजम खां और अब्दुल्ला दोनों को दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट का फैसला आते ही आजम खां-अब्दुल्ला को न्यायिक हिरासत में ले -**शेष पृष्ठ दो पर**

**■ एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोनों को रामपुर की जेल में भेजा**



## संक्षिप्त समाचार

### मुंद्रा बंदरगाह पर पांच करोड़ मूल्य के पटाखे और अन्य सामान जब्त

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के राजस्व खुफिया निदेशालय ने चीन से तस्करी के जरिये भारत लाए जा रहे 30 हजार पटाखों के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। निदेशालय ने पटाखों का अवैध आयात रोकने के लिए 'फायर ट्रेल' ऑपरेशन चलाया हुआ है। इसके साथ ही निदेशालय ने इस तरह के माल की तस्करी पर नजर रखने के लिए ऑपरेशन चलाया हुआ है, जिसके तहत चीनी पटाखों की तस्करी के एक और गंभीर प्रयास का भंडाफोड़ किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार ऑपरेशन के दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों ने मुंद्रा बंदरगाह पर चीन से आ रहा एक 40 फीट लंबा कंटेनर पकड़ा है जिसके बारे में बताया गया है कि उसमें 'गिलास सेट और 'फूलदान' रखे थे, लेकिन जांच पड़ताल के दौरान गिलास के ऊपरी हिस्से के पीछे 30,000 पटाखे छिपा कर रखे गए थे। प्राधिकरण ने पिछले महीने भी मुंबई और तूतीकोरिन में चीनी पटाखों के अवैध आयात के प्रयासों को विफल कर दिया था।

### अनिल अंबानी दूसरी बार ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे

**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी सोमवार को दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) मामले में 14 नवम्बर को भी वे गवाही के लिए नहीं पहुंचे थे। तब उन्होंने कहा था कि वे वर्चुअल गवाही या रिकॉर्डेड वीडियो से गवाही देने के लिए तैयार हैं। हालांकि ईडी ने अंबानी का प्रस्ताव मंजूर नहीं किया है। यह स्पष्ट नहीं है कि एजेंसी अब तीसरा समन जारी करेगी या नहीं।

### साजिश के तहत हो रहा एसआईआर का काम : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चुनाव आयोग एक साजिश के तहत पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण करवा रहे हैं और फिर इसे उपकरण की तरह इस्तेमाल कर इसके जरिए 'वोट चोरी' का काम करवाया जा रहा है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री एक साजिश के तहत पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम कराने में लगे हुए हैं।

# मदीना जा रहे 45 भारतीयों की मौत

**मृतकों में से 18 एक ही परिवार से, उमरा के लिए जाती बस के टैंकर से टकराने पर हुआ भीषण हादसा**

**मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल, हादसे में सिर्फ एक यात्री जिंदा बचा**

**भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर किया जारी, ओवैसी ने शवों को भारत लाने की अपील की**

रियाद, वार्ता

**सऊदी अरब** में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई। मक्का से मदीना जाते समय इनकी बस डीजल टैंकर से टकरा गई और उसमें आग लग गई। मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं।

हादसे में सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा है। उसकी पहचान मोहम्मद अब्दुल शोएब (24 साल) के रूप में हुई है। शोएब ड्राइवर के पास बैठा था। हादसे के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक सरकारी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मारे गए लोगों में से 18 एक ही परिवार के थे। इनमें 9 बच्चे और 9 बड़े शामिल थे। यह परिवार हैदराबाद का रहने वाला था और शनिवार को भारत लौटने वाला था। मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के बताए जा रहे हैं। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। हैदराबाद पुलिस के मुताबिक 9 नवम्बर को 54 लोग हैदराबाद से सऊदी गए थे। वे 23 नवम्बर को वापस आने वाले थे। इनमें से 4 लोग रविवार को कार से अलग से -**शेष पृष्ठ दो पर**





### पीएम मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सऊदी बस दुर्घटना पर दुख जताया। एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि रियाद में वाणिज्य दूतावास हर संभव मदद दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हमारे अधिकारी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सऊदी अरब में हुए हादसे पर दुख जताया।

### हादसे में मारे गए 12 लोगों की हुई पहचान

हादसे में मारे गए लोगों में से 12 भारतीय पीड़ितों की पहचान हो पाई है, उनमें अब्दुल मोहम्मद, मोहम्मद मौलाना, सोहेल मोहम्मद, मस्तान मोहम्मद, परवीन बेगम, जकिया बेगम, शौकत बेगम, फरहीन बेगम, जहीन बेगम, मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद अली, गौसिया बेगम शामिल हैं। जेद्दा में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नम्बर जारी किया है। दूतावास ने कहा कि सऊदी अरब के मदीना के निकट भारतीय उमरा यात्रियों के साथ हुई दुखद बस दुर्घटना को देखते हुए जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में कंट्रोल रूम बनाया, हेल्पलाइन का संपर्क विवरण 8002440003 है। घटना के बाद तेलंगाना सरकार ने सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया है, ताकि परिजन अपने परिजनों के बारे में जानकारी ले सकें। परिवारजन इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं- 79979-59754 और 99129-19545।

# सेना प्रमुख की पाक को चेतावनी

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने केवल ट्रेलर दिखाया था और अगर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देना जारी रखता है, तो सेना ने उसे यह सिखाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है कि जिम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए तथा सेना को यह भी पता है कि बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है।

जनरल द्विवेदी ने सोमवार को यहां चाणक्य रक्षा संवाद के उद्घाटन कार्यक्रम में सवालों के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर को केवल ट्रेलर करार देते हुए कहा कि यदि दोबारा कोई दुस्साहस किया जाता है, तो सेना इस बार पाकिस्तान को यह सबक सिखाने के लिए तैयार है कि पड़ोसी के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहूंगा कि फिल्म शुरू भी नहीं हुई। सिर्फ ट्रेलर दिखाया गया। और ट्रेलर के बाद ट्रेलर 88 घंटों में खत्म हो गया। तो, भविष्य कैसा होगा? हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। और अगर कोई हमें पाकिस्तान में ऐसा मौका देता है, तो हम उसे पूरी शिक्षा देना चाहेंगे कि एक जिम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। सेना प्रमुख ने कहा कि आतंकवादी या उनके आका हमारे लिए एक समान हैं। उन्होंने कहा कि सेना अब बैरंग चिट्ठी का जवाब देने के लिए भी तैयार है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी आतंकवाद को बढ़ावा देता है, हमें उसका जवाब देना चाहिए।



**■ उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा: सेना को पता है बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है**

# दिल्ली ब्लास्ट: आमिर ने उमर को सुरक्षित ठिकाने दिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी डा. उमर के साथी आमिर राशिद अली ने ही उमर को सेफ हाउस (सुरक्षित ठिकाना) उपलब्ध कराया था। साथ ही आईडी बनाने में भी मदद की थी।

सोमवार को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने स्पेशल एनआईए कोर्ट में आरोपी की कस्टडी पाने के लिए ये दलील दीं। रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार आमिर को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया था। पूरी सुनवाई बंद कमरे में हुई। यहां केवल मामले से जुड़े अधिकारी और वकील मौजूद रहे। एनआईए ने लंबी हिरासत की डिमांड की थी। दिल्ली ब्लास्ट में उपयोग कार आमिर के ही नाम है। वहीं, इस ब्लास्ट में सुरक्षा एजेंसियों को शू बम (जूता बम) के इस्तेमाल का शक है। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसियों को विस्फोट वाली कार से एक जूता मिला है। इसकी जांच में अमोनियम नाइट्रेट और टीएटीपी के ट्रेस मिले, जिन्हें शुरुआती सुराग माना जा रहा है। टीएटीपी एक बेहद खतरनाक और संसेटिव विस्फोटक माना जाता है, जिसे आतंकी अक्सर इस्तेमाल करते हैं। यह मामूली झटके, रगड़ या थोड़ी सी गर्मी से भी फट सकता है। इसी वजह से इसे आतंकी दुनिया में शैतान की मां कहा जाता है। कार चला रहा डा. उमर नबी एक आत्मघाती हमलावर (सुसाइड बॉम्बर) था। यह पहली बार है, जब किसी सुरक्षा एजेंसी ने ऑफिशियल तौर पर इसकी पुष्टि की है। इससे यह तय हो गया है कि ब्लास्ट सुसाइड अटैक ही था। 10 नवम्बर को दिल्ली धमाके में 13 लोगों की मौत हुई थी, 24 से ज्यादा लोग जख्मी हैं।




**■ आईडी बनाने में मदद की, जूता बम इस्तेमाल का शक**
**■ जांच में खतरनाक टीएटीपी विस्फोटक मिला**

### भोपाल में पारा 5.2 डिग्री, 84 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली।** उत्तर और मध्य भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रविवार रात पारा 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 9.2 डिग्री नीचे रहा। एक ही रात में 1.2 डिग्री की गिरावट हुई। इससे 84 साल पुराना रिकॉर्ड भी टूट गया है। भोपाल में नवम्बर की सर्दी का ओवरऑल रिकॉर्ड 30 नवम्बर 1941 में 6.1 डिग्री का था। दिल्ली में रविवार को ठंड ने नवम्बर में 3 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगर सोमवार को भी दो या ज्यादा मौसम केंद्र लगातार दूसरे दिन मानक पूरे करते हैं, तो कोल्ड वेव की घोषणा कर दी जाएगी।

# बरेली में वायुसेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली के मीरगंज क्षेत्र के गांव गोरा लोकनाथपुर में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वायुसेना के हेलीकॉप्टर में उड़ान के दौरान अचानक तकनीकी खराबी आ गई।

पायलट ने तुरंत स्थिति को संभालते हुए किसान नन्हे शर्मा के खेत में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कर दी। पायलट की सूझबूझ और समझदारी के चलते हेलीकॉप्टर बिना किसी नुकसान के सुरक्षित खेत में उतारा गया। इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिलते ही वायुसेना ने मौके पर दूसरा हेलीकॉप्टर भेजा। वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हेलीकॉप्टर की प्राथमिक जांच की।

**■ तकनीकी खराबी के कारण खेत में उतारा गया**

### वैष्णो देवी मेडिकल इंस्टीट्यूट की एमबीबीएस सीट का विरोध

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस में एमबीबीएस एडमिशन को लेकर विवाद बढ़ गया है। सोमवार को कई हिंदू संगठनों ने एक साथ विरोध प्रदर्शन किया और एडमिशन वाली सीट अलॉटमेंट की पहली लिस्ट तुरंत रद्द करने की मांग की। इस साल संस्थान को 50 एमबीबीएस सीटें मिली हैं। 2025-26 के पहले बैच में 42 मुस्लिम, 7 हिंदू और एक सिख छात्र का नाम सीट अलॉटमेंट लिस्ट में है। हिंदू संगठनों का कहना है कि सीट बंटवारे में भेदभाव किया गया है। इसमें हिंदू छात्रों की अनदेखी की गई है। इसके विरोध में युवा राजपूत सभा, राष्ट्रीय बजरंग दल और कल्कि आंदोलन जैसे हिंदू संगठन जम्मू में प्रदर्शन कर रहे हैं।

# केरल में SIR पर तत्काल रोक की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने केरल में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि यह प्रक्रिया राज्य में चल रही 'स्थानीय निकाय' चुनाव प्रक्रिया के समानांतर नहीं चल सकती। याचिका में चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा 27 अक्टूबर को जारी की गई अधिसूचना को चुनौती दी गई है, जिसने एसआईआर प्रक्रिया शुरू की थी। याचिका में तर्क दिया गया है कि यह मनमाना, कानूनी रूप से अनुचित और अवास्तविक समय सीमा पर आधारित है। यह याचिका आईयूएमएल महासचिव पीके कुन्हालीकुट्टी के माध्यम से दायर की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता हारिस बीरन द्वारा अधिवक्ता आर एस. जेना के माध्यम से दायर की गई इस याचिका का निपटारा किया गया है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि राज्य चुनाव आयोग ने पहले ही नौ और 11 दिसम्बर को दो चरणों में स्थानीय निकाय चुनावों की घोषणा कर दी थी, जबकि एसआईआर के तहत मसौदा रोल चार दिसम्बर को प्रकाशन के लिए निर्धारित था। याचिका के मुताबिक सक्रिय चुनावी गतिविधियों के दौरान एसआईआर का संचालन करना कथित रूप से स्थापित चुनावी प्रथा का उल्लंघन करता है। दलील में कहा गया है कि अधिनियम व्यक्तिगत निर्धारण के बिना वैध मतदाता सूची में प्रविष्टियों को बड़े पैमाने पर हटाने या बेअसर करने को अधिकृत नहीं करता है। आईयूएमएल के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया से बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हट सकते हैं। आवेदन में कहा गया है कि कई बीएलओ सुबह सात बजे से रात आठ बजे तक काम करते हैं जिसमें सप्ताहांत भी शामिल हैं और उन्होंने शिकायत की है कि 30 दिन की समयसीमा के भीतर सत्यापन कार्य पूरा करना मानवीय रूप से असंभव है।

**तर्क: यह प्रक्रिया राज्य में चल रही 'स्थानीय निकाय' चुनाव प्रक्रिया के समानांतर नहीं चल सकती**

**यह मनमाना, कानूनी रूप से अनुचित और अवास्तविक समय सीमा पर आधारित है**



## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में 26 फर्मों के लाइसेंस निरस्त की तैयारी

**वाराणसी।** वाराणसी में इन दिनों कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप के मामले को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें लगातार फर्मों के रिकॉर्ड खंगाल रही हैं। इस प्रकरण के मास्टरमाइंड प्रहलाद घाट निवासी शुभम जायसवाल की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है। उसके पिता भोला प्रसाद समेत 28 लोगों पर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज किया गया है। अब प्रतिबंधित सिरप की खरीद-बिक्री के मामले में 26 फर्मों के लाइसेंस निरस्त करने की तैयारी चल रही है। औषधि निरीक्षक जुबान अली की तहरीर पर 28 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

### लूडो बेटिंग के नाम पर लाखों की ठगी का पर्दाफाश

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ की साइबर क्राइम पर नजर रखने वाली पुलिस टीम ने ऑनलाइन गेमिंग और लूडो बेटिंग के नाम पर लोगों को ठगने के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कई बैंकों की पासबुक, चेक बुक समेत कई उपकरण और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराध नियंत्रण अभियान के क्रम में साइबर क्राइम थाना ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। प्रतिबिम्ब पोर्टल पर ऑनलाइन गेमिग और बेटिग के नाम पर ठगी की शिकायतें प्राप्त होने ही अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल साइबर) विवेक त्रिपाठी एवं क्षेत्रधिकारी सदर/सहायक नोडल साइबर श्रीमती आस्था जायसवाल के पर्यवेक्षण में टीम ने जांच शुरू कर दी।

पिछले 11 वर्षों में हुए देश के चहुंमुखी विकास की यात्रा जारी रहेगी

# लकीर के फकीर नहीं बन सकते: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि मौजूदा सरकार लकीर की फकीर नहीं बन सकती। पिछले 11 वर्षों में देश के चहुंमुखी विकास को दुनिया ने देखा है और यह विकास यात्र आगे भी जारी रहेगी। बाबू बनारसी दास विश्व. विद्यालय (बीबीडी) के दीक्षांत समारोह में छात्र छात्रओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते हैं।



■ मुख्यमंत्री बोले पीएम मोदी ने देश के अंदर डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाया

आपने भारत की विकास यात्र को 11 वर्ष में देखा है और यह आगे भी जारी रहेगा। योगी ने कहा कि आज आप देखते होंगे कि स्पोर्ट्स लोगों के दिनचर्या का हिस्सा बनता जा रहा है, अखिलेश दास यूनियन कैबिनेट में जब थे, उस समय मुझे भी सांसद के रूप में देश की संसद में रहने का अवसर प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते है, आपने भारत की विकास यात्र को 11 वर्षों में देखा है, मोदी ने देश के अंदर डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाया।

योगी ने कहा कि अपने उन विभूतियों के प्रति जिनके नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित है उनके प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा का भाव हो। भारत की प्राचीन परपंरा में जब कोई स्नातक गुरुकुल से अपनी शिक्षा पूरी करके निकलता था, तो शिक्षक द्वारा सन्देश दिया जाता था कि ष्जीवन में सत्य बोलना और धर्म का आचरण करना। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के अंदर हमारी 56 फीसदी आबादी वर्कफोर्स है। प्रधानमंत्री ने 2020 में भारत को नेशनल एजुकेशन पालिसी दी। स्केल को स्किल से जोड़ने के लिए कारगर तरीके अपनाए गए। आपने देखा होगा रोबोटिक में भारत ने एक लंबी छलांग लगाई है। हमें भी प्रयास करने होंगे। सीवर के मैनहोल की सफाई करते हुए, जिसमें सफाईकर्मी अपना दम तोड़ देता है, हम तकनीक का उपयोग कर सकते है और मानव क्षति को कम कर सकते हैं।

### मां ने लगाई मासूम के जीवन की गुहार, योगी ने तत्काल कराई इलाज की व्यवस्था

**लखनऊ।** सोमवार की सुबह एक मां के जीवन में उम्मीद की किरण लेकर आया, जब वह 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए सात माह के मासूम की बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने महिला की बात सुनी और तत्काल उन्हें एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया। योगी के निर्देश पर हृदय संबंधी बीमारी से जूझ रहे बच्चे का इलाज शुरू हो गया। वहीं 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से 60 से अधिक फरियादी आए, मुख्यमंत्री ने सभी के पास पहुंचकर उनकी शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को समय से निराकरण का निर्देश दिया। लखनऊ के राजेंद्र नगर, ऐशबाग की रहने वाली एक महिला सोमवार सुबह मुख्यमंत्री आवास में लगाए गए 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे किराए के मकान में रहकर अत्यंत सीमित संसाधन में जीवनयापन कर रही हैं। उनके सात माह के मासूम को हृदय से संबंधित बीमारी है। उसके इलाज के लिए आर्थिक सहायता कर दी जाए। मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को दुलारा-पुचकारा और महिला को आश्वस्त किया कि आप बेफिक्र रहिए, सरकार मदद करेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को तत्काल एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया और वहां कुलपति को निर्देशित किया कि बच्चे के उपचार की तत्काल व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री के आदेश के उपरांत वहां मासूम का इलाज प्रारंभ हो गया है।

# बिहार में राजग की बंपर जीत उप्र में मचाएगी हलचल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बिहार विस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ऐतिहासिक जीत का राजनीतिक असर अब उत्तर प्रदेश में भी महसूस किया जाने लगा है। दोनों राज्यों की जातिगत संरचना में समानताओं के चलते यह जीत प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर सकती है।

■ सबसे पहले प. बंगाल और तमिलनाडु के चुनावों में सुनाई देगी बिहार के नतीजों की गूंज

भाजपा के एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में गैर-यादव पिछड़ों (ओबीसी), अति पिछड़ों के राजग के साथ एकजुट होने से उत्तर प्रदेश में भी गठबंधन के मनोबल को बढ़त मिलेगी। हालांकि उत्तर प्रदेश में चुनावी मुकाबला अभी डेढ़ वर्ष दूर है, लेकिन बिहार के नतीजों की गूंज सबसे पहले पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के आगामी चुनावों में सुनाई देगी। बिहार के नतीजों पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विपक्ष की हार के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर के जरिए सियासी साजिश की गई, लेकिन चेतावनी दी कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और यूपी में अब यह 'चाल' सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी पीपीटीवी मॉडल के जरिए भाजपा की 'साजिशों पर नजर रखेगी'। इस बीच राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार के नतीजों से यूपी की जमीन पर कोई बड़ा बदलाव भले न दिखे, पर भाजपा की उम्मीदें जरूर बढ़ी हैं। खासकर तब जब 2024 लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा की सीटें 64 से घटकर 36 हुई थीं। कुछ विश्लेषक यह भी कहते हैं कि बिहार के नतीजे अखिलेश यादव को कांग्रेस के साथ गठबंधन पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। राजनीतिक विशेषज्ञ के मुता. बिक दोनों राज्यों में नेतृत्वकारी चेहरों बिहार के नीतीश कुमार और उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता राजग को मजबूत आधार देती है। नीतीश कुमार की 'सुशासन बाबू' छवि और महिलाओं में उनकी पकड़ को योगी आदित्यनाथ की सख्त कानून-व्यवस्था वाली छवि के समान माना जा रहा है। 2022 के यूपी चुनाव में भी योगी सरकार पर एंटी-इन्कम्बेंसी का असर नहीं दिखा था। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार चुनाव ने यह भी संकेत दिया कि बेहतर तालमेल और गठबंधन की मजबूती भाजपा, जेडीयू, एलजेपी (राम विलास) और आरएलएम कैसे भारी बहुमत दिला सकती है। इसी तर्ज पर यूपी में राजग के घटक भाजपा, अपना दल (एस), रालोद, निषाद पार्टी और सुभासपा यदि 2027 में संयुक्त रणनीति के साथ उतरते हैं, तो इसका उन्हें भारी लाभ मिल सकता है। दूसरी ओर, विपक्षी खेमे में चिंता की लकीरें गहरी हैं। अगर अखिलेश यूपी चुनाव में कांग्रेस का साथ छोड़ते हैं, तो अल्पसंख्यक मतों में आंशिक बिखराव का खतरा पैदा होगा। हालाकि इसकी संभावना नहीं के बराबर है, क्योंकि उन्होंने कहा है कि वह कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ेंगे। गौरतलब है कि 2024 लोकसभा चुनाव में इन्हीं गठबंधनों की वजह से यूपी में परिणाम उलटफेर वाले रहे जहां एनडीए 36 सीटों पर सिमट गया, वहीं इंडिया ब्लॉक 43 सीटों के साथ रिकॉर्ड बना गया। इसी जीत से विपक्ष को नया हौसला मिला है और वह 2027 के चुनाव को सीधी लड़ाई में तब्दील करने की रणनीति बना रहा है।

# शराब खरीद व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की कवायद तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने सोमवार को गन्ना संस्थान स्थित सभागार में 'यूपी एक्साईज सिटिजेन एप' का शुभारंभ किया।

■ आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री ने यूपी एक्साईज सिटिजेन एप का शुभारंभ किया

इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग देशी शराब की दुकानों, कम्पोजिट दुकानों, माडल शॉप, प्रीमियम रिटेल वेन्ड्स एवं बार अनुज्ञापनों से मानक मदिरा/बीयर आदि की बिक्री कराए जाने हेतु दृसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में मदिरा/बीयर उपभोक्ताओं के प्रति पूर्ण पारदर्शिता प्रदर्शित करते हुए सर्वसुलभ 'यूपी एक्साईज सिटिजेन एप' तैयार किया गया है। यह एप गूगल प्ले स्टोर एवं ऐप्पल एप स्टोर पर उपलब्ध है। एप को किसी भी नागरिक/उपभोक्ता द्वारा अपने मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से किसी भी मदिरा की दुकान से विक्रीत मदिरा की बोतल/एसेप्टिक ब्रिक पैक/कैन आदि पर चस्पा एक्साइज एढेसिव लेबिल पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन कर संबंधित मदिरा की बोतल से संबंधित समस्त आवश्यक सूचनाएं देखी जा सकती हैं। बोतल के लेबिल पर छपे विवरणों तथा संबंधित फुटकर दुकान के विवरणों से इनका सत्यापन किया जा सकता है। आबकारी मंत्री ने कहा कि क्यूआर कोड स्कैन करते ही मोबाइल स्क्रीन पर ब्राण्ड का नाम व भरी हुई मदिरा की तीव्रता प्रदर्शित होने लगेगी, जिसमें बीयर, वाइन, एलएबी, व्हिस्की, वोदका, रम, जिन, देशी शराब, यूपीएमएल शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से पैकिंग टाइप (ग्लास बोतल/पेट बोतल/एसेप्टिक ब्रिक पैक) टेट्रा पैक)/कैन आदि को देखा जा सकता है।

# सौर ऊर्जा क्रांति की ओर यूपी, पीएम सूर्य घर योजना ने बदली तस्वीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पिछड़े और ग्रामीण इलाकों में पीएम सूर्य घर योजना नई उम्मीद बनकर उभरी है। सौर ऊर्जा आधारित इस योजना ने किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों के जीवन में आर्थिक राहत पहुंचाई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इस योजना के क्रियान्वयन में तेजी दिखाई है और राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में जगह बनाई है। अधिकृत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक दो लाख 75 हजार 936 घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इससे उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है और ऊर्जा निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आई है। स्थापना के मामले में यूपी गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है, जबकि कुल आवेदनों में प्रदेश दूसरे स्थान पर है। इस योजना का सबसे बड़ा प्रभाव छोटे व्यवसायों पर दिखाई दे रहा है। बिजली कटौती से पहले जहां वेल्डिंग, आटा चक्की, किराना स्टोर, नाई की दुकान और मोबाइल रिपेयर जैसी इकाइयां प्रभावित होती थीं, वहीं अब सौर ऊर्जा से इनके संचालन में रुकावट नहीं होती। लगातार बिजली उपलब्ध होने से इन व्यवसायों की आय स्थिर हुई है और रोजगार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।



सेंसेक्स 84478.67
निफ्टी 25879.15



सोना रु. 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 159000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार छठे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार छठे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दूसरे उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 388.17 अंक (0.46 प्रतिशत) की बढ़त से साथ 84,950.95 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 103.40 अंक यानी 26,013.45 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का दूसरा उच्चतम स्तर है।

गत 29 अक्टूबर को सेंसेक्स 84,997.13 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 26,053.90 अंक के अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था। मजबूत निवेश धारणा के कारण शेयर बाजारों में आज शुरू से ही तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.84 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.52 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे



निशान में बंद हुए। बैंकिंग के साथ ऑटो, वित्त, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, आईटी और फार्मा समूहों के शेयरों में ज्यादा तेजी रही। एनएसई में कुल 3,253 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,651 के शेयरों में मजबूती दर्ज की गई, जबकि 1,523 के शेयर लाल निशान में रहे। वहीं 79 अन्य कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शयरों में तेजी और अन्य 10 में गिरावट देखी गई। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 1.94 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी में 1.34 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.26, महिद्रा एंड महिंद्रा में 1.11 और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टेक महिंद्रा में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। टाइटन, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, सनफार्मा, भारतीय स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक में भी उछाल देखा गया। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर सबसे अधिक 4.83 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, बीईएल, टाटा स्टील, अडानी पोर्ट्स, आईटीसी और टीसीएस के शेयरों पर भी दबाव रहा। वैश्विक स्तर पर बाजारों में गिरावट देखी गई। हांगकांग का हैंगसेंग 0.71 फीसदी, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 और जापान का निक्केई 0.10 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.36 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.05 प्रतिशत नीचे थे।

### कर संग्रह का लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने सोमवार को उम्मीद जताई कि मौजूदा वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। अग्रवाल ने यहां भारत मंडपम में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के दौरान सीबीडीटी के करदाता अलाउंज का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि चालू वित्त वर्ष में 1 अप्रैल से 10 नवम्बर तक प्रत्यक्ष कर संग्रह में 6.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हम लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन करदाताओं और व्यक्तियों के लिए ऑडिट किया हुआ रिटर्न भरने की आवश्यकता है, उनके लिए अंतिम तिथि 10 दिसम्बर है। उम्मीद है कि इस तारीख तक स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी और विभाग लक्ष्य हासिल करने में सफल रहेगा। आयकर रिफंड में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर अग्रवाल ने कहा कि जैसे-जैसे प्रक्रिया आगे बढ़ रही है लोगों को उनका रिफंड दिया जा रहा है। सीबीडीटी का प्रयास है कि पहले ही सारी चीज स्पष्ट कर ली जाए।

# एयर इंडिया चीन के लिए एक फरवरी से शुरू करेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया अगले साल फरवरी से चीन के शंघाई के लिए उड़ान शुरू करेगी। एयर इंडिया ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह 1 फरवरी 2026 से दिल्ली से शंघाई के लिए उड़ान शुरू करेगी। यह सेवा सप्ताह में चार दिन मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को उपलब्ध होगी। दिल्ली से विमान दोपहर 12 बजे उड़ान भरेगा और स्थानीय समय के अनुसार रात 8:20 बजे शंघाई पहुंचेगी।

वापसी की उड़ान शंघाई से रात 10 बजे (स्थानीय समय के अनुसार) उड़ान भरकर अगले दिन तड़के 3:15 बजे दिल्ली उतरेगी। इसके अलावा मुंबई और शंघाई के बीच भी अगले साल उड़ान शुरू करने की उसकी योजना है। हालांकि इसके लिए अभी नियामकीय मंजूरियों का इतंजार है। मार्च 2020 के बाद इस साल अक्टूबर में भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें शुरू हुई हैं। उस समय कोविड-19 के प्रसार को रोकने



के लिए सरकार ने चीन से आने वाली और चीन को जाने वाली सभी उड़ानों पर रोक लगा दी थी। एयर इंडिया के नेटवर्क में शामिल होने वाला शंघाई 48वां अंतर्राष्ट्रीय शहर होगा। इस मार्ग पर एयरलाइंस बोइंग 787.8 विमान का संचालन करेगी। इसमें बिजनेस श्रेणी के 18 फ्लैट बेड और इकोनॉमी श्रेणी में 238 सीटें होंगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विलसन ने कहा कि दिल्ली और शंघाई के बीच उड़ानें दो महान राष्ट्रों, पुरातन सभ्यताओं और आधुनिक अर्थव्यवस्था के केंद्रों के बीच सेतु का काम करेंगी।

### राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित

**नई दिल्ली।** मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रलय के अंतर्गत पशुपालन और डेयरी विभाग ने पशुधन और डेयरी क्षेत्र के सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार (एनजीआरए) 2025 के विजेताओं की घोषणा यहां सोमवार को की।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दो पैन कार्ड....**

लिया गया। फैसला आने के बाद कचहरी परिसर में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया और आज़म खां को सजा सुनाए जाने के बाद उनके चेहरों पर मायूसी छा गई है। बताते चलें कि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मोहम्मद आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम के खिलाफ़ फर्जी पैन कार्ड बनवाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि मैं कुछ ज्यादा नहीं कहूंगा बस इतना ही कह सकता हूं कि आज़म खां को मिटाने के लिए पूरी ताक़त का इस्तेमाल किया जा रहा है और याद रहे ज़ुल्म फ़िर ज़ुल्म है बढ़ता है, तो मिट जाता है। फिलहाल दोनों को रामपुर की जेल में भेज दिया गया है।

**मदीना जा ....**

मदीना गए थे। वहीं 4 लोग मक्का में रुक गए थे। दुर्घटना वाली बस में 46 लोग सवार थे। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सऊदी अरब में भारतीय उमरा यात्रियों की बस दुर्घटना पर दुख जताया है। ओवैसी ने बताया कि उन्होंने हैदराबाद की दो ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क किया है और यात्रियों की जानकारी रियाद स्थित भारतीय दूतावास के साथ साझा की है। उन्होंने रियाद में भारतीय दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन (डीसीएम) अबू मैथन जॉर्ज से भी बात की। जॉर्ज ने उन्हें बताया कि स्थानीय अधिकारियों से जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही अपडेट दिया जाएगा। ओवैसी ने कहा कि मैं केंद्र सरकार से, खासकर विदेश मंत्री जयशंकर से अपील करता हूं कि शवों को जल्द ले जल्द भारत लाया जाए और घायलों को जरूरी चिकित्सा मुहैया कराई जाए। तेलंगाना सरकार ने कहा है कि वह रियाद में भारतीय दूतावास के संपर्क में है। राज्य सरकार की ओर से मारे गए लोगों को 5-5 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया गया है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे दूतावास से नजदीकी तालमेल बनाकर पीड़ितों की पहचान और अन्य औपचारिकताओं में मदद करें।

# पश्चिम बंगाल राजभवन में लाइव तलाशी अभियान का आदेश

कोलकाता, वार्ता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस के आरोपों के बीच अपने बाहरी दौरे को बीच में ही छोड़कर सोमवार को यहां राजभवन आए और वह पूरे राजभवन परिसर में अभूतपूर्व संयुक्त तलाश अभियान का स्वयं नेतृत्व करेंगे।

■ यह कदम भाजपा द्वारा अपराधियों को हथियार बांटने के विस्फोटक आरोप के बाद उठाया

राजभवन के आधिकारिक एक्स हैंडल पर की गई घोषणा के अनुसार राज्यपाल ने पूरे राजभवन भवन और उसके परिसर की कई सुरक्षा तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया इकाइयों द्वारा गहन तलाशी लिए जाने के निर्देश दिए हैं। यह कदम तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी की ओर से राजभवन पर 'भारतीय जनता पार्टी अपराधियों' को हथियार बांटने के विस्फोटक आरोप के बाद बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है। राजभवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तलाश अभियान को सुगम बनाने के लिए आज राजभवन को पूरी तरह से खाली करा दिया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। मीडिया और नागरिक समाज के सदस्यों को भी परिसर में इस अभ्यास को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। राज्यपाल भवन की एक दुर्लभ, पूर्ण सुरक्षा जांच के रूप में वर्णित संयुक्त तलाशी अभियान, कोलकाता पुलिस, राजभवन पुलिस चौकी, सीआरपीएफ, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमों द्वारा चलाया जाएगा, जबकि आपदा प्रबंधन तथा नागरिक सुरक्षा विभाग भी अग्निशमन अभ्यास करके इसमें भाग लेंगे। यह नाटकीय घटनाक्रम श्री बोस और श्री बनर्जी के बीच बढ़ते टकराव के बाद सामने आया है। दरअसल शनिवार को मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के श्री बोस के बचाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि राजभवन भाजपा के 'अपराधियों' को पनाह दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह (श्री बोस) अपराधियों को वहां रख रहे हैं, उन्हें बंदूकें और बम दे रहे हैं और उन्हें तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला करने के लिए कह रहे हैं। बनर्जी ने राज्यपाल पर 'दिल्ली में अपने राजनीतिक आक. ाओं के गढ़े हुए भाषणों को दोहराने' का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि जब भी राज्यपाल 'झूठे बयान' देंगे, तृणमूल कांग्रेस पूरे राज्य में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएगी। अपने आरोपों को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि जब तक यह भाजपा का सेवक राज्यपाल बना रहेगा, पश्चिम बंगाल में कुछ भी अच्छा नहीं होगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# 80 वर्षीय महिला के सोने के झुमके बदलकर उसे ठगने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली में 50 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर 80 वर्षीय महिला की दिवंगत बेटी का शोक मनाने के बहाने उसके घर में प्रवेश किया और उसके सोने के झुमके नकली झुमकों से बदल लिए। पुलिस ने यह जानकारी सोमवार को दी।

यह घटना 30 अक्टूबर को तब सामने आई जब चांदनी महल थाने में एक पीसीआर कॉल आई जिसमें सोने के झुमके चोरी होने की सूचना दी गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि एक दिन पहले एक अज्ञात महिला उसके घर आई थी और दावा किया था कि वह उसकी दिवंगत बेटी को जानती है। बातचीत के जरिए महिला का विश्वास जीतकर, आरोपी अगले दिन वापस आई और बुजुर्ग महिला से कहा कि उसका एक झुमका ढीला हो गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसे कसने के बहाने उसने कथित तौर पर नकली बाली पहना दी और चली गई।

मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने इलाके में लगे कई सीसीटीवी कैमरों की जांच की और व्यापक स्थानीय पूछताछ की। हालांकि महिला ने हिजाब पहना हुआ था, फिर भी फुटेज में उसकी चाल, आंखें और माथे का कुछ हिस्सा दिखाई दे रहा था। उसके चेहरे की बनावट शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए विवरण से मेल खाती है। निरंतर तकनीकी और निगरानी के बाद, काला महल निवासी आरोपी का पता लगाया गया और उसे 15 नवंबर को पकड़ लिया गया।

## 'बुक प्रॉपर्टीज' में भी मिलेगा बिजली कनेक्शन

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बिजली कनेक्शन से वंचित नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'बुक प्रॉपर्टी' में बिजली कनेक्शन देने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के आदेश पर सरकारी आदेश जारी कर दिए हैं। इस निर्णय से 1.25 लाख से अधिक प्रभावित परिवारों को तात्कालिक लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव ने इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बिजली विभाग को लगातार जन शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें कहा गया है कि डिस्कॉम ने इस आधार पर बिजली कनेक्शन नहीं दिए या काट दिए हैं कि संबंधित संपत्तियां निगम द्वारा अनधिकृत निर्माण के लिए बुक की गई हैं।

## चोरी के शक में युवक की पीटकर हत्या, शव को छुपाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बवाना फैक्टरी में चोरी के एक शक में एक युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने वारदात में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान अमित तिवारी,विपिन कुमार, हरिओप पाल. िवाल,अशोक कुमार झा और सोनू के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते शुक्रवार को बवाना थाने में तैनात हेड कांस्टेबल पवन से एक व्यक्ति के बारे में सूचना मिली, जिसे फैक्टरी मालिक अमित तिवारी और उसके चार मजदूरों ने चोरी के संदेह में पिछले दिन बुरी तरह पीटा था। युवक की उपचार के बीच मौत हो गई थी। शव फैक्टरी परिसर के अंदर था। पुलिस मौके पर पहुंची। बेसमेंट में लगभग 23 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। शव पर कई चोटों के निशान थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। शुरूआती जांच में पुलिस को मृतक की पहचान मेट्रो विहार फेज-2 के रहने वाले मोहित के रूप में हुई। पुलिस ने वारदात में शामिल पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# दिल्ली पुलिस ने किया अल फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन को तलब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अल फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को दो अलग-अलग मामलों में समन जारी किया है। यह समन फरीदाबाद में आतंकवाद मॉड्यूल मामले और विश्वविद्यालय के खिलाफ जालसाजी और धोखाधड़ी के दो मामलों की चल रही जांच से संबंधित है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

हाल ही में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अल फलाह यूनिवर्सिटी पर शि. कंजा कसते हुए दो प्राथमिकी दर्ज थी। एक प्राथमिकी चीटिंग की और दूसरी फोर्जरी की दर्ज की। यूजीसी की शिकायत पर दर्ज इन मामलों के बाद पुलिस टीमें ओखला स्थित यूनिवर्सिटी ऑफिस पहुंची और कई दस्तावेज मांगेएनएएसी और यूजीसी ने गंभीर अनियमितताएं चिन्हित की हैं। दिल्ली पुलिस ने नोटिस भी दिया। उधर, फरीदाबाद की सीआईए के पुलिसकर्मी भी ओखला ट्रस्ट व मालिक के घर पहुंचे और परिजनों के आधार कार्ड, पेन कार्ड और अन्य काग. जात लिए। यूनिवर्सिटी के खिलाफ शिकायत यूजीसी ने दर्ज कराई है। एफआईआर में यूनिवर्सिटी की मान्यता और दस्तावेजों में कथित गड़बड़ी का मुद्दा उठाया गया है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दो एफआईआर दर्ज करने की पुष्टि करते हुए बताया कि यूजीसी ने शिकायत में कहा है कि यूनिवर्सिटी ने यूजीसी सेक्शन-12 के उल्लंघन पर आधारित है, जबकि दूसरी यूनिवर्सिटी की कथित फर्जी मान्यता (एक्रिडेशन) दावों से जुड़ी है।

कानूनी जानकारों का कहना है कि दो एफआईआर दर्ज होने से जांच की दिशा बदल सकती है। फॉर्जरी और चीटिंग जैसे आरोप बहुत गंभीर श्रेणी में आते हैं, और अगर दस्तावेजों में अनियमितता मिलती है, तो यह यूनिवर्सिटी के संचालन पर भी प्रभाव डाल सकता है। दिल्ली ब्लास्ट मामले में पुलिस और जांच एजेंसियों की फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी की हर एक एक्टिविटी पर नजर है। इस बीच अल फलाह को विदेशी फंडिंग मिलने की बात सामने आई है। अब इसकी जांच की जा रही है। हालांकि अल फलाह यूनिवर्सिटी विदेशी फंडिंग से साफ इन्कार कर रही है। अल फलाह यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के लीगल एडवाइजर मो. रजी ने बताया कि यूनिवर्सिटी की फंडिंग सिर्फ फीस से होती है। उनका कहना है कि जांच एजेंसी के साथ पूरा सहयोग करेंगे। फरीदाबाद पुलिस ने जमीन के दस्तावेज मांगे थे जो उन्हें दे दिए गए हैं।

# आइये हम समावेशी भारत के निर्माण के प्रति अपने संकल्प को सुदृढ़ करें : विजेंद्र गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** "हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाते हुए इस संकल्प को दोहराएँ कि भारत विविधता का सम्मान करे, पर्यावरण की रक्षा करे और सबसे वंचित व्यक्ति को भी राष्ट्र की मुख्यधारा में उसका सम्मानित स्थान मिले" यह बात दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विज. ेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधान सभा परिसर में आयोजित भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट तथा विधायक संजय गोयल उपस्थित थे।मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित 8 जिलों ख्रबस्तर, कांकेर, नारायणपुर, पश्चिमी सिंहभूम, बालाघाट, कंधमाल, कालाहांडी और गढ़चिरौली से आए 200 युवाओं और सीआरपीएफ, बीएसएफ तथा आईटीबीपी के 20 अधिकारियों ने दिल्ली विधान सभा का भ्रमण किया और अपने दिल्ली दौरे के अनुभव साझा किए। अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि बिरसा मुंडा का जनआंदोलन केवल एक विद्रोह नहीं था, बल्कि आध्यात्मिक जागरण, सामाजिक सुधार और राजनीतिक चेतना का अनुशासित जन-आंदोलन था।उन्होंने कहा, "जल, जंगल, जमीन की उनकी भावना हमें याद दिलाती है कि सच्ची प्रगति लोगों और प्रकृति , दोनों का सम्मान करने में है।"

कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने कहा कि "शिक्षा तभी पूर्ण होती है जब वह युवाओं को उनकी जड़ों से जोड़ती है।" उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सहेजते हैं। ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों से आए युवाओं और अर्द्धसैनिक बलों के अधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा उनके लिए अपने आप में एक प्रेरणादायक अनुभव है।



**दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधान सभा परिसर में आयोजित भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में जाते हुए।**

## एक नजर

### सीजन की सबसे ठंडी सुबह पारा लुढ़का 9 डिग्री से नीचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अब सुबह और रात के समय ठंड का अहसास बढ़ने लगा है। आसमान साफ रहने से न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में भी कमी आ रही है। इसी क्रम में अब सोमवार को दिल्ली में इस सीजन की सबसे ठंडी सुबह रही।मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में दिन के तापमान में भी गिरावट आएगी। आज यानी सोमवार को भी दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह से ही तेज चमकदार सूरज निकल गया है। आज का न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस रहा है, जो इस सीजन का सबसे कम है। अधिकतम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी अगले सप्ताह भर आसमान साफ ही रहेगा। इसके चलते न्यूनतम तापमान में गिरावट बनी रहेगी। धीरे धीरे अधिकतम तापमान में भी गिरावट आएगी।

### जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट के लिए आखिरी तारीख पांच दिसम्बर

**नई दिल्ली।** जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (XAT) 2026 परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम दिनांक 5 दिसम्बर 2025 नजदीक आ रही है। वे उम्मीदवार जो देश 250 से अधिक प्रतिष्ठित संस्थानों में एमबीए/पीजीडीए करना चाहते हैं, वे अंतिम दिनांक से पहले अपना आवेदन पूरा कर सकते हैं। XAT 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन 10 जुलाई 2025 से शुरू हुआ था, हजारों उम्मीदवार पहले से पंजीकरण कर चुके हैं। अब उल्टी गिनती जारी है, इसलिए जल्द से जल्द ऑनलाईन फॉर्म भरें, जरूरी दस्तावेज अपलोड करें, परीक्षा के शहर को लेकर अपनी प्राथमिकता दें, और अंतिम दिनांक से पहले शुल्क जमा कर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। अगर आप अंतिम दिनांक से पहले अपना रजिस्ट्रेशन पूरा नहीं करते हैं तो आप 4 जनवरी 2026 (दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक) को होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे।

### सेवा प्रदाताओं के लिए पहली प्राथमिकता ग्राहक सेवा में सुधार: सेल्सफोर्स

**नई दिल्ली।** सेल्सफोर्स ने आज अपनी लेटेस्ट स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट जारी की। इसमें सामने आया कि एआई से केवल दैनिक कार्य ही ऑटोमेट नहीं हो रहे हैं, बल्कि यह सर्विस टीमों द्वारा काम करने, विकास करने और ग्राहक अनुभव प्रदान करने के तरीके में भी परिवर्तन ला रहा है। सर्विस टीमों को मिलती गति, लागत लाभ और ग्राहक संतुष्टि के कारण एआई उनकी प्राथमिकता बनता जा रहा है। भारत में सेवा प्रदाताओं की प्राथमिकता की सूची में एआई पिछले एक साल में सातवें स्थान के बढ़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। यह भारतीय सेवा प्रदाताओं की पहली प्राथमिकता, यानी ग्राहक सेवा में सुधार से केवल एक स्थान पीछे है। सेल्सफोर्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर - सेल्स एवं वितरण, मनकीरन चौहान ने कहा, ''भारत सेवा के क्षेत्र में हो रहे क्रांतिकारी परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है। स्टार्टअप्स से लेकर लीगेसी एंटरप्राईज तक सभी व्यवसाय डेटा, विश्वास और इंटैलिजेंस की मदद से सेवा की उत्कृष्टता लगातार बढ़ा रहे हैं। शुभम गुप्ता, वीपी - इंजीनियरिंग, पोर्टर ने कहा, ''एआई हमारी सेवा टीमों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। यह ग्राहकों की जरूरतों का अनुमान लगाता है। उन्हें वर्कफ्लो की योजना बनाने व क्रियान्वयन में मदद करता है।

### श्री गुरु तेग बहादुर साहिब शहीदी वर्षगांठ समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

**नई दिल्ली।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब ज की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 19 से 25 नवंबर 2025 तक लाल किला में आयोजित होने वाले भव्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा हेतु दिल्ली सचिवालय में उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंत्री (कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन) कपिल मिश्रा तथा मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा (खाद्य एवं आपूर्ति, उद्योग) द्वारा संयुक्त रूप से की गई। इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में डीटीटीडीसी ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि "श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का संदेश पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शन है। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उनकी शहादत को आत्मसात करने का संकल्प है। सभी विभाग इस पवित्र अवसर की गरिमा बनाए रखने के लिए सर्वोत्तम तैयारियाँ सुनिश्चित करें।" इस संबंध में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, "दिल्ली में इस ऐतिहा. सिक समारोह का आयोजन हर नागरिक के लिए गर्व का विषय है। लाल किले जैसे प्रतीकात्मक स्थल पर यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकत्व का प्रतीक बनेगा। सभी विभागों का समन्वय इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएगा।" मीटिंग में जिला मजिस्ट्रेट (सेंट्रल) को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश भी दिए गए जो संपूर्ण स्थल प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण का समन्वय संभालेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम के व्यापक प्रचार हेतु दिल्ली मेट्रो में विज्ञापन प्रदर्शित किए जाएंगे।

# झारखंड पैविलियन में महिला निर्मित उत्पाद बन रहे आकर्षण का केंद्र

**आईआईटीएफ में झारखंड के महिला अनिर्मित उत्पादों की धूम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रगति मैदान में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) में इस वर्ष झारखंड पैविलियन विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

झारखंड सरकार इस बार मेले में 'महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दे रही है। राज्य के विभिन्न जिलों से आई महिला कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों ने अपने कौशल, श्रम और रचनात्मकता से तैयार उत्पादों को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया है। इन उत्पादों के माध्यम से झारखंड की हजारों महिलाओं को न सिर्फ रोजगार मिल रहा है, बल्कि वे आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं। पैविलियन का मुख्य आकर्षण वह लाइव डेमो है, जहां तसर सिल्क कोकून से रेशम धागा निकालने की परंपरागत प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से दिखाया जा रहा है। प्रशिक्षित महिला कारीगर आगंतुकों को समझाती हैं कि किस तरह प्राकृतिक तसर कोकून को उबालकर उससे धागा निकाला जाता है और फिर उसे सूत में बदला जाता है। इसी लाइव डेमो के आगे "तम्सुम" उसी धागे से कपड़ा तैयार करने की प्रक्रिया को करघे पर प्रदर्शित करती हैं। यह संपूर्ण अनुभव दर्शकों के लिए अत्यंत अनूठा है और झारखंड के तसर उद्योग की समृद्ध परंपरा के साथ-साथ उसमें महिलाओं की विशाल भूमिका को भी उजागर करता है। यह उद्योग न केवल आदिवासी और ग्रामीण महिलाओं के लिए आय का स्थायी स्रोत है, बल्कि उन्हें आधुनिक बाजारों से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम भी बन रहा है। पैविलियन में लगे विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल भी आगंतुकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। इनमें हस्तनिर्मित वस्त्र, हस्तशिल्प उत्पाद, प्राकृतिक और जैविक सामग्रियों से तैयार उत्पाद, तसर सिल्क पर आधारित परिधान और घरेलू सजावट की वस्तुएँ शामिल हैं। इन स्टॉल्स पर दिख रही विविधता, गुणवत्ता और पारंपरिकता झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है। मेले का एक और महत्वपूर्ण आकर्षण लाख चूड़ी हस्तशिल्प का स्टॉल है, जिसे झबर मल संचालित करते हैं। वे पिछले चार वर्षों से लगातार आईआईटीएफ में भाग ले रहे हैं और हर वर्ष दिल्ली की महिलाओं के लिए नए व आधुनिक डिजाइन लेकर आते हैं। झबर मल बताते हैं कि उनके संगठन में लगभग 400 महिलाएँ लाख की चूड़ियाँ बनाती हैं, जिससे उन्हें स्थायी आजीविका प्राप्त होती है। यह हस्तकला न केवल पारंपरिक है, बल्कि महिला कारीगरों के लिए आर्थिक उन्नति का महत्वपूर्ण साधन भी बन चुकी है।



## दिल्ली में वायु गुणवत्ता बेहद खराब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार को समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 356 दर्ज किया गया जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और आईएमडी ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम का सबसे कम तापमान है। सीपीसीबी के 'समीर' ऐप के आंकड़ों से पता चला है कि पांच निगरानी केंद्रों ने वायु गुणवत्ता को 'गंभीर' श्रेणी में बताया है, जबकि 29 केंद्रों ने 300 से 400 के बीच आंकड़े के साथ एक्यूआई 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज की, जबकि चार केंद्रों ने एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में दर्ज की।

राजधानी के 38 एक्यूआई निगरानी केंद्रों में से बवाना ने 419 एक्यूआई के साथ सबसे अधिक प्रदूषण स्तर दर्ज किया। 'गंभीर' श्रेणी के अन्य क्षेत्रों में नरेला (405), जहांगीरपुरी (404), वजी. रपुर (402) और रोहिणी (401) शामिल हैं। सीपीसीबी मानकों के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है। सीपीसीबी के मुताबिक दिल्ली के विभिन्न इलाकों में सोमवार सुबह सात बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक इस प्रकार रहा।

| इलाका | एक्यूआई |
|---|---|
| इंडिया गेट | 341 |
| अलीपुर | 386 |
| आनंद विहार | 383 |
| बवाना | 427 |
| बुराड़ी | 348 |
| चांदनी चौक | 383 |



**उप महापौर जय भगवान यादव नरेला क्षेत्र के वार्ड नंबर 29 पूठ खुर्द का निरीक्षण करते हुए।**

# उप महापौर ने किया शाहबाद डेयरी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उप महापौर जय भगवान यादव ने नरेला क्षेत्र के वार्ड नंबर 29 पूठ खुर्द एवं वार्ड नंबर 28 शाहबाद डेयरी का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर स्थानीय पार्षद श्रीमती अंजू देवी,श्री रामचंद्र, मनोनीत पार्षद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्री विनोद सहरावत, नरेला क्षेत्र के उपायुक्त श्री राजीव सिंह, दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आर डब्लू ए के पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। उप महापौर जय भगवान यादव ने निरीक्षण के दौरान शाहबाद गांव में स्थित सामुदायिक भवन के पुनर्निर्माण के निर्देश दिए एवं दिल्ली सरकार के एक अन्य सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार के लिए डीडीए के अधिकारियों से बात करने के निर्देश दिए। उप महापौर ने शाहबाद डेयरी में स्थित शौचालय परिसर के लिए नया बिजली कनेक्शन लेने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वार्डों में व्याप्त जलभराव को जल्द से जल्द ठीक करने के निर्देश दिए।

उप महापौर जय भगवान यादव ने कहा कि वार्डों की साफ सफाई सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि वार्डों की टूटी सड़कों,गलियों एवं पुलियाओं का निर्माण कार्य जल्द से जल्द आरम्भ किया जाए।

# फैशन फॉर अ कॉज 2025 आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लक्ष्यम एनजीओ ने अपना वार्षिक कार्यक्रम 'फैशन फॉर अ कॉज 2025' द धान मिल के सहयोग से आयोजित किया, जिसमें भारत के शीर्ष डिजाइनरों और सेलिब्रिटीज ने एकजुट होकर दिल्ली-एनसीआर के वंचित बच्चों और कमजोर समुदायों की महिलाओं के समर्थन के लिए भाग लिया।

'फैशन फॉर अ कॉज 2025' के 15वें संस्करण का उद्देश्य 300 स्ट्रीट बच्चों के जीवन को बदलना है, उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उचित देखभाल और समग्र कल्याण उपलब्ध कराना है। इस वर्ष कार्यक्रम में शामिल प्रमुख डिजाइनर थे। शान्तनु-निखिल, वरुण बहल और जे.जे. वलाया। यह कार्यक्रम आज छत्तरपुर, नई दिल्ली स्थित द धन मिल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले प्रमुख अतिथियों में शामिल थे। भारतीय ज्वेलरी डिजाइनर सबा पटौदी, ब्लॉसम कोच्चर ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. ब्लॉसम कोच्चर, मॉम इन्फ्लुएंसर हरप्रीत सूरी, न्यूट्रिशनिस्ट व मेडिकल डॉक्टर डॉ. शिखा शर्मा, समाजसेवी व उद्योगपति अंशुल मोहन गर्ग, बॉलीवुड स्टाइलिस्ट प्रणय जैतली, इन्फ्लुएंसर परम और शिरीन, वंडर सीमेंट की डायरेक्टर शुचि पत्नी, सिका ग्रुप की डायरेक्टर शिल्पा सिक्का, भारत की प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना शोवना नारायण, दा मिलानो की एमडी शिवानी मलिक और कई अन्य प्रतिष्ठित हस्तियां। इन सभी ने बच्चों के साथ रैम्प पर चलकर इस नेक कार्य को समर्थन दिया। कार्यक्रम में फैशन, बॉलीवुड और विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों ने एकजुट होकर वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए धन जुटाने और लक्ष्यम की प्रभावशाली पहल 'फैशन फॉर अ कॉज' को मजबूती देने के लिए साथ दिया।फैशन डिजाइनर वरुण बहल ने कहा: फैशन का असली अर्थ तब है जब वह किसी जीवन को संवारता है। द धान मिल की डायरेक्टर गुंजन जैन ने कहा: द धान मिल का हमेशा मानना रहा है कि कोई भी स्थान तब ही सार्थक बनता है जब वह वाणिज्य से आगे बढ़कर मूल्य पैदा करे।



# दिल्ली की झीलों को कब्जों ने सुखाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी के तालाब और झीलें नक्शों में भले ही लबालब भरी नजर आती हों लेकिन जमीनी हकीकत में इनमें से कई का वजूद तक गायब हो चुका है। दिल्ली के 28 प्रमुख जल स्रोतों में से आधे से अधिक अवैध कब्जों की भेंट चढ़ चुके हैं तो कुछ की जगह कंक्रीट के जंगल खड़े हो गए हैं।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के सख्त आदेश के बाद दिल्ली वन विभाग की हालिया रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। कभी जहां पानी ही पानी नजर आता था वहां अब फार्महाउस और अनधिकृत बस्तियां खड़ी हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि इन स्रोतों का कुल क्षेत्र रेवेन्यू रिकॉर्ड में 1.5 लाख वर्ग मीटर से ज्यादा है, लेकिन जमीन पर आधा ही बचा। मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लेते हुए एनजीटी ने फरवरी 2025 में जो रिपोर्ट मांगी थी उसके जवाब में विभाग ने बताया कि डिसिल्टिंग और बाड़ लगाने जैसे कदम तो शुरू कर दिए हैं, लेकिन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अधर में है। रिपोर्ट से पता चलता है कि ज्यादातर स्रोत मौसमी हैं, यानी बारिश के पानी से भरते हैं। कुछ हमेशा पानी वाले (पेरिनियल) हैं, लेकिन कीचड़ और कचरे से ढके हैं। दिल्ली वन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, असोला भट्टी वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी में 'नीली झील' (नीली जहील) अच्छी हालत में है लेकिन पानी उथला है। विभाग ने बताया कि हर साल मानसून से पहले डिसिल्टिंग और बंडिंग (किनारे मजबूत करना) किया जाता है। भाटी कलां गांव जोहर में 15.673 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण है। खसरा नंबर 1873 और 1874 पर अबादी (गांव) का कब्जा है।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



### सुन्दरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशनस के विद्यार्थियों को

# प्रसिद्ध सॉफ्टवेयर कम्पनी चेतु इंडिया प्रा. लि. में मिला प्लेसमेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुन्दरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टिटूशनस में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में 17 विद्यार्थियों का प्रसिद्ध सॉफटवेयर कम्पनी चेतु इंडिया प्रा.लि मे चयन हुआ। इस चयन प्रक्रिया में बी. टेक.-कंप्यूटर सांइस, एम.सी.ए. एव बी.सी.ए. के छात्र-छात्राओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया। जिसमे लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार के माध्यम से 17 छात्र- छात्राओं का चयन हुआ।



इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि सुन्दरदीप अपने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए निरन्तर प्रयासरत है जिसके फल-स्वरूप यहाँ के छात्र एवं छात्रायें देश-विदेश मे भारत का नाम रोशन कर रहे है।

इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो0 (डॉ0) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो0 चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से0 नि0), रजिस्ट्रार डॉ0 राजीव रतन, बृजेन्द्र सिंह, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), प्रो. (डॉ0) मो. निका सेंगर, निदेशक इंजीनियरिंग तथा सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### जिलाधिकारी ने की जनता से अपील

# एसआईआर में करे बीएलओ का सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना अवधि में बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर भ्रमण कर निर्वाचकों को गणना प्रपत्र वितरित किये जा रहे हैं तथा भरे हुए गणना प्रपत्र निर्वाचकों से प्राप्त किये जा रहे हैं, जिसमें समस्त निर्वाचकों की भागीदारी एवं सहभागित अपेक्षित है। अत: जनपद गाजियाबाद के समस्त निर्वाचकों से अपेक्षा की जाती है कि घर-घर भ्रमण के दौरान भरे हुए गणना प्राप्त करने हेतु आने वाले बी.एल.ओ. को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए उक्त गणना प्रपत्र की पावती प्राप्त करना सुनिश्चित करें। भरे हुए गणना प्रपत्र के साथ किसी भी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा कहाँ गया कि उक्त कार्य में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें, जिससे विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण जैसे निर्वाचन महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्य को भारत निर्वाचन आयोगे के निर्देशानुसार पूर्ण किया जा सके।

# आईटीएस मोहननगर का वॉकाथन में उत्साहपूर्ण सहभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के दूरदर्शी नेतृत्व में आईटीएस मोहन नगर के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने ट्रैफिक पुलिस द्वारा आयोजित "वॉकाथन 2025" में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम में निम्नलिखित विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे अर्पित चड्ढा वाइस चेयरमैन आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप सुनीता दयाल मेयर जे रविंदर गौड़ कमिश्नर ऑफ पुलिस आलोक प्रियदर्शी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) केशव कुमार चौधरी अतिरिक्त कमिश्नर (मुख्यालय एवं क्राइम) धवल जायसवाल डीसीपी सिटी कार्यक्रम के दौरान अर्पित चड्ढा को मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें इस आयोजन को सफल और प्रभावी बनाने में दिए गए सहयोग एवं निरंतर सामाजिक पहलों में योगदान के लिए सराहना दी गई। अर्पित चड्ढा वाइस चेयरमैन आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप ने बताया कि "आईटीएस सदैव समाजिक सरोकारों और जनहित के अभियानों में अग्रणी रहा है।

# गिन्नी देवी कॉलेज में बीकॉम का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज,मोदीनगर के बी. कॉम एवं अर्थशास्त्र विभाग (स्वपोषित)का इंडक्शन व फ्रेशर कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 17 नवंबर 2025 को किया गया! कार्यक्रम की अध्यक्षा व मुख्य अतिथि प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा, वाणिज्य व अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डॉ. सारिका गर्ग व अन्य शिक्षिकाओं ने माँ सरस्वती के समक्ष दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया!



तत्पश्चात छात्राओं ने विभिन्न प्रदेशों के सांस्कृतिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया! बी. कोम की छात्रा अवनि ने गायन की सुमधुर प्रस्तुति दी! छात्राओं के आग्रह पर संगीत विभाग की अध्यक्षा डॉ. आकांक्षा सारस्वत ने अपनी मधुर आवाज में एक गीत प्रस्तुत कर वातावरण को हर्षोल्लास से भर दिया! कार्यक्रम में मंच संचालन किया म. ए. अर्थशास्त्र की छात्रा खुशी भोला व विशाखा ने किया!

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा मिस फ्रेशर का चुनाव छात्राओं ने कैटवाक में बढ़चढ़कर अपनी अदाओं से वातावरण को फैशन के जलवे में सराबोर कर दिया! मिस फ्रेशर बी. कॉम चुनी गयीं ज्योति, मिस फ्रेशर म.ए. चुनी गयीं आयुषी तथा गौरी! प्राचार्या जी ने विजेता छात्राओं को बधाई तथा अपनी शुभकामनाओं व आशीर्वचनों से आशीर्वादित किया!

कार्यक्रम का आयोजन करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया आयुषी,गौरी,सिमरन,वंशिका,ज योति,ने! ज्ञात हो कि गिन्नी देवी मोदी महाविद्यालय में इसी वर्ष बी. कॉम. स्ववितपोषित प्रारम्भ हुआ है तथा 60 सीटों पर 50 छात्राओं ने एडमिशन ले कर विभाग को सुशोभित किया! कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओं व छात्राओं ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सुशोभित किया!

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**लोनी।** लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने रविवार शाम किशोरी को बहला फुसलाकर अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट की धारा में वृद्धि की है। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति ने 12 नवंबर को 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता की तलाश के लिए टीम का गठन किया था। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पुलिस टीम ने पीड़िता को बरामद कर बयान दर्ज कराए थे।

### सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम

# जल्द ही सौर ऊर्जा से रोशन होंगे सरकारी अस्पताल

**गाजियाबाद।** संयुक्त जिला अस्पताल में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अस्पताल में सोलर पैनल लगाने का काम लगभग पूरा हो चुका है और प्रशासन का दावा है कि अगले 10 दिनों के भीतर यह परियोजना पूरी तरह संचालित हो जाएगी। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में सौर ऊर्जा प्रयोग को बढ़ाने की योजना के तहत इसकी शुरुआत ट्रामा सेंटर से की गई है, जहाँ पैनलों की स्थापना अंतिम चरण में है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि सोलर पैनल स्थापित होने से अस्पताल की बिजली खपत में काफी कमी आएगी। इससे न केवल आर्थिक बोझ घटेगा, बल्कि बार-बार होने वाली बिजली कटौती की समस्या से भी राहत मिलेगी। ट्रामा सेंटर जैसे महत्वपूर्ण विभागों में निर्बाध बिजली आपूर्ति बेहद आवश्यक होती है, और सौर ऊर्जा के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा। सीएमएस डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि परियोजना एक सप्ताह के भीतर पूर्ण रूप से चालू हो जाएगी। उनके अनुसार, सौर ऊर्जा अपनाने से जनरेटर और अन्य अस्थायी बिजली स्रोतों की आवश्यकता काफी कम हो जाएगी। इससे ईंधन खर्च पर भी नियंत्रण रहेगा और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा।

# खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री श्याम परिवार करण धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर लाजवंती गार्डन नांगल राय नई दिल्ली पर खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव के अवसर पर भजन संध्या (कीर्तन) लव- कुश जागरण मंडल द्वारा बहुत हर्षोउल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कंड़ेरे करन समाज कल्याण संगठन, दिल्ली प्रदेश के पाधिकारियों के साथ साथ सैकड़ो समाज बंधु, माता, बहिनों से भक्ति रस का आनंद लिया व भक्तिमय नाचते गाते ईश्वर का आशीर्वाद ग्रहण किया । कार्यक्रम सुबह 11 बजे खाटू श्याम बाबा के श्रृंगार से आरंभ होकर शाम 4.30 बजे आरती व 56 भोग के साथ सम्पन्न हुआ ।



इसके उपरांत शुद्ध देसी घी का भंडारा देर शाम तक चला। इस अत्यंत दर्शनीय श्याम बाबा भक्तिमय कार्यक्रम में सैकड़ों समाज जन व भक्तों के साथ कंड़ेरे करन समाज कल्याण संगठन के अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, गाजियाबाद के पदाधिकारी व बीजेपी नेता वीरेंद्र कंड़ेरे, माननीय हरशरण, कंछी लाल, योगेंद्र कुमार ष्योगीष, संजय, सत्यप्रकाश, कल्याण सिंह, राजेन्द्र निर्वान, गजराज सिंह, उमाशंकर, सूरज प्रकाश, नितिन करन, मुकेश, सतीश, दीवान, डॉ0 निर्मल कुमार, डॉ राजेन्द्र सिंह, सोनू करन, नानक चंद, नरेश, बदलेश, तेजवीर, ओम प्रकाश, दीपक, दिनेश कुमार व अन्य बहुत से साथियों ने ईश्वर का आशीर्वाद लिया।

# शुल्क जमा नहीं कराने वालों को जीडीए भेज रहा नोटिस

**गाजियाबाद।** मानचित्र स्वीकृति कराने के बाद शुल्क जमा नहीं कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ऐसे सभी बकायेदारों को जीडीए नोटिस भेज रहा है, ताकि इनसे वसूली की जा सके। जीडीए क्षेत्र में आवासीय, व्यवसायिक और औद्योगिक भवन का निर्माण करने से पूर्व प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृति लेनी होती है। प्राधिकरण से नक्शा पास होने के बाद ही आवंटी भवन का निर्माण कर सकता है। इसी को लेकर करीब 40 बिल्डर और अन्य लोगों ने प्राधिकरण से भवन का निर्माण करने से पूर्व नक्शा पास कराया, लेकिन इसके बाद प्राधिकरण का शुल्क अभी तक जमा नहीं किया।


पिछले दिनों प्राधिकरण के नियोजन अनुभाग ने फाइलों की जांच की तो पता चला कि कई बिल्डर और लोग ऐसे हैं, जिन्होंने शुल्क जमा नहीं किया है। जबकि मौके पर निर्माण कार्य चल रहा है या पूरा हो चुका है। इसके बाद इनकी सूची तैयार की गई। जीडीए सचिव राजेश सिंह ने ने बैठक कर सभी को नोटिस भेजकर वसूली करने की बात कही है। ताकि प्राधिकरण में शुल्क जमा हो सके। अब प्राधिकरण ऐसे सभी बकायेदारों को नोटिस भेज रहा है। जीडीए सचिव बताते हैं कि नोटिस के बाद भी शुल्क जमा नहीं करवाने वालों के खिलाफ सख्ती होगी।

# भाजपा नेता व पूर्व सभासद लोकेश ढोडी का सड़क दुर्घटना में निधन

### परिजनों ने जताया हत्या का अंदेशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर पालिका के कई बार सभासद रह चुके प्रमुख समा. जसेवी आरटीआई कार्यकर्ता व भाजपा नेता लोकेश ढोडी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, उनके परिजनों ने उनका एक्सीडेंट कराए जाने की संभावना जताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक. ेश ढोडी मोटरसाइकिल पर गाजियाबाद से वापिस लौट रहे थे मुरादनगर में तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से हुआ टक्कर मार दी व ट्रक का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया, तुरन्त ही उन्हें सरकारी



अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही उनके परिजनों सहित नपा चेयरमैन विनोद वैशाली सभी सभासद व सैकड़ों क्षेत्रवासी मुरादनगर पहुंचे। लोकेश ढोडी के भाई ने कहा कि चूंकि वे राजनी. तिक व्यक्ति थे तो उनके सैकड़ों दुश्मन हो सकते हैं कुछ नहीं कहा जा सकता,यह भी गौरतलब है कि वर्तमान में लोकेश ढोडी एक अवैध कालोनी की शिकायत लगातार जीडीए व प्रशासन से कर रहे थे जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी भी मिली हुई थी जिसका उन्होंने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हुआ है जिसकी जांच चल रही है। उनके निधन पर सांसद, विधायक,चेयरमैन सहित सभी क्षेत्र के सामाजिक,राजनीतिक व प्रबुद्ध लोगों ने शोक जताया है।

# चित्रांश चैंबर ऑफ कॉमर्स व यशोदा मेडिसिटी की एक नई पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** यशोदा मेडिसिटी इंदिरापुरम के सभागार में स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सहभागिता का अनोखा संगम तब देखने को मिला जब चित्रांश चौंबर ऑफ कॉमर्स एवं गाजियाबाद चित्रगुप्त महासभा के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष स्वास्थ्य संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यशोदा मेडिसिटी के विभिन्न विभागों का अवलोकन कर उपस्थित जनसमूह ने आधुनिक चिकित्सा प्रौद्योगिकी, उपचार प्रक्रियाओं और अस्पताल की विशेषज्ञ सेवाओं का प्रत्यक्ष अनुभव भी प्राप्त किया।



कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. संजीव सिन्हा, चीफ रेवेन्यू ऑफिसर, नगर निगम गाजियाबाद तथा यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ. पी. एन. अरोड़ा एवं सी.ओ.ओ. डॉ. सुनील डागर के पुष्पगुच्छ स्वागत के साथ हुई। मुख्य संयोजक अनुरंजन श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए मंच को गरिमा प्रदान की। अपने प्रेरक उद्बोधन में डॉ. अरोड़ा ने आश्वस्त किया कि अस्पताल सदैव समाज के लिए सहायता, उपचार और करुणा से भरी सेवाएँ प्रदान करता रहेगा। उन्होंने यशोदा मेडिसिटी की अत्याधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों और विशेष सुविधाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि "रोगी के प्रति संवेदना ही हमारी असली पहचान है।" मुख्य अतिथि डॉ. संजीव सिन्हा ने चित्रांश समाज और यशोदा मेडिसिटी दोनों को इस पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता का प्रसार होता है और आपसी विश्वास मजबूत होता है।

संयोजक अनुरंजन श्रीवास्तव ने मेडिसिटी की टीम और डॉक्टरों के समर्पण की सराहना की। धन्यवाद प्रस्ताव कार्यक्रम संयोजक विवेक श्रीवास्तव विक्कू ने दिया। अस्पताल की ओर से वरिष्ठ चिकित्सकों डॉ. बीनू बाजपेई (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. अंकित भाटिया (श्वास रोग विशेषज्ञ), डॉ. रचित सक्सेना (हार्ट सर्जन), डॉ. धीरेन्द्र सिंघानिया (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. वैभव सक्सेना (मूत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. रश्मि शुक्ला (रेडिएशन ऑन्कोलॉजी) आदि ने अपने-अपने विषयों पर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी साझा की। उपस्थित जनसमूह ने प्रश्नखउत्तर सत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे कार्यक्रम और भी संवादात्मक और सारगर्भित बन गया।

कार्यक्रम के समापन पर डॉ. सुनील डागर ने कार्यक्रम संयोज. कों एवं मंच संचालक सुयश को पौधे भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, यशोदा मेडिसिटी द्वारा समस्त कायस्थ परिवार को विशेष डिस्काउंट कार्ड प्रदान करने की घोषणा ने उपस्थित लोगों में प्रसन्नता और आत्मीयता का संचार किया।

# दयावती मोदी पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह धूमधाम से हुआ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल, मोदीनगर का वार्षिक समारोह बड़े ही गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय के मुख्य प्रबंधक रायजादा सेठ उमेश कुमार मोदी और धर्मपत्नी कुमकुम मोदी उपस्थित रहे। पुत्र अभिषेक मोदी एवं नंदनी मोदी, जयेश मोदी एवं श्रीप्रिया मोदी भी उपस्थित थे।





अतिथियों का स्वागत बैंड की मधुर ध्वनियों के साथ विद्यालय के हेड बॉय अंशराज और हेड गर्ल श्रेया वशिष्ठ के द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर, किया गया। इस अवसर पर विद्यालय उपाध्यक्ष राजीव बोबल जी और प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार राणा के द्वारा विद्यालय की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करके किया गया। दिवंगत संस्थापिका अध्यक्षा, दयावती मोदी की 110वीं जयंती के अवसर पर छात्रों के द्वारा शिक्षा, कला और समाज कल्याण के प्रति 'मां जी' की उल्लेखनीय विरासत को समर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर सेठ उमेश कुमार मोदी एवं कुमकुम मोदी द्वारा छात्रों जलज पालीवाल एवं कमिका सोम को रायबहादुर अवार्ड और आर्यन गुप्ता एवं आराध्या तोमर को रायबहादुरनी अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

समारोह के अवसर पर मुख्य प्रबंधक रायजादा सेठ उमेश कुमार मोदी ने संस्थापिका अध्यक्षा दयावती मोदी की प्रेरणादायक जीवनगाथा को नमन करते हुए और उनके द्वारा प्रज्ज्वलित शिक्षा दीप के माध्यम से "सीखने और करुणा की भावना" को छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यालय में चलाई जा रही उच्च स्तरीय गतिविधियों को सराहते हुए, सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरणादायक संबोधन दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार राणा ने बताया कि यह वार्षिक समारोह न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव है, बल्कि यह दयावती मोदी की शिक्षाओं और मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर भी है।

संपूर्ण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधन, आर0 के0 तायल, डॉ जे0 सी0 चावला जूनियर विंग इंचार्ज रश्मि तेवतिया एवं प्राइम. री विंग इंचार्ज रिया भदवार उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डॉ गुरमीत गुप्ता ने विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और सहकर्मियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया।

### संबंध विच्छेद

मैं सुनीता पत्नी स्व. राम. निवास निवासी- शिव मंदिर नाईपुरा लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र मनोज व पुत्रवधु रेखा को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### संबंध विच्छेद

मैं बुद्धा सिंह पुत्र सोहन सिंह निवासी- प्लाट नं- 106, खसरा नं- 279, पूजा कॉलोनी लोनी देहात लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र गौरव कुमार को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। भविष्य में अपने कृत्यों का ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

# शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 3.38 लाख की धोखाधड़ी, 3 धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार निवेश के नाम पर लोगों को ठगने के आरोप में नॉर्थ वेस्ट जिला की साइबर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान सुजल सभरवाल,अमूल्य शर्मा और गर्वित शर्मा के रूप में हुई है। जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है। पुलिस आरोपियों के बैंक खातों व सोशल मीडिया अकाउंट खंगालने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी अमूल्य शर्मा और गर्वित शर्मा, जो खाताधारक थे और शेयर बाजार निवेश के नाम पर 3.38 लाख रुपये की धोखाधड़ी में शामिल थे। ठगी की गई राशि को खच्चर खातों से भुनाया गया था। आरोपी अमूल्य शर्मा 50 खच्चर खातों का संचालक और आपूर्तिकर्ता पाया गया, जो पूरे भारत में साइबर धोखाधड़ी के मामलों में धोखाधड़ी की राशि प्राप्त करने में शामिल पाए गए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भाई परमानंद कॉलोनी की रहने वाली एकता सचदेवा से साइबर धोखाधड़ी की एक ऑनलाइन शिकायत साइबर थाना पुलिस को मिली थी। उनके साथ 3.38 लाख रुपये की ठगी हुई थी। एसीपी राजीव कुमार की देखरेख में एसएचओ दिनेश दहिया के निर्देशन में पुलिस पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता के बैंक खातों की डिटेल ली। जिसमें पता चला कि रुपये निकालने के लिये एक खच्चर खाते का इस्तेमाल किया था। बाद में विभिन्न एटीएम के माध्यम से रुपये निकाल गए। जिसमें मोबाइल फोन के बारे में भी पता चला। आरोपी-अमूल्य शर्मा के बारे में पता चला।

वह पैन इंडिया साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों से जुड़े लगभग 50 खच्चर खातों का संचालक और हैंडलर था। तीनों आरोपियों को उनके ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों आरोपी लक्ष्मी नगर के रहने वाले हैं।

## भीड़भाड़ वाले धर्मस्थल पर विस्फोटक लदी गाड़ी छोड़ने का था प्लान

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के लाल किले पर हुए कार बम धमाका आत्मघाती हमला था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। कश्मीरी फिदायीन डॉ. उमर नबी के सहयोगी साजिशकर्ता आमिर राशिद अली ने बड़े राज खोले हैं। इसके अलावा, श्रीनगर पुलिस ने डॉ. अदील राथर और डॉ. मुजफ्फर गनई सहित अन्य आरोपियों से पूछताछ के आधार पर राजनीति विज्ञान में स्नातक दानिश को पकड़ा था। अधिकारियों ने सबूतों की कड़ियों को जोड़ते हुए बताया, डॉ. उमर ने दिल्ली या धार्मिक महत्व के किसी स्थान पर भीड़भाड़ वाली जगह पर विस्फोटकों से भरी गाड़ी छोड़कर गायब होने की साजिश रची थी। आत्मघाती हमलावर की तलाश की साजिश जैश-ए- मोहम्मद से जुड़े अंतरराज्यीय आतंकी नेटवर्क की जांच में एक नया खतरनाक आयाम जोड़ती है।

# मक्का- मदीना राजमार्ग पर हुई दुर्घटना हृदय विदारक : कौसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मक्का-मदीना राजमार्ग पर हुई हृदयविदारक बस दुर्घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है । दिल्ली हज कमिटी की अध्यक्ष कौसर जहाँ ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार पीड़ित परिवारों तक मदद पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

कौसर जहाँ ने काउंसलेट जनरल से बात कर घटना के संबंध में पूरी जानकारी हासिल की है। कौसर जहाँ ने कहा, यह अत्यंत दुखद घटना है और हमारा मन बहुत व्यथित है। गौरतलब है कि यह दुर्घटना मदीना से 40 किलोमीटर की दूरी पर हुई है ।

कौसर जहाँ ने कहा कि हम पीड़ित परिवारों से संपर्क का प्रयास कर रहे हैं। शवों की पहचान की जा रही है। केंद्र सरकार लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है तथा वहाँ स्थित भारतीय दूतावास और संबंधित अधिकारियों के सतत संपर्क में है। हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। कौसर जहाँ ने बताया कि उनकी स्वयं काउंसलेट जनरल से बातचीत हुई है। वे तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। भारतीय काउंसुलेट जनरल द्वारा 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके साथ ही रियाद और जेद्दा स्थित भारतीय मिशनों में भी कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। केंद्र सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं, ताकि पीड़ित परिवारों से शीघ्र संपर्क स्थापित कर उन्हें हर संभव सहायता पहुंचाई जा सके। दुर्घटना से संबंधित सभी तथ्यों और परिस्थितियों की जानकारी जुटाई जा रही है। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता पीड़ितों और उनके परिवारों तक यथाशीघ्र मदद पहुँचाना है। कौसर ने कहा, इस कठिन समय में पूरा देश शोकाकुल परिवारों के साथ खड़ा है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह पीड़ित परिवारों को इस असहनीय वेदना को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध को लेकर चलाया जनजागरुकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तिमारपुर विधानसभा में' स्वच्छता ही सेवा' का मजबूत संदेश देते हुए बड़े स्तर पर स्वच्छता व जनजागरूकता अभियान मंत्री कपिल मिश्रा के नेतृत्व में चलाया गया। इसके तहत कचरे के स्रोत-विभाजन, सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध और स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से एक रैली आयोजित की गई जिसमें स्थानीय नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान के दौरान तिमारपुर क्षेत्र से विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, मेयर राजा इकबाल सिंह, दिल्ली जल बोर्ड, मुखर्जी नगर के सम्भ्रांत नागरिकों की मौजूदगी रही।

अभियान के दौरान कचरे को अलग-अलग करने की विधि, प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे और स्वच्छ दिल्ली के लक्ष्य पर व्यापक जन-जागरण किया गया।इस अवसर पर विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि 'स्वच्छ दिल्ली संकल्प' केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जनभागीदारी का आंदोलन है। जब नागरिक स्वयं आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाते हैं तब ही शहर वास्तव में स्वच्छ बनता है। तिमारपुर ने आज साबित किया है कि एकजुट होकर हम दिल्ली को देश का सबसे साफ शहर बना सकते हैं।अभियान के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध और उसके स्थान पर अन्य विकल्पों को अपनाने को लेकर मंत्री कपिल मिश्रा का जोर रहा।

# पत्नी की हत्या करके कंधे पर शव रखकर नाले में फेंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महेन्द्रा पार्क इलाके में किसी और के साथ संबंध होने के शक में महिला की उसी के पति ने हत्या कर दी। आरोपी पति ने शव को छुपाने के लिये खुले नाले में फैंक दिया। आरोपी की पहचान विष्णु शर्मा के रूप में हुई। वह पहले आबकारी अधिनियम और घर में चोरी के तीन मामलों में शामिल रहा है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते शुक्रवार की शाम साढ़े चार बजे महेंद्र पार्क पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। ए-1, एसएमए औद्योगिक क्षेत्र, जहांगीरपुरी के रहने वाले कॉलर यशपाल ने बताया कि नाले में एक महिला का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची। महिला का शव ड्रेनेज लाइन के पास पड़ा मिला। उसी वक्त विष्णु शर्मा नामक एक व्यक्ति मौके पर पहुँचा ,जिसने शव की पहचान अपनी पत्नी श्वेता शर्मा के रूप में की। उसने बताया कि उसे लंबे समय से पत्नी पर किसी से अवैध संबंध होने का शक था, जिसके कारण अक्सर उनके बीच झगड़े हुए। वीरवार की रात नौ बजे दोनों में इसी बात को लेकर बहसबाजी हुई थी, जिसके दौरान उसने नियंत्रण खो दिया और उसे मारने का फैसला किया। हत्या करने के बाद उसने शव को खुले नाले में फेंक दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने विष्णु को गिरफ्तार कर लिया और वारदात वाली जगह से क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम ने सबूत इक्ठ्ठा किये।



**श्रम मंत्री कपिल मिश्रा स्वास्थ्य, सुरक्षा और मुआवजा सुधारों पर बैठककर अधिकारियों को निर्देश देते हुए।**

# श्रम मंत्री ने स्वास्थ्य, सुरक्षा व मुआवजा सुधारों पर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सचिवालय में श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य राजधानी के निर्माण श्रमिकों और मजदूरों के जीवन, सुरक्षा और अधिकारों को मजबूत करने वाले सुधारों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करना रहा।

बैठक के दौरान मंत्री ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया जिनमें विभिन्न क्षेत्रों में स्किल डिवेलपमेंट कार्यक्रमों के विस्तार, निर्माण स्थलों पर आधुनिक सुरक्षा मानकों पर आधारित प्रशिक्षण, रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए प्रमाणित कोर्सेज की शुरुआत और ऑन-साइट ट्रेनिंग को अनिवार्य बनाने जैसे सुझाव शामिल थे। इसके साथ ही मृत्यु मुआवजा राशि में वृद्धि को लेकर नीतिगत स्तर पर ठोस प्रस्ताव तैयार करने और इसे जल्द अंतिम रूप देने पर जोर दिया गया ताकि किसी आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में श्रमिक परिवारों को बेहतर आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

मीटिंग के दौरान कपिल मिश्रा ने श्रमिकों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिया कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था को जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए और निर्माण स्थलों पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इस दौरान कहा कि स्वास्थ्य परीक्षण किसी भी श्रमिक का अधिकार है। दिल्ली सरकार इस बात को सुनिश्चित करेगी कि निर्माण स्थलों पर काम करने वाले हर श्रमिक को समय रहते आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षा मिले। यह हमारे लिए किसी विकल्प का नहीं बल्कि एक अनिवार्य जिम्मेदारी का विषय है। समीक्षा बैठक में श्रमिक विभाग में लंबित रिक्तियों की शीघ्र पूर्ति, अधिकारियों की जिम्मेदारियों के पुनर्गठन और विभागीय कार्यप्रणाली में गति लाने जैसे सुधारों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही लेबर कोर्ट में लंबित मामलों के समयबद्ध समाधान का मुद्दा भी प्रमुख रहा।

## हैंडलूम एक्सपो में जनता को पसंद आ रही पश्मीना शॉल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी के जनपथ मार्केट में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर हैंडलूम एक्सपो का आयोजन वस्त्र मंत्रालय की तरफ से किया गया। एक्सपो के जरिए बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी गई। इसमें दूर-दूराज से भारी संख्या में आये लोगों ने हिस्सा लिया। इस प्रदर्शनी में हाथों से बुने हुए हथकरघा उत्पाद साड़ियां, दुपट्टे, शॉल और घरेलू सजावट का सामान प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में देशभर की प्रसिद्ध साड़ियां और शॉलों के स्टॉलों ने लोगों को आकर्षित किया। एक्सपो में मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, और जम्मू-कश्मीर समेत कई राज्यों की साड़ियां और शॉल आम जनता को खूब पसंद आ रही है।

# सऊदी अरब में भारतीयों की मौत पर जताया दुख

**■ हादसे में कम से कम 42 लोगों की मौत की खबर है, जिनमें हैदराबाद के कई यात्रियों के होने की आशंका**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में एक भीषण सड़क दुर्घटना में 40 से ज्यादा भारतीयों की मौत की आशंका है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने घटना पर शोक जताया है।

सऊदी अरब में हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हादसे में 40 से ज्यादा भारतीयों की मौत की आशंका है। यह हादसा उस समय हुआ, जब उमराह के लिए गए लोगों को लेकर जा रही बस एक तेल के टैंकर से टकरा गई। सऊदी अरब के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, हादसा मदीना के नजदीक हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब हादसे पर दुख जताया। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि 'मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुए हादसे से बेहद दुखी हूं।

पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं हादसे में घायल लोगों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। रियाद स्थित हमारा दूतावास और जेद्दाह का महावाणिज्य दूतावास हरसंभव मदद मुहैया करा रहे हैं। हमारे अधिकारी भी सऊदी अरब सरकार के अधिकारियों के संपर्क में हैं।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यंमत्री अरविंद केजरीवाल ने भी एक्स पर पोस्ट साझा किया है। जिसमें उन्होंने लिखा कि सऊदी अरब में हुआ यह दर्दनाक हादसा दिल दहला देने वाला है। इस हादसे में जिन भारतीयों ने अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

साथ ही उन्होंने आगे लिखा कि भारत सरकार को तुरंत सऊदी सरकार से बातचीत कर सभी मृतकों और घायलों की पूरी जानकारी और हर संभव मदद उनके परिवारों तक पहुंचानी चाहिए। ऐसे समय में सरकार का हर कदम तेज, संवेदनशील और जिम्मेदार होना जरूरी है। सऊदी अरब में हुआ यह दर्दनाक हादसा दिल दहला देने वाला है। इस हादसे में जिन 42 भारतीयों ने अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। गल्फ न्यूज की रिपोर्ट्स के अनुसार, उमराह गए लोगों को लेकर बस मक्का से मदीना जा रही थी, जब वह रास्ते में डीजल टैंकर से टकरा गई। हादसा स्थानीय समय अनुसार, सुबह करीब 1.30 बजे मुहरास या मुफरिआत इलाके में हुआ, जो मदीना से करीब 160 किलोमीटर दूर है। हादसे के समय कई यात्री सो रहे थे। टक्कर लगते ही बस आग की लपटों में घिर गई और लोगों को बचने का भी समय नहीं मिला।

हादसा इतना भयानक था कि मृतकों की पहचान करना भी मुश्किल है। हादसे में कम से कम 42 लोगों की मौत की खबर है, जिनमें हैदराबाद के कई यात्रियों के होने की आशंका है। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

# साइकिल चोर पकड़े, 16 बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की द्वारका दक्षिण थाना टीम ने एक बड़े सफल अभियान में कुख्यात साइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 16 चोरी की साइकिल बरामद की गईं, जिससे क्षेत्र में हुई चोरी की छह घटनाओं का खुलासा हुआ। मामले की शुरुआत द्वारका दक्षिण क्षेत्र में साइकिल चोरी की बढ़ती शिकायतों से हुई, जहां कई लोगों ने साइकिल चोरी की शिकायत की।

एसीपी द्वारका किशोर कुमार रेवाला के पर्यवेक्षण में इंस्पेक्टर राजेश कुमार साह (एसएचओ, द्वारका दक्षिण) ने एक विशेष टीम गठित की। टीम में हेड कांस्टेबल सुधीर कुमार (987/डीडब्ल्यू), मनोज कुमार (828/डीडब्ल्यू), गजे सिंह (1030/डीडब्ल्यू), सुरेंद्र (764/ डीडब्ल्यू) और कांस्टेबल तुषार यादव (1803/डीडब्ल्यू) शामिल थे। टीम ने आसपास के इलाकों में लगे 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया गया और तकनीकी व मैनुअल खुफिया जानकारी एकत्र की गई।

28 अक्टूबर 2025 को शाम करीब 7 बजे हेड कांस्टेबल मनोज कुमार को गुप्त सूचना मिली कि चोर कुछ ही मिनटों में डीडीए पार्क या भैंस वाला पार्क के पास आएगा। टीम ने तुरंत भैंस वाला पार्क के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद गणपति चौक की ओर से एक व्यक्ति साइकिल चलाते हुए आता दिखा। वह संदिग्ध लगा। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपी साइकिल छोड़कर सेक्टर 7 के डीडीए पार्क की ओर भागने लगा।

## तीन करोड़ रुपये की इलाईची बरामद

**नई दिल्ली।** तमिलनाडू से तीन करोड़ रुपये की इलाईची की खेप को ट्रांस्पोर्ट ने कर्नाटक में बेच दिया। अलीपुर पुलिस ने वारदात में शामिल तीन आरोपियों रमन,रत्न और बालाजी को गिरफ्तार करके3 करोड़ मूल्य की इलायची बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते आठ नवम्बर को तमिलनाडु के थेनी जिले के रहने वाले आर. सिराजुद्दीन ने अलीपुर पुलिस को तीन लाख रुपये की इलाईची की चोरी और उसको गैरकानूनी तरीके से बचने की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि इलाईची को दीपक ट्रांसपोर्ट के मालिक बालाजी और उनके सहयोगियों को सौंपा गया था। आरोपियों ने बेईमानी से माल को अवैध रूप से बेंगलुरु, कर्नाटक में बेच दिया।




**दिल्ली पुलिस आयुक्त आईआईटीएफ में दिल्ली पुलिस मंडप का उद्घाटन करते हुए।**

# पुलिस आयुक्त ने किया दिल्ली पुलिस मंडप का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने भारत मंडपम में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में दिल्ली पुलिस मंडप का उद्घाटन किया।इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त पी एंड एफडी राजेश खुराना,विशेष पुलिस आयुक्त यातायात नीरज ठाकुर,विशेष पुलिस आयुक्त ईओडब्ल्यू गरिमा भटनागर,विशेष पुलिस आयुक्त कल्याण अतुल कटियार, आईटीपीओ प्रबंध निदेशक नीरज खारवाल, आईटीपीओ कार्यकारी निदेशक प्रेमजीत लाल सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने इस पहल की सराहना की और नए आपराधिक कानूनों, साइबर अपराधों, नशीली दवाओं के खतरे के बारे में जागरूकता के महत्व पर जोर दिया और पूरी दिल्ली में ऐसी नागरिक केंद्रित पहलों को जारी रखने का आग्रह किया।दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त अपराध देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि दिल्ली पुलिस मंडप में, चार स्टॉल प्रदर्शित किए गए हैं जो नए आपराधिक कानून के प्रमुख प्रावधानों पर जागरूकता, दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करना। साइबर अपराध जागरूकता- रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं और निवारक उपायों का प्रदर्शन और पुलिस परिवार कल्याण समिति के उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन और बिक्री के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे।

# क्षितिज इंटरसिटी दिवस की शुरुआत हंसी से भरपूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्षितिज 25 मिथिबाई कॉलेज का प्रमुख अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक उत्सव, ने अपने इंटरसिटी कार्यक्रम की दिवस एक की शुरुआत अहमदाबाद में ऊजा आर उत्साह से भरपूर स्टेंड- अप नाइट के साथ की।

यह विशेष आयोजन चौदह नवम्बर को धीरूभाई अंबानी विश्व. विद्यालय में सम्पन्न हआ जिसमें विख्यात स्टैंडनअप कलाकार कास्तुभ अग्रवाल ने प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम ने इंटरसिटी यात्रा की एक उत्कृष्ट आर उत्साहजनक शरुआत पेश की। इस आयोजन ने इंटरसिटी की शरुआत को हास्य. जोश और यवा उमंग से भर दिया। कौस्तभ ने अपनी तीक्ष्ण



टिप्पाणियों सहज हास्य, चुस्त अवलाकनों ओर दृशकों के साथ जीवंत संवाद के माध्यम से ऐसा मनमोहक प्रदर्शन दिया कि पूरा सभागार हँसी से गँज उठा। उनकी कहानी कहने की शैली और हास्य समय न्धिारण ने एक एसा वातावरण बनाया जिसने इंटरसटी दिवस एक की वास्ताविक भावना का पूरी तरह स दशाया एक एसा माहौल जहाँ कला, हँसी और अनुभव छात्रों को शहरों के पार जोड़ते हैं। कौस्तुभ अग्रवाल, जो अपनी विशिष्ट कॉमिक शैली और प्रभावी मंच उपस्थिति के लिए जाने जाते हैं छात्रों केसाथ तुरंत जुड़ गए। कॉलज जीवन मित्रता पारिवारिक ओर सामाजिक अनुभवों पर उनके राचक और चुटीले दृष्टिकोण ने दशकों के बाच गहरी छाप छोडी, जिससे यह शाम अत्यंत मनोरंजक और यादगार बन गई।

मिथिबाई कॉलेज की प्राचा्या प्रोफेसर कतिका देसाई ने कहा खितिज सदैव रचनात्मकता और संवाद का प्रतीक रहा है। अहमदाबाद में कौस्तभ अग्रवाल के साथ इंटरसिटी की शरुआत हमारी उस भावना को द्शाती है जिसमें हम खितिज की पहँच को देशभर के महाविद्यालयों तक ले जाना चाहते हैं और कला के माध्यम से सांस्कृातिक सतु बनाना चाहत हें।

मिथिबाई खितिज की अध्यक्षा भूमि शाह ने साझा किया, इतने उत्साहपूर्ण और ऊर्जावान कार्यक्रम से इंटरसिटी की शरुआत होना हमारे लिए अत्यंत महत्व रखता है।

# पटियाला हाउस कोर्ट ने उमर के साथी को 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हुए एक बड़े आतंकी धमाके के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी उमर के साथी आमिर को पटियाला हाउस कोर्ट ने 10 दिनों की राष्ट्रीय जांच एजेंसी की कस्टडी में भेज दिया है। यह फैसला एनआईए द्वारा अदालत में पेश की गई दलीलों और मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

कड़ी सुरक्षा के बीच आमिर को कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई बंद कमरे में की गई। साथ ही सुनवाई के दौरान मीडिया को भी जाने की अनुमति नहीं दी गई। आरोपी को जिला जज अंजू बजाज चांदना की अदालत में पेश किया गया था। दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए कार बम धमाके की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने उस कश्मीरी निवासी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने आत्मघाती हमलावर के साथ मिलकर इस आतंकी वारदात को अंजाम देने की साजिश रची थी। इस हमले में 13 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी, जबकि करीब 32 अन्य घायल हुए थे।

एनआईए के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अमीर रशीद अली उस कार का पंजीकृत मालिक है, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमलावर द्वारा धमाके में किया गया था। प्रारंभिक जांच से सामने आया है कि आरोपी ने हमलावर के साथ मिलकर पूरी योजना तैयार की थी। एजेंसी ने दिल्ली पुलिस से केस अपने हाथ में लेने के बाद आरोपी की तलाश के लिए व्यापक अभियान शुरू किया था।

# स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन वार्षिक पुरस्कार समारोह में चमकीं मीराबाई

**संदीप शर्मा**

**नई दिल्ली।**दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशनने रविवार, 16 नवंबर को दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघमें अपने वार्षिक पुरस्कार समारोह का सफल आयोजन किया। इस समारोह में क्क्ब। अध्यक्ष श्री रोहन जेटली, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष और आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव जनरल श्री वीरेन्द्र सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

समारोह में क्क्ब।, प्रो कबड्डी लीग, वर्ड्सवर्क कम्युनिकेशंस और प्रोकेम इंटरनेशनल जैसे प्रमुख सहयोगी संगठन शामिल रहे। दिल्ली के विभिन्न खेल पत्रकारों को एक मंच पर लाते हुए इस आयोजन में खेल जगत की हस्तियों और अनुभवी पत्रकारों के योगदान का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ




पत्रकार प्रदीप मैगजीन, श्री विपिन बहुगुणा और के.पी. मोहन को खेल पत्रकारिता में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया।टोक्यो ओलंपिक 2020 की सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई चानू को 'स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर' का सम्मान दिया गया, जबकि उनके कोच श्री विजय शर्मा को 'कोच ऑफ द ईयर' के पुरस्कार से नवाजा गया। प्रो कबड्डी लीग के लीग चेयरमैन और मशाल स्पोर्ट्स के हेड श्री अनुपम गोस्वामी को 'एडमिनिस्ट्रेटर ऑफ द ईयर' का सम्मान मिला।मुख्य अतिथि रोहन जेटली ने अपने संबोधन में कहा, "यह मेरा दूसरा अवसर है जब मैं वैश्र। के वार्षिक पुरस्कार समारोह का हिस्सा बना हूँ। खेल पत्रकार खेल और खिलाड़ियों की पहचान बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। क्क्ब। इस आयोजन का हिस्सा बनकर गौरवान्वित है और भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग करता रहेगा।"

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, "मैं स्वयं एक पत्रकार रहा हूँ, और इस परिवार का हिस्सा होने पर गर्व है। खेल पत्रकारों का महत्वपूर्ण योगदान अनदेखा नहीं किया जा सकता। आप ही वे कहानीकार हैं जो खिलाड़ियों की उपलब्धियों को लोगों तक पहुँचाते हैं और उन्हें प्रेरित करते हैं।"

DSJA अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने कहा, "इस वार्षिक समारोह के माध्यम से हम उन पत्रकारों का सम्मान करते हैं जो मैदान पर खेल की हर बारीकी को समझकर देश तक पहुँचाते हैं।

# दुबई से जुड़े विदेशी मुद्रा घोटाले का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने दुबई से संचालित विदेशी मुद्रा व्यापार घोटाले में शामिल एक अंतरराज्यीय सिंडिकेट के साथ संबंधों के आरोप में एक निजी बैंक के बिक्री प्रबंधक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान फर्जी खाते मुहैया कराने वाले अनुराग कुमार, एक निजी बैंक के बिक्री प्रबंधक जीशान सैयद और धोखाधड़ी तथा जालसाजी में पूर्व में शामिल रहे प्रमुख संचालक हिमांशु गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वे कथित तौर पर एक ऐसे नेटवर्क का हिस्सा थे, जिसने मुखौटा कंपनियां बनाईं और निवेश धोखाधड़ी से प्राप्त धन को सफेद करने के लिए कई फर्जी खाते खोले। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गिरोह सोशल मीडिया समूहों के माध्यम से लोगों को लुभाता था तथा फर्जी विदेशी मुद्रा व्यापार लाभ दिखाने के लिए डैशबोर्ड में हेराफेरी करता था।

इसके बाद लोगों को बार-बार पैसा जमा करने के लिए प्रेरित किया जाता था, जिसे बाद में ''रीबूटज सिंक प्रोफेशनल्स प्राइवेट लिमिटेड'' और ''थिंकसिंक प्रोफेशनल्स प्राइवेट लिमिटेड'' जैसी संस्थाओं के तहत बनाए गए खातों के एक नेटवर्क के माध्यम से भेजा जाता था। पुलिस ने कहा कि इन कंपनियों की पूरी बैंकिंग किट जिसमें एटीएम कार्ड, चेक बुक, खातों से जुड़े सिम कार्ड और नेट-बैंकिंग विवरण शामिल हैं।

# विधायक व डीएम ने कराया 50 जोड़ों का विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद शामली में कृष्णा गार्डन,माजरा रोड, शामली में कुल 50 जोड़ों का विवाह सकुशल सम्पन्न कराया गया, जिसमें विकासखंड शामली के 39, नगर पंचायत बनत का 1, ऐलम के 2, नगर पालिका कांधला के 4, नगर पालिका शामली के 4 जोड़ों का विवाह कराया गया है। इस अवसर पर प्रसन्न कुमार, विधायक, सदर, जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान, ब्लॉक प्रमुख पति जयदेव मलिक, भाजपा नगर महासचिव पुनीत द्विवेदी, अमित विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष, पश्चिमी उप्र ओबीसी मोर्चा, विनय कुमार तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी शामली, मती रीतू रस्तोगी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, नाथूराम, खण्ड विकास अधिकारी, शामली आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। सर्वप्रथम जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए बुके, शॉल



आदि भेंट किए गए। प्रसन्न चौधरी, सदर विधायक द्वारा उपस्थित वर-वधू को आर्शीवाद देते हुए बताया गया कि चालू वर्ष में इस योजना में वर्तमान में सरकार द्वारा धनराशि की वृद्धि करते हुए रुपये 01.00 लाख प्रति जोडे हेतु निर्धारित किए गए है, जिनमें से रुपये 60,000/- की धनराशि कन्या के बैंक खाते में समाज कल्याण विभाग द्वारा भेजी जाएगी, रुपये 25,000/- की धनराशि में शासन द्वारा निर्धारित वैवाहिक सामग्री, चांदी की पायल, बिछिया आदि वर-वधू को दिए जाएंगे एवं रुपये 15000/- की सीमा के अन्दर मैरिज हॉल, टेण्ट, भोजन, सस्कार, शादी/निकाह आदि की समूचित हेतु व्यय किए जाने का प्राविधान है। विधायक द्वारा नवदम्पत्ति जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उनके द्वारा

## विवाहित जोड़ों को धनराशि देने का भी प्रावधान

बताया गया कि वर्तमान सरकार द्वारा कोई भेद-भाव न करते हुए सभी वर्गो अथवा धर्म के पात्र व्यक्तियों को ही लाभार्थीपरक योजना में लाभ दिलाए जाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा कहा गया कि सरकार की मंशानुसार प्रशासन द्वारा समाज के सबसे निर्धन एवं जरूरतमंद पात्र व्यक्ति को ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इस वर्ष से प्रश्नगत योजना में बायोमैट्रिकध्फेसियल उपस्थिति के उपरान्त ही जोडो का विवाह निकाह सम्पन्न कराया जा रहा है।

तदोपरान्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा वर-वधू को लड्डू एवं ड्राईफूट्स की टोकरियां वितरित की गई। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए रुपये 3.00 लाख की वार्षिक सीमा तक के पात्र व्यक्तियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।मुख्य विकास अधिकारी शामली द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन कराते हुए कहा गया कि बिटियां की शादी करना सौभाग्य का कार्य है। आज के समारोह में 36 हिन्दू एवं 14 मुस्लिम जोडों का विवाह सम्पन्न कराया गया। इसी श्रंखला में कल दिनांक 18.11.2025 को विकासखण्ड ऊन जोडो का विवाह आर0के0 फार्म, पिण्डौरा रोड, ऊन में प्रस्तावित है। अन्त में वर-वधू को देय निर्धारित सामग्री का वितरण करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा सभी का धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



## यातायात सप्ताह के दौरान जागरूकता अभियान, 58 चालान किए गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** यातायात सप्ताह के तहत थाना भवन पुलिस द्वारा कस्बे में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा और टेंपो चालकों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को मोड़ने से पहले संकेत देने, हेलमेट पहनने, ओवरलोडिंग न करने तथा बिना कागजात वाहन ना चलाने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। इस दौरान मोटरसाइकिल चालकों का पूरा विवरण नाम, पिता का नाम, पता व मोबाइल नंबरकृनोट किया गया और उन्हें नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई। इसी क्रम में थाना भवन के चरथावल मोड़ पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस ने मौके पर मोटरसाइकिल व कार के कुल 58 चालान किए। यह कार्रवाई ऑनलाइन प्रणाली के तहत की गई। टीम में इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार यादव, कस्बा इंचार्ज इंद्रसेन, लोकेश कुमार, प्रमोद कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल रहे।पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।



## पॉलीथीन विरोधी अभियान और कचरा प्रबंधन को लेकर नगर पंचायत सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सोमवार को नगर पंचायत थानाभवन द्वारा अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा एवं अध्यक्ष मुशयदा के निर्देशन में पॉलिथिन प्रतिबंध एवं कचरा प्रबंधन नियमों के तहत एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छता टीम ने बाजार क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर निरीक्षण किया। अभियान के दौरान टीम ने प्रतिबंधित पॉलिथिन का उपयोग करने वालों पर सख्ती दिखाते हुए कुल ₹2000 का जुर्माना वसूला। इसके साथ ही खुले में कचरा डालने वालों के खिलाफ भी तत्परता से कार्रवाई की गई और मौके पर ही कई लोगों से रु. 200 का जुर्माना वसूला गया।अधिकारियों ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। नगर पंचायत ने नागरिकों से अपील की है कि वे पॉलिथिन का प्रयोग बंद करें और कचरा केवल निर्धारित स्थान पर ही डालें, ताकि नगर को प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ रखा जा सके।इस अभियान में नगर पंचायत कर्मियों वसिक अहमद, मनीष शर्मा, शुभम, कांत, कमल शर्मा आदि की प्रमुख भूमिका रही।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में संघर्ष, सड़क पर हुए बवाल में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पीएनबी बैंक के निकट दो पक्षों में आपसी रंजिश के चलते जमकर बवाल किया।बवाल के चलते सड़क पर जाम के हालत पैदा हो गए।आरोप है कि शिकायत के बाद भी आरोपियों को नहीं पकड़ा जा सका।मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जानकर वायरल हो रहा है।

चौसाना चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर दो पक्षों में जमकर संघर्ष हुआ। बताया गया है कि दोनों पक्षों का आपसी पारिवारिक विवाद था,जिसमे टिप्पणी को लेकर विवाद हो गया।आरोप है कि आशु पक्ष अपनी दुकान पर बैठा था उसी दौरान वसीम पक्ष के आधा दर्जन लोग ईट पत्थर लेकर आए और ताबड़तोड़ हमला कर दिया।जिसमे आशु पक्ष के नवाब ,आशु व एक अन्य को गंभीर चोट आई है।जिसको पुलिस ने



उपचार के लिए सीएचसी पर भेजा है। वही आशु पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### एक घंटे ने खुला जाम, रेंगते रहे वाहन

संघर्ष के दौरान सड़क पर लम्बा जाम लग गया। जिसके कारण लोगों को सड़क पर है इंतजार करना पड़ा।करीब एक घंटे के बाद मार्ग से वाहन छठे तो रास्ता खुला। वाहनों को रेंगते हुए बाजार क्रॉस करनी पड़ी।

# सड़क हादसे में महिला सहित दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसे के दौरान एक महिला व एक युवक की मौत हो गई शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।नगर के मोहल्ला शेखजादगान निवासी बिट्टू विगत गुरुवार को अपनी पत्नी अंजलि के साथ किसी कार्य से शामली गया हुआ था और अपना कार्य समाप्त कर वापस आ रहा था। बाइक सवार दंपति जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव जसाला के समीप पहुंचे तो अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए थे। आसपास के लोगों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। सोमवार को उपचार के दौरान घायल महिला की मौत हो गई महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में दाह संस्कार कर दिया है। दूसरी और गांव मलकपुर निवासी इनाम का 18 वर्षीय पुत्र सोहिल सहारनपुर के कस्बा सरसावा में हाईवे पर डिवाइडर निर्माण कार्य करने के लिए गया हुआ था बस की चपेट में आकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## तेज रफ्तार जीप की टक्कर से महंत सतबीर दास की मौत, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**झिंझाना।** कस्बा ऊन के पास हुए सड़क हादसे में गुरु रविदास आश्रम गुरु गद्दी ऊन के महंत सतबीर दास की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार देर शाम करीब 3:30 बजे उस समय हुआ जब महंत सत्यवीर दास झिंझाना से ऊन स्थित आश्रम की ओर जा रहे थे। आचार्य कांवरपाल द्वारा दी तहरीर में बताया कि महात्मा सतबीर दास पुत्र स्व। छुहारा सिंह निवासी गुरु रविदास आश्रम गुरु गद्दी ऊन, ठाकुरद्वारा कस्बा ऊन में प्रबंधक के रूप में सेवारत थे। वह ऊन रोड होली हेवन स्कूल के पास सड़क किनारे अपनी साइड में खड़े थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार और अनियंत्रित जीप ने लापरवाही से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महंत सतबीर दास गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय मौके पर मौजूद बिरमपाल ने जीप चालक और उसमें सवार लोगों की पहचान कर ली। हादसे के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल महंत को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊन ले जाया गया, जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महंत को समाधि देने के बाद उनके परिजनों व आश्रम प्रबंधन की ओर से थाने में तहरीर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जीप चालक और अन्य आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस अलर्ट मोड पर, डॉग स्क्वायड के साथ सघन चेकिंग अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** दिल्ली में लाल किले के निकट हुए भीषण कार विस्फोट की घटना के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। ब्लास्ट में कई लोगों की मौत तथा कई घायल होने के बाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी के तहत सोमवार को कस्बे में पुलिस ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों, दिल्ली बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर डॉग स्क्वायड टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया।उप निरीक्षक सुभाष सिंह एवं नरेंद्र वर्मा ने पुलिस बल तथा डॉग स्क्वायड टीम के साथ संयुक्त रूप से संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की। जगह-जगह पुलिस को चेकिंग करते और डॉग स्क्वायड टीम को देखकर लोगों में हड़कंप का माहौल बना रहा। पुलिस टीम ने संदिग्ध लोगों की तलाशी के साथ कई स्थानों पर वाहन चेकिंग भी की।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि एसपी के आदेश पर डॉग स्क्वायड टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा तथा सख्त चेतावनी जारी की गई है।

## एक नजर

### अवैध कटान पकड़ा, दो पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ग्राम हथछोया में ईदगाह के पास अवैध रूप से पेड़ों की कटाई का मामला गश्त के दौरान सामने आया। पुलिस को दी तहरीर में वनरक्षक संदीप राणा ने बताया कि वह अपने हमराह कर्मियों के साथ सुबह क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी कुछ लोग आम के पेड़ काटते हुए दिखाई दिए। टीम को आता देख सभी मौके से फरार हो गए। जांच में आठ नवीन कटे आम कलमी वृक्ष मिले। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि यह बाग ग्राम हथछोया के दो व्यक्तियों इरफान और जाबिर का है, जिनके यहां पूर्व में भी वन विभाग द्वारा आम के पेड़ काटने पर 14 नवंबर 2025 को जुर्माना लगाया जा चुका है। इसके बावजूद 16 नवंबर 2025 को दोबारा पेड़ों की कटाई करा दी गई। मौके से बरामद ट्रैक्टर ट्राली टाटा आम लकड़ी को प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय शामली में जमा कर सीज की कार्रवाई की गई है। वन विभाग की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### वीवी पीजी में आंतरिक परीक्षा संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत शहर के वीवी पीजी कालेज में महाविद्यालय की आंतरिक परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमे बीए व एमए के प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के सतत एवं समग्र मूल्यांकन के तहत यह आंतरिक परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा के दौरान अलग-अलग विषयों के प्रश्नपत्र विद्यार्थियों को निर्धारित समय पर उपलब्ध कराए गए। महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों में बनाए गए केंद्रों पर छात्र-छात्राओं ने शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा दी। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार ने बताया कि आंतरिक परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की नियमित अध्ययन क्षमता, विषय-समझ और शैक्षणिक प्रगति का आकलन करना है। परीक्षा संचालक प्रोफेसर भूपेन्द्र कुमार व प्रोफेसर प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार अब आंतरिक मूल्यांकन का महत्व और बढ़ गया है, जिससे विद्यार्थियों को पूरे सत्र में निरंतर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया जाता है। शिक्षकों की निगरानी में परीक्षाएं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुईं। परीक्षा को लेकर कडे प्रबंध किए गए थे।

### अवैध शराब भट्टी पकड़ी 45 लीटर कच्ची शराब बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शराब माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से चलाई जा रही शराब की भट्टी पर छापेमारी करते हुए 45 लीटर अवैध कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण तथा 100 लीटर लहन बरामद कर नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी दीपक निवासी ग्राम अहमदगढ़ अवैध रूप से कच्ची शराब का निर्माण कर उसकी तस्करी में लिप्त था। पुलिस को 45 लीटर अवैध कच्ची शराब, 01 ड्रम, 01 पतीला, 01 कनस्तर मय स्टील प्लेट, 01 गैस चूल्हा, रेगुलेटर व पाइप, तथा एक घरेलू एचपी गैस सिलेंडर सहित कई उपकरण बरामद किए। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### माता वैष्णो देवी के लिए रेलगाड़ी संचालित करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अग्रवाल मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने उत्तर रेलवे के डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर शामली-बड़ौत-बागपत होते हुए लखनऊ तथा माता वैष्णो देवी के लिए रेलगाड़ी संचालित किए जाने की मांग की है। सोमवार को मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने अमृत भारत रेलवे स्टेशन, शामली के दौरे पर आए डीआरएम का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि डीआरएम द्वारा भीड़ प्रबंधन के लिए चलाई गई दो नई रेल सेवाएं लोनी, बागपत, बड़ौत व शामली क्षेत्र के लोगों के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाने वाली हैं। उन्होने मांग की कि शामली-बड़ौत-बागपत मार्ग से लखनऊ व माता वैष्णो देवी के लिए नई लंबी दूरी की ट्रेनें अवश्य संचालित की जाए। इससे क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार और व्यावसायिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। पदाधिकारियों ने कहा कि लंबी दूरी की रेल सेवाएं शुरू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोग दीर्घकाल तक रेलवे प्रशासन के आभारी रहेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में सचिव अनुज बंसल, आकाश गोयल, संजय गोयल उर्फ बॉबी, शशिकांत, रामकुमार गोयल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## लखपति महिला कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तगर्त लखपति महिला कार्यक्रम अन्तगर्त जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार शामली में किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कहा गया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अन्य विभागों से कन्वर्जेंस कराकर लाभ दिलाया जाए। सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के आथिर्क उत्थान में स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की आर्थिक आवश्यकता अत्यंत छोटी-छोटी होती है। कन्वर्जेंस के माध्यम से स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं की आय को बढाया जा सकता हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ-साथ विभाग अपने यहां से किस प्रकार से समूह की महिला कैडर को लाभ दे सकते हैं। बैठक में प्रेम चन्द उपायुक्त स्वत: रोजगार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कन्वर्जेंस के माध्यम से अधिक सहायता उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में बताया गया। प्रेम चन्द उपायुक्त (स्वत: रोजगार) द्वारा बैठक में सम्मिलित विभागों को निर्देशित किया गया।

# पालिका अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोप, वायरल वीडियो बना चर्चा का विषय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति द्वारा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सोमवार को कस्बा निवासी तनवीर अंसारी ने अपना वीडियो जारी कर बताया कि पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने कस्बे को,पेरिस' बनाने का वादा किया था, लेकिन अपने कार्यकाल में सड़कों की दुर्दशा तक सुधरवाना मुमकिन नहीं कर पाए।

वायरल वीडियो में आरोप लगाया गया है कि पालिका अध्यक्ष अपने परिचित ठेकेदारों को ही सड़क निर्माण के ठेके देते हैं और उनसे मोटी रकम की वसूली करते हैं। कई बार सड़क निर्माण कार्य निरस्त कर धनराशि निकालने का भी आरोप लगाया गया है। आरोप यह भी है कि कुछ लोग पालिका में कागजों पर नौकरी करते हैं, जबकि वास्तविक रूप से कार्य नहीं करते और हर माह वेतन प्राप्त करते हैं। तनवीर अंसारी ने दावा किया कि पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम कथित रूप से कमीशन पर कार्य कर रहे हैं तथा सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा है।पीड़ित के अनुसार, उसने कई बार शिकायत की है, लेकिन कर्मचारियों और अध्यक्ष के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में उसने



अपना वीडियो वायरल कर नगर पालिका में चल रहे कथित भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की। वायरल वीडियो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।मामले पर पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि उन पर लगाए गए सभी आरोप पूर्णत: बेबुनियाद और तथ्यहीन हैं।

## ग्रामीण का बैंक खाता कर्मचारियों ने किया होल्ड,कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी ग्रामीण के बैंक खाता, बैंक शाखा ने होल्ड कर दिया पीड़ित ग्रामीण ने गांव के एक युवक पर कार्रवाई की मांग करते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी ग्रामीण बृजपाल ने बताया कि कई दिन पूर्व उसके पड़ोस के युवक अंकुर ने पीड़ित को बताया कि अपना बैंक खाता दे दीजिए उसमें कहीं से 50 हजार रूपए मागाने हैं। पीड़ित के बैंक खाते में रूपए आ जाने के बाद पीड़ित ने रूपए निकाल कर पड़ोसी युवक को दे दिए थे। सोमवार को पीड़ित अपने बैंक खाते से रूपए निकालने के लिए आया था तो बैंक कर्मचारियों के द्वारा बताया गया कि आपके खाते में आई रकम धोखाधड़ी द्वारा मंगाई गई है। जिस कारण आपका बैंक खाता होल्ड कर दिया गया है। पीड़ित ग्रामीण ने थाने पर पहुंच कर पड़ोसी युवक के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## चौसाना चौकी पर खडी बाइक का शामली पुलिस ने काट दिया चालान,पुलिस की लापरवाही से पीडित परेशान

**चौसाना।** पुलिस की लापरवाही का एक जीता जागता उदाहरण सामने आया है। दरअसल तीन सालों से पुलिस चौकी पर खडी बाइक का पुलिस ने चालान कर दिया। मामला जब उजागर हुआ जब पीडित के मोबाईल नम्बर पर चालान कटने का मैसेज मिला। पीडित का आरोप है कि शिकायत के बाद भी मामले की सुनवाई नही हो सकी। चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव लव्वादाउदपुर निवासी विनय प्रताप की वर्ष 2022 को गढी हसनपुर मेले से चोरी हो गई थी। जिसके सम्बंध में ऊन पुलिस चौकी पर मामले को दर्ज किया गया। पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही करते हुए मुकदमें को चौसाना पुलिस को हस्तातंरित कर दिया। पुलिस ने घटना का अनावरण करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया और चोरी की बाइको को भी बरामद कर लिया था। पीडित का आरोप है कि बीते 13 नवम्बर को पीडित बाइक स्वामी के पास चालान कटने का मैसेज मिला। जिसके बाद पीडित चौंक गया और पूछताछ करने पर पता लगा कि बाइक को चोरी के आरोप व बरामदगी मे चौकी पर खडी है। जिसको छुडाने के लिए विनय के परिजन अनुप कुमार पुलिस चौकी चौसाना पहुॅचा तो बताया गया कि वास्तविक स्वामी को ही सुपूर्द कर सकते है। जो वर्तमान मे विदेश मे रहता है।

### लापरवाही से पीडित के उड़े होश

**चौसाना।** पीडित ने बताया कि पुलिस कस्टडी मे खडी बाइक का पुलिस ने लापरवाही करते हुए 2179रू0 का चालान बना दिया। सवाल उठता है कि अगर बाइक पुलिस चौकी पर खडी थी तो किसकी लापरवाही से बाइक का चालान कटा। हमने पूरे मामले की जानकारी की तो पता लगा कि शामली मे बाइक का चालान कटा। लेकिन जिस बाइक का चालान कटा वह पैसन प्रो दिखाई पडी जबकि चालान स्पलेंडर बाइक का है। समय बीतने के बाद भी पुलिस फर्जी नम्बर प्लेट वाली बाइक को बरामद नही कर सकी।

## बंदर और कुत्ते के हमले से दो बच्चे घायल, परिजनों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में अलग.अलग हुई दो घटनाओं में बंदर और कुत्ते ने दो मासूम बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

अचानक हुए इन हमलों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कस्बे में आवारा बंदरों और कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।कस्बा एलम निवासी नौ वर्षीय जतिन किराना की दुकान पर खड़ा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह बच्चे को बचाया।वहीं दूसरी घटना में तीन वर्षीय दीपक अपने घर के आंगन में खेल रहा था, तभी एक बंदर ने उस पर झपट्टा मारकर घायल कर दिया। दीपक के रोने की आवाज सुनकर परिजन तुरंत बाहर आए और उसे बचाया।दोनों ही घायल बच्चों को परिजन तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने रेबीज व अन्य आवश्यक इंजेक्शन लगाकर उपचार किया।स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बंदरों और आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है, जिसके चलते बच्चों और बुजुर्गों में खौफ बना हुआ है। लोगों ने नगर पंचायत और वन विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# वाहन चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

## नौ बाइक और दो स्कूटी बरामद, दिल्ली से एनसीआर तक करते वारदात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा थाना बिसरख पुलिस ने दोपहिया चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की नौ बाइक, दो सस्कूटी और दो चाकू बरामद किए हैं। यह गैंग नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली एनसीआर में सक्रिय था और विभिन्न थानों में दर्ज कई आपराधिक मुकदमों में वांछित चल रहा था। एडीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि रविवार को टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ चोरी की बाइक के साथ गैंग के सदस्य सुपरकास्ट के पास कच्ची सड़क पर मौजूद हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों आरोपी विनय उर्फ छोटा राजा, विपिन उर्फ कलुआ और सुमित उर्फ नेपाली को गिरफ्तार कर लिया। विनय और विपिन के पास से एक-एक चाकू भी बरामद हुआ है। आरोपी विनय उर्फ छोटा और विपिन उर्फ कलुआ बुलंदशहर और सुमित उर्फ नेपाली कासगंज का निवासी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी एनसीआर के कई इलाकों से बाइक और स्कूटी चोरी करते थे। उन पर फर्जी नंबर लगाकर उन्हें बेच देते थे। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की नौ बाइक और दो स्कूटी बरामद की गई है। जिनमें कई वाहन नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली के विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमों से संबंधित पाए गए। गिरफ्तार विनय उर्फ छोटा राजा के खिलाफ बादलपुर, बिसरख, साउथ ईस्ट दिल्ली और गाजियाबाद में कई मुकदमे दर्ज हैं। इसी प्रकार विपिन उर्फ कलुआ पर क्रासिंग रिपब्लिक बिसरख, दिल्ली और गाजियाबाद में मामले पंजीकृत हैं। तीसरा आरोपी सुमित उर्फ नेपाली भी वाहन चोरी के कई मामलों में वांछित था और उसके खिलाफ भी बिसरख, दिल्ली और गाजियाबाद में मुकदमे दर्ज पाए गए। बरामद वाहनों में स्प्लेंडर प्लस, एक्टिवा स्कूटी समेत कई दोपहिया वाहन शामिल हैं। जिनके इंजन और चेसिस नंबर के आधार पर संबंधित थानों की एफआईआर से मेल की जा रही है। आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक कार्रवाई भेजा गया दिया है।



# शहर में तीन कुश्ती अखाड़ा बनाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पारंपरिक खेल कुश्ती को आगे बढ़ाने के लिए नोएडा प्राधिकरण तीन गांवों में अखाड़े बनाएगा। ये अखाड़े सफाबाद, सोरखा और पर्थला गांव के पास बनाए जाएंगे। इसके लिए सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है। प्राधिकरण अखाड़े बनाने में दो करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगा। काम के लिए अगले माह टेंडर जारी होगा। नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम विजय रावल ने बताया कि गांवों में खेल सुविधाएं बढ़ाने और गांवों में रह रहे खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

सीईओ डॉ लोकेश एम ने संबंधित गांवों में कुश्ती अखाड़े बनाने के लिए सैद्धांतिक सहमति दे दी है। संबंधित गांवों में शेडेड कुश्ती अखाड़ा और अन्य खेल गतिविधियों के लिए एक कमरा बनाया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि सफाबाद गांव के लिए सेक्टर-73 महादेव अपार्टमेंट के पास अखाड़ा बनाया जाएगा। दूसरा अखाड़ा पर्थला गांव के लिए एफएनजी मार्ग पर खेल मैदान के पास बनेगा। तीसरा, सोरखा गांव के लिए शिव गेट के पास बनाने की योजना है। इन तीनों जगह अखाड़े और कमरे बनाने के लिए प्राधिकरण 2 करोड़ 56 लाख रुपये खर्च करेगा। इसी बजट से ही खेल परिसर की चारदीवारी का निर्माण, शेड का निर्माण और प्रत्येक खेल परिसर में कमरे बनाए जाएंगे। डीजीएम विजय रावल ने बताया कि तीन गांवों में अखाड़े बनाने के लिए अगले महीने तक टेंडर जारी कर दिया जाएगा।

**इन गांवों में 400 से अधिक पहलावन:** प्राधिकरण ने जिन तीन गांवों में कुश्ती अखाड़े बनाने का निर्णय लिया है, इन्हीं गांवों में सबसे ज्यादा पहलवान हैं। तीनों गांवों में 400 से अधिक पहलवान हैं। सफाबाद गांव में कुश्ती अखाड़े के संचालक सुखबीर पहलवान का कहना है कि सरकारी स्तर पर अखाड़ा बनाने का प्राधिकरण का निर्णय अच्छा है। अच्छे समाज के निर्माण के लिए खेल जरुरी है। इससे बच्चा अनुशासित होता है। हर गांव में इस तरह के खेल मैदान बनने चाहिए।

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक खेल चुके पहलवान:** सफाबाद, सोरखा और पर्थला गांव के पहलवान अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक खेल चुके हैं। कुश्ती अखाड़े के संचालक सुखबीर पहलवान ने बताया कि सफाबाद गांव के मलखान पहलवान राष्ट्रीय स्तर पर सात बार गोल्ड जीत चुके हैं। इसी गांव के सुबोध पहलवान एशिया स्तर पर एक बार गोल्ड और दूसरी बार सिल्वर पदक जीत चुके हैं। इनके अलावा नरसिंह, आदेश, शेरू समेत कई पहलवान अलग-अलग स्तर पर पदक जीत चुके हैं।

## प्रदूषण फैलाने पर 18 लाख का जुर्माना

**नोएडा।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने धूल और धुआं उड़ाने पर 18 लाख 10 हजार का जुर्माना लगाया। औचक निरीक्षण के दौरान सोमवार को 12 स्थानों पर ग्रैप-3 के मानकों का उल्लंघन पाया गया। गंगाजल पाइपलाइन डालने के कार्य के लिए नोएडा प्राधिकरण पर भी 10 हजार का जुर्माना किया गया। सेक्टर-51 में नोएडा प्राधिकरण द्वारा मुख्य सड़क के किनारे गंगाजल की पाइपलाइन डालने का काम चल रहा था। इसके अलावा सेक्टर-142 स्थित एसएएस सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-105 स्थित बिजनेस बे फिन इंफ्रा और सेक्टर-150 स्थित समृद्धि इंफ्रा स्क्वायर प्राइवेट लिमिटेड पर पांच लाख-पांच लाख का जुर्माना किया गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने फेज-2 और सेक्टर-50 के तीन स्थानों पर 50 हजार-50 हजार का जुर्माना किया।

# कृष्णा प्लाजा में लगी आग, रेस्टोरेंट से 5वें फ्लोर तक पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में कृष्णा प्लाजा के 5वें फ्लोर पर आग लग गई। आग की शुरुआत प्लाजा के बाहर एक रेस्टोरेंट से हुई। यहां शॉट सर्किट की वजह से आग लगी। आग इलेक्ट्रिक वायरिंग के जरिए शाफ्ट से होते हुए 5वें तल तक पहुंच गई। इस दौरान प्लाजा की अधिकतर दुकानें सुबह तक जलकर राख हो गईं। फायरब्रिगेड की 15 यूनिट ने आग पर काबू पाया। इसी साल मार्च में भी उसी तरह की घटना सामने आई थी। जिसमें 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दिनाक 17.11.25 को कृष्णा प्लाजा, सेक्टर 18 में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई, सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। आग बिल्डिंग के बाहरी और बड़े रेस्टोरेंट में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। इलेक्ट्रिकल वायरिंग के माध्यम से शाफ्ट से होते हुए केवल पांचवें तल पर आग पहुंच गई। बिल्डिंग बंद होने के कारण बिल्डिंग का शटर काट कर स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड द्वारा आग को पूर्णतया बुझा दिया गया है। कोई जनहानि नहीं है।



## एक नजर

### सेवन एक्स सेक्टर और एफएनजी की सफाई के लिए दो एजेंसी आगे आईं

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेवन एक्स सेक्टर, एफएनजी और फेज-2 क्षेत्र में सड़कों की सफाई मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन के जरिए कराने के लिए दो एजेंसी आगे आई हैं। प्राधिकरण की तरफ से यह तीसरी बार टेंडर जारी किया गया था। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने आवेदन करने वाली एजेंसियों के दस्तावेजों की जांच का काम शुरू कर दिया है। इस टेंडर के जरिए कुल 32.5 किलोमीटर की सड़क सफाई की जानी है। इसके बदले में एजेंसी को 23 करोड़ सात लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। इस काम के लिए मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनें भी प्राधिकरण उपलब्ध करवाएगा। अभी यहां पर कुछ हिस्से में पुरानी एजेंसी के साथ किए गए करार का समय पूरा हो गया है। वहीं, कुछ हिस्से में एजेंसी का समय बढ़ाकर सफाई जन स्वास्थ्य विभाग करवा रहा है। इससे पहले प्राधिकरण की तरफ से जारी किए गए दो टेंडर में एक भी एजेंसी नहीं आई थी।

### फ्लैट से गहने चुराने वाली सहायिका गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फेज-3 थाने की पुलिस ने सेक्टर-121 स्थित क्लियो काउंटी सोसाइटी के फ्लैट से गहने चोरी करने वाली घरेलू सहायिका को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उससे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। सेक्टर-121 स्थित क्लियो काउंटी सोसाइटी में रहने वाले हर्ष वसन ने दो दिन पूर्व एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि सीतापुर जिले के ककरई गांव निवासी सीमा उनके घर में बतौर घरेलू सहायिका काम करती थी। पत्नी नीलम ने सात नवंबर को सीमा को पाजेब और मंगलसूत्र घर की अलमारी में रखने के लिए दिए थे। आरोप है कि इसके बाद अलमारी में देखा तो पाजेब और मंगलसूत्र गायब थे।

सीमा के मोबाइल पर कॉल करके संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं किया। तब सीमा पर चोरी करने का संदेह गहरा गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी महिला को रविवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर गहने बरामद किए गए। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में यूपी के खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेश सब जूनियर बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता के लिए टीम गठन को लेकर यूपी कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इसमें सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले करीब 18 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र नागर ने बताया कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले 12 खिलाड़ियों का चयन हरियाणा के सोनीपत में बालक वर्ग में आयोजित होने वाली सब जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चौंपियनशिप के लिए होगा। राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता 27 से 30 नवंबर तक होगी।

उन्होंने बताया कि यह पहला मौका है जब ग्रेटर नोएडा के चूहड़पुर स्थित जेडी अकादमी को उत्तर प्रदेश सब जूनियर बालक वर्ग कबड्डी की मेजबानी मिली है। अकादमी में चल रहा प्रशिक्षण शिविर 26 नवंबर को संपन्न होगा। शिविर में वाराणसी मंडल से तरुण राजमर, अभिषेक पटेल, शिवम प्रवेश यादव, नीरज पाल आदि शामिल होंगे। विंध्यांचल मंडल से अजय कुमार यादव, आगरा मंडल से सविन मिश्रा, प्रयुशि मित्र शर्मा, राजू बिंद वंश, गौरखपुर मंडल से राज, अमेठी हॉस्टल से रामू, अयोध्या मंडल से कृष्णपाल, अभय पाण्डेय, बस्ती मंडल से चंद्रकुमार, सैफई कॉलेज से सागर यादव, विनीत भाटी, आकाश, आदित्य यादव, मेरठ मंडल से आदर्श आदि खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में पसीना बहा रहे हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-42 के जंगल में एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। मृतक की पहचान हरीश (25) साल हुई है। वो सदरपुर के गली नंबर-3 में किराए के कमरे पर रहता था। बताया गया कि पारिवारिक विवाद के चलते वो मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। जिसके चलते उसने फांसी लगाई। हालांकि मृतक के पास से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है।

प्राथमिक जांच में गले में रस्सी के निशान और दम घुटने से मौत की वजह सामने आ रही है। फांसी लगाने में ऐसे ही मौत होती है। हरीश छोले भटूरे का ठेला लगाता है। उसकी शादी हो चुकी है। बीते कई दिनों से पारिवारिक विवाद चल रहा था। जिसके चलते परेशान चल रहा था। बताया गया कि कई दिनों से उसने ठेला भी नहीं लगाया था। 16 नवंबर की रात उसका घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। जिसके बाद वो वहां से चला गया। सुबह उसका शव सेक्टर-42 के जंगल में पेड़ से लटका मिला।

# युवा कनेक्ट कार्यक्रम का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** द्रोणाचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, ग्रेटर नोएडा में 17 नवंबर 2025 को युवा कनेक्ट कार्यक्रम बड़ी उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती प्रतिमा के समक्ष पारंपरिक तिलक समारोह से हुई, जिसके बाद अतिथियों को सभागार में ले जाया गया, जहाँ बी.टेक और एमबीए के लगभग 250 छात्रों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ उद्घाटन सत्र आरंभ हुआ और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना नृत्य ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित गणमान्य अतिथियों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें युवा मंत्रालय के सलाहकार सार्थक शुक्ला, संस्था की निदेशक डॉ. संगीता मंगेश कार्यकर्ता, रजिस्ट्रार शैलेश कुमार तथा प्रथम वर्ष विभागाध्यक्ष प्रो. पवन शर्मा शामिल रहे। निदेशक ने स्वागत संबोधन देते हुए युवाओं के समग्र विकास में ऐसे आयोजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

मुख्य सत्र में युवा आइकन यश दयाल शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए भारत की विकास यात्रा, आधुनिक कृषि की भूमिका, अगले 20 वर्षों का राष्ट्रीय दृष्टिकोण तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी जैसे विषयों पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए पाँच संकल्पों और 11वें संकल्प के राष्ट्र-निर्माण में महत्व पर विस्तृत चर्चा की।

## पनीर की दुकान पर छापा

**ग्रेटर नोएडा।** खाद्य विभाग की टीम ने सोमवार को सलारपुर गांव में पनीर की एक दुकान पर छापा मारा और नमूने लेकर जांच के लिए भेजे। दुकान में नकली पनीर बनाने और बेचने की शिकायत मिली थी। प्राथमिक जांच में पनीर मिलावटी मिला है। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादिल्लाह ने बताया कि दुकान की लगातार शिकायत मिल रही थी। टीम सोमवार को गांव पहुंची और किराना स्टोर में रखे पनीर की जांच की। प्राथमिक जांच में पनीर मिलावटी मिला। दुकान से सरसों के तेल का भी नमूना लिया गया। मसाले और सरसों का तेल केवल बंद पैकेट में ही बेचा जा सकता है। पैकेट खोलकर मसाले और फुटकर में सरसों का तेल बेचना प्रति. बंधित है। अधिकारियों ने बताया कि प्रयोगशाला में पनीर की जांच के बाद आरोपी दुकानदार के खिलाफ जुर्माने समेत उचित कार्रवाई की जाएगी।

# गलत क्यूआर कोड लगाकर अवैध शराब बेचने वाली दुकान का लाइसेंस निरस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आबकारी विभाग ने सेक्टर-63 की कंपोजिट शॉप-1 का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। पिछले माह 22 अक्तूबर को दुकान पर गलत क्यूआर कोड लगाकर अवैध शराब बेचने का मामला पकड़ा गया था। यहां से दो सेल्समैन को गिरफ्तार किए गए थे। जांच के बाद आबकारी विभाग ने कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सेक्टर-63 स्थित कंपोजिट शॉप-1 की 22 अक्तूबर को जांच की गई थी।

वहां से विदेशी ब्रांड की कुल आठ बोतलें बरामद की गईं, जिनकी कीमत दो हजार से चार हजार तक थी। इन सभी बोतलों पर क्यूआर कोड चस्पा था।

जांच में पता चला कि क्यूआर कोड उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग के नहीं हैं। वे विभाग की मोबाइल एप्लीकेशन पर स्कैन नहीं हो रहे थे। अन्य जगह से महंगी विदेशी शराब को लाकर बेचा जा रहा था। मामले में दो सेल्समैन को गिरफ्तार कर संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया।

साथ ही, दुकान का लाइसेंस निलंबित किया गया था। अब विभागीय जांच के बाद दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। हालांकि, लाइसेंसधारक ने पूर्व कार्रवाई को लेकर कोर्ट का दरवा. जा खटखटाया है।

**शराब में पानी मिलाकर बेचने की चल रही जांच:** विभाग ने 12 नवंबर को दनकौर कस्बे में झाझर बस स्टैंड के पास स्थित कंपोजिट दुकान पर पानी मिलाकर शराब बेचने का मामला पकड़ा था। पानी मिली शराब की बोतलें जब्त करने के साथ दो सेल्समैन को गिरफ्तार किया गया था।

दुकान का लाइसेंस निलंबित कर जांच शुरू की गई। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दुकान की जांच चल रही है। जल्द ही जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी के समक्ष रखी जाएगी। वहां से लाइसेंस निरस्त करने पर फैसला होगा।

# यूपी के मेडिकल डिवाइसेज पार्क में निवेश आकर्षित करने को यीडा का बेंगलुरु दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की उच्चस्तरीय टीम ने सोमवार को बेंगलुरु में देशख्दुनिया की बड़ी मेडटेक कंपनियों के साथ निवेश वार्ताएं कीं। सीईओ श्री राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंचे इस प्रतिनिधिमंडल का मकसद उत्तर प्रदेश में विकसित किए जा रहे मेडिकल डिवाइसेज पार्क में वैश्विक कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित करना है।

प्रतिनिधिमंडल में आईएएस शैलेंद्र कुमार भाटिया (ओएसडी, यीडा/नोडल अधिकारी) और ईपीसीएमडी के कार्यकारी निदेशक प्रवीन कुमार मित्तल भी शामिल रहे। टीम ने बेंगलुरु में विप्रो जीई हेल्थकेयर और फिलिप्स इंडिया जैसी शीर्ष कंपनियों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और यूपी में मेडिकल डिवाइसेज पार्क के रणनीतिक फायदे साझा किए। यीडा टीम ने श्री चौतन्य सरवटे, प्रेसिडेंट एवं सीईओ (जीई हेल्थकेयर, साउथ एशिया) से मुलाक. ात की। सिंह की प्रस्तुति को कंपनी की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और कई संभावित सहयोग क्षेत्रों पर बातचीत आगे बढ़ी। प्रतिनिधिमंडल को जीई हेल्थकेयर की भारत में विकास यात्रा पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई और जीई बेल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का दौरा कराया गया, जहां एक्स-रे ट्यूब के निर्माण की प्रक्रिया दिखाई गई। ल्म्प्क। टीम ने पार्क में बनने वाली कॉमन साइंटिफिक फैसिलिटीज को लेकर भी जीई हेल्थकेयर से मार्गदर्शन मांगा।

**फिलिप्स इनोवेशन सेंटर में निवेश प्रस्ताव रखा:** प्रतिनिधिमंडल ने फिलिप्स इनोवेशन सेंटर, बेंगलुरु में अरविंद वैशनव और हरीश से मुलाकात की। ल्म्प्क। मेडिकल डिवाइसेज पार्क पर एक विस्तृत प्रस्तुति साझा की गई और इनोवेशन लैब का दौरा किया गया। ल्म्प्क। ने फिलिप्स को यूपी में निवेश करने का औपचारिक प्रस्ताव दिया, जिसे फिलिप्स इंडिया द्वारा संज्ञान में लिया गया। वहीं, ल्म्प्क। टीम मंगलवार को पैनासिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज के अधिकारियों से मुलाकात करेगी और उनके मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का दौरा कर पार्क में यूनिट लगाने के फायदों पर चर्चा करेगी।

**मेडिकल डिवाइसेज पार्क: यूपी को ग्लोबल मेडटेक हब बनाने की तैयारी:** केंद्र और यूपी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत यीडा द्वारा विकसित यह पार्क भारत का पहला फुली-इंटीग्रेटेड मेडटेक हब बनने जा रहा है। यह 350 एकड़ में फैला सेक्टर-28, ल्म्प्क। फेज-1 का प्रोजेक्ट, कुल लागत 439.49 करोड़ (जिसमें घ्100 करोड़ केंद्र सहायता)। इंफ्रास्ट्रक्चर 90% पूरा, 50% जमीन आवंटित। 101 प्लॉट आवंटित, अब तक 1,291 करोड़ का निवेश सुरक्षित; 10 निवेशकों ने निर्माण शुरू किया। वहीं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सिर्फ 3 किमी दूरी, एक्सप्रेसवे, रेल कनेक्टिविटी और एनसीआर की नजदीकी से पार्क को अद्भुत लॉजिस्टिक बढ़त। कॉमन साइंटिफिक फैसिलिटीज: बायो-मैटेरियल टेस्टिंग, इलेक्ट्रॉनिक असेंबली, रैपिड प्रोटोटाइपिंग लैब, IOMT एवं AIML सुविधाएं।

# तीन लोगों की मौत के मामले में ट्रैक्टर चालक की पहचान हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर-सिकंद. राबाद मार्ग पर रविवार को ट्रैक्टर के कुचलने से दो बाइक सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इनमें से तीन लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस घटना के जिम्मेदार ट्रैक्टर चालक का सुराग लगा लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्दी ही आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जाएगा। दनकौर-सिकंदराबाद मार्ग पर रविवार की सुबह 9:30 बजे ट्रैक्टर ने बाइक पर सवार हीरालाल, उनकी भाभी तुलसी, दो बच्चों कुमकुम और देवा को कुचल दिया था। वहीं, ट्रैक्टर ने दूसरी बाइक पर सवार जुने. दपुर गांव निवासी गौरव नगर को भी कुचल दिया था।

इस घटना में गौरव नागर, हीरालाल और तुलसी की मौत हो गई थी। कुमकुम और देवा दोनों बच्चों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर चालक बुलंदशहर का रहने वाला था। वह कनारसी गांव में रहकर एक किसान का ट्रैक्टर चलाता था। यह हादसा ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से हुआ।

सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में चालक गलत तरीके से ट्रैक्टर को चलाता दिख रहा है। पुलिस ने रविवार को ही ट्रैक्टर को बरामद कर लिया था। वहीं, इस घटना के मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से दनकौर कोतवाली में सोमवार देर शाम तक भी मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया। दनकौर कोतवाल मुनेदर सिंह का कहना है कि पीड़ित पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर आते ही मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

# वाहन की टक्कर से बाइक टैक्सी सवार युवती की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर रविवार की रात सड़क हादसे में बाइक टैक्सी सवार युवती की मौत हो गई। किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मारी थी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मूलरूप से ओडिशा के रहने वाले अरिंदम मुखर्जी ने नॉलेज पार्क थाने में मुकदमा दर्ज करवाया कि उनकी बहन अदिति मुखर्जी दिल्ली महिपालपुर में रहती थी। वह रविवार की रात दिल्ली से ग्रेटर नोएडा के गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में शो करने के लिए जा रही थी। अदिति रैपीडो बाइक पर सवार थी। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सफीपुर गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने रैपीडो बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में अदिति गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने अदिति को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी का कहना है कि अस्पताल से मेमो प्राप्त होने पर हादसे की सूचना मिली।

पुलिस मौके पर पहुंची तो घटनास्थल पर बाइक पड़ी थी। बाइक चालक के बारे में कुछ पता नहीं चला। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ई बस के लिए एसपीवी का नहीं हुआ गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना क्षेत्र में चलने वाली 500 ई बसो के संचालन में अभी समय लगेगा। एसपीवी के लिए नोएडा प्राधिकरण व यमुना प्राधिकरण अप्रूवल दे चुके है। अब तक ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण की ओर से जवाब नहीं दिया गया।

ऐसे में नोडल होते हुए नोएडा प्राधिकरण शासन स्तर पर वार्ता करेगी। ताकि जल्द सेवा को बहाल किया जा सके। ये बस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भी कनेक्ट करेंगी। बसों के संचालन के लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा के बीच एसपीवी का गठन 48 %, 26% और 26% के इक्विटी योगदान होगा।

इन बसों का संचालन जीबीन ग्रीन ट्रांसपोर्ट लिमिटेड कंपनी के नाम से होना है। कंपनी में चार डायरेक्टर और सात सब्सक्राइबर होंगे। ये डायरेक्टर तीनों प्राधिकरण के सीईओ और एनटीसी को शामिल किया गया है। सब्सक्राइबर तीनों प्राधिकरण के एसीईओ होंगे। दरअसल एसपीवी में एसीईओ को शामिल किया जाना है।

इसको लेकर ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण और यमुना विकास प्राधिकरण को लेटर जारी किया गया था। ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण ने अब तक इसका जवाब नहीं दिया। इसलिए प्रोजेक्ट रुका हुआ है।

**300 बस नोएडा में चलेंगी:** 300 बस नोएडा, 100 बस ग्रेटर नोएडा और 100 बस यीडा में चलेंगी। बसों का संचालन जीसीसी मॉडल किया जाएगा। इसके लिए दो कंपनियों का चयन किया गया है। पहली ट्रैवल टाइम मोबिलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ये 9 मीटर लंबी बस 54.90 रुपए प्रति किमी की दर से चलाएगी। दूसरी डेलबस मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड ये 12 मीटर लंबी बस 67.99 रुपए प्रति किमी की दर से बस चलाएगी।

**सालाना प्रति बस चलेगी 72 हजार किमी:** ये प्रोजेक्ट 675 करोड़ का है। इसमें कंपनी को ई बस, फास्ट चार्जर (240 किलोवॉट), प्लांट, इक्यूपमेंट टूल्स और डिपो मेनटेनेंस के लिए है। कंपनी को 12 साल तक बसों का संचालन करना होगा। कंपनी को सालाना प्रति बस 72000 किमी की रनिंग करनी होगी। बताया गया कि इस टेंडर के जरिए ग्रॉस कास्ट कांट्रेक्ट (जीसीसी) मॉडल बस ऑपरेटर का सिलेक्शन किया गया है।




# ग्रुप हाउसिंग भूखंड योजना में आवेदन का अंतिम मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-17, 18 और सेक्टर-22डी में ग्रुप हाउसिंग के 16 भूखंडों की योजना में आवेदन का मंगलवार को अंतिम मौका होगा। इसके बाद प्राधिकरण इन भूखंडों में आवेदन की तिथि नहीं बढ़ाएगा। अब नौ दिसंबर भूखंडों के लिए ई-नीलामी होगी। बता दें कि यमुना प्राधिकरण ने करीब तीन माह पूर्व ग्रुप हाउसिंग भूखंडों की योजना शुरू की थी। इसकी तीन बार तिथि आगे बढ़ाई गई। अधिकारियों के अनुसार योजना में काफी आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इससे पहले ग्रुप हाउसिंग में 17 भूखंडों की योजना शुरू की गई थी, लेकिन कम आवेदक होने के चलते सिर्फ एक ही भूखंड का आवंटन हो पाया था।

इसके बाद यह योजना शेष 16 भूखंडों पर दोबारा शुरू की गई। आज योजना में आवेदन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके बाद प्राधिकरण सत्यापित आवेदकों की सूची का प्रकाशन करेगा और नौ दिसंबर को ई-नीलामी के जरिए भूखंडों का आवंटन किया जाएगा।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email:
parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# जम्मू कश्मीर को स्टेट का दर्जा देने वाला वादा निभाएं सुरिंदर

## हमें छोटे मुद्दे छोड़कर देश के बड़े मूद्दों पर ध्यान देते हुए काम करने की है जरूरत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी मंगलवार को बागपत पहुंचे। वह यहां भाजपा नेता हरीश चौधरी के कार्यालय गए और फिर उनके निजी हेलीकॉप्टर से मुजफ्फरनगर के सोरम गांव में होने वाली एक पंचायत में शामिल होने के लिए रवाना हो गए।

मुजफ्फरनगर में खाप पंचायत द्वारा समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पंचायत का आयोजन किया गया है। सुरिंदर चौधरी इस पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे हैं। बागपत पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि महबूबा मुफ्ती को पहले खुद देखना चाहिए कि वह कहां खड़ी हैं। चौधरी ने आरोप लगाया कि महबूबा कभी 2019 में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ती हैं, तो कभी बेतुके बयान देती हैं। उन्होंने महबूबा मुफ्ती से पूछा कि जम्मू-कश्मीर में हालात बेहतर कब थे। चौधरी ने कहा कि महबूबा मुफ्ती आज दुविधा में हैं और यह स्पष्ट नहीं कर पा रही हैं कि उन्हें जम्मू-कश्मीर में कौन सी राजनीतिक लकीर खींचनी है। उन्हें खुद तय करना होगा कि कौन सी लकीर छोटी खींचनी है और कौन सी बड़ी। उल्लेखनीय है कि महबूबा मुफ्ती ने हाल ही में कहा था कि कश्मीर की परेशानी लाल किले के सामने गूंजी है। सरकार का वादा था कि जम्मू-कश्मीर सुरक्षित होगा, लेकिन दिल्ली ही खतरे में आ गई। सुरिंदर चौधरी ने कहा कि वह इन सब बातों में नहीं जाना चाहेंगे, क्योंकि जम्मू-कश्मीर के लोग बहुत समझदार हैं।

उन्होंने कहा कि देश को बनाने में महत्वपूर्ण कुर्बानियां दी गई हैं, और ये कुर्बानियां बिना किसी लोभ-लालच के दी गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि हिंदुस्तान का वोटर छोटी बातों पर गुमराह हो सकता है, लेकिन देश में खून-खराबे और पाकिस्तान द्वारा देश में हालात खराब करने की कोशिशों पर कभी वोट नहीं पड़ते।

लोग समझदार हैं और अपने वोट का सही इस्तेमाल करना जानते हैं। चौधरी ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से अपील की कि जम्मू-कश्मीर के लोगों से विधानसभा चुनाव के दौरान किया गया राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा जरूर पूरा किया जाना चाहिए।

# घर में घुसकर परिवार पर किया हमला, दो घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के निवाड़ा गांव में बच्चों के विवाद के बाद एक परिवार ने दूसरे परिवार पर घर में घुसकर हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

निवाड़ा गांव निवासी शहजाद ने बताया कि उनके बच्चे दूसरे परिवार के बच्चों के साथ खेल रहे थे, तभी किसी बात पर उनमें विवाद हो गया। उनके बच्चों के साथ मारपीट की गई। जब शहजाद शिकायत लेकर आरोपियों के घर पहुंचे, तो उन पर हमला कर दिया गया, जिसमें वह और उनका एक बच्चा घायल हो गए। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घायल शहजाद का उपचार कराया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। दोनों परिवारों के बच्चों के विवाद के बाद मौके पर काफी लोग जमा हो गए थे। हालांकि, स्थानीय लोगों और पुलिस की सूझबूझ से दोनों परिवारों के बीच विवाद को और बढ़ने से रोक लिया गया। पुलिस अधिकारी मामले की कार्रवाई में जुटे हुए हैं।

# नगर में जैन समाज का कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।
जैन ज्योतिष एवं वास्तु संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय जैन ज्योतिषाचार्य परिषद के संस्थापक/अध्यक्ष रवि जैन गुरुजी ने सभा को संबोधित किया।

जैन धर्म की अनुपम कृति जैन ज्योतिष को विश्व पटल पर अंकित करने के लिए संकल्पित अखिल भारतीय जैन ज्योतिषाचार्य परिषद (पंजी.) ने दुबई, अबू धाबी, नेपाल के पश्चात थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में विराजित जिन मंदिर के दर्शन करने के उपरांत दिगंबर जैन फाऊंडेशन बैंकॉक के तत्वाधान में जैन ज्योतिष एवं वास्तु संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जैन ज्योतिष अनादि काल से है और जैन ज्योतिष को अपनाकर जनमानस अपने जीवन में आई परेशानियों को काफी हद तक कम कर सकते हैं। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि रवि जैन गुरुजी मूल निवासी बड़ौत ने कहा कि नौ ग्रहों के अरिष्ट निवारक हमारे 24 तीर्थंकर हैं उनकी पूजा आराधना, प्रक्षाल, चालीसा, आदि का पाठ कर हम ग्रह नक्षत्र के नेगेटिव प्रभाव को कम कर सकते हैं। मुख्य वक्ता के रूप में रवि जैन गुरुजी ने जैन धर्म को समर्पित आदिनाथ चौनल के संबंध में समाज को जानकारी दी। साथ ही भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी, विश्व जैन संगठन, भारतीय जैन मिलन से भी जुड़ने का आवाह्न किया। इस अवसर पर महावीर जैन बड़जात्या, सुधांशु जैन, वंदना जैन, आयुषी जैन, सविता जैन, कविता जैन, जैन लीला जैन आदि उपस्थित थे।

# साइबर क्राइम पुलिस ने दो शातिर ठगों को किया गिरफ्तार

**बागपत।** साइबर क्राइम पुलिस ने दो शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये ठग कैब संचालकों से कैब बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गोना गांव निवासी अरशद और समीर के रूप में हुई है। पुलिस काफी समय से इनकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने इनके कब्जे से ऑनलाइन ठगी में इस्तेमाल किए गए तीन मोबाइल फोन, एक स्विफ्ट कार, दो आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, एक निर्वाचन कार्ड और एक कोटक महिंद्रा का कार्ड बरामद किया है। बागपत के विभिन्न क्षेत्रों से कैब संचालकों के साथ ऑनलाइन ठगी की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। बागपत में भी दो शिकायत कर्ताओं ने कैब बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने इन दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है, जो कैब बुकिंग के बहाने कैब संचालकों से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर पैसे ठगते थे। पुलिस अब इनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है और पूरे मामले में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यदि कोई अन्य नाम सामने आता है, तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### धर्म परिवर्तन के आरोप में पुलिस ने किया दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खिड़ौदा गांव में धर्म परिवर्तन के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर लोगों को पैसे का लालच देकर धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी लोगों को पैसे का लालच देकर ईसाई धर्म का प्रचार कर रहे थे। वे उन पर मानसिक रूप से धर्म परिवर्तन का दबाव भी बना रहे थे। इस मामले से जुड़ा एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में झारखंड निवासी रोहित पुत्र राकेश और दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए यह गिरफ्तारी की है। फिलहाल, पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। हिंदू नेता आकाश ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसे लोग भोले-भाले लोगों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं और पैसे का लालच देकर उनका धर्म परिवर्तन कराते हैं। उन्होंने ऐसे आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### डीएम की पहल पर हर महीने के तीसरे सोमवार लगेगा विशेष जाँच शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय के टीबी विभाग में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किया। इस दौरान मानसिक रूप से दिव्यांग 30 बच्चों की विस्तृत चिकित्सीय जाँच कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए, जिनमें 25 बच्चे बौद्धिक दिव्यांगता एवं 05 लोकोमोटर दिव्यांगता से प्रभावित पाए गए। साथ ही क्षय रोग से पीड़ित मरीजों को पोषण पोटली भी वितरित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य जाँच शिविर अब जनपद में हर माह के तीसरे सोमवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिससे लोगों को मेरठ, गाज़ियाबाद या दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि कई परिवार अब भी मानसिक विकारों को लेकर हिचकिचाते हैं, जबकि यह एक चिकित्सकीय स्थिति है, जिसके उपचार एवं प्रमाणन की सुविधाएँ अब बागपत में ही उपलब्ध हैं। शिविर की विशेषता यह रही कि जाँच प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाने के लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के विशेषज्ञ मनोचिकित्सकों एवं मनोवैज्ञानिकों की टीम जिले में मौजूद रही, जिसने अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप जाँच की। शिविर में बुद्धिमत्ता परीक्षण (मालिन स्केल) एवं विनलैंड सामाजिक परिपक्वता परीक्षण सहित अन्य मूल्यांकन प्रक्रियाएँ अपनाई गईं। जिन बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं, वे अब सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, पेंशन, शिक्षा में आरक्षण और रोजगार संबंधी सुविधाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि ऑटिज़्म, एडीएचडी, डिप्रेशन या एंग्ज़ायटी कोई कमी नहीं, बल्कि मानव विविधता का रूप हैं। ऐसे लोगों को अधिक स्नेह, समझ और सहयोग की आवश्यकता होती है। मानसिक रोग को न छुपाने की ज़रूरत है, न इससे डरने की, बल्कि इसे समझने और स्वीकारने की ज़रूरत है। उन्होंने आगे कहा कि इसे ह्बागपत मॉडल ऑफ इंटीग्रेटेड मेंटल हेल्थ सपोर्ट के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रशासन, चिकित्सा संस्थान और समाज मिलकर मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक साझा तंत्र तैयार कर रहे हैं ताकि कोई भी ज़रूरतमंद व्यक्ति प्रमाण पत्र के अभाव में योजनाओं से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने अपील की कि मानसिक रोग से पीड़ित लोगों और उनके परिवारों के प्रति समाज संवेदना और सम्मान का भाव विकसित करे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मानसिक रोग न दैवीय प्रकोप है, न जादू-टोना, बल्कि वैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय हस्तक्षेप से नियंत्रित एवं उपचार योग्य स्थिति है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा.तीरथ लाल, डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर, डा.रोबिन जिला स्वास्थ्य टीम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सेटरिंग से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में सेटरिंग से भरी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

पूरा मामला कोतवाली क्षेत्र का है जहां दिल्ली निवासी फारुख अपने परिवार के साथ बागपत की शादी समारोह में आया हुआ था और वह वापस दिल्ली के लिए लौट रहा था तभी एक तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में बाइक आ गई। ट्रैक्टर की चपेट में आने से अजरून पत्नी रईस गंभीर रूप से घायल हो गई और ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को मौके से छोड़कर फरार हो गया। फिलहाल गंभीर हालत में महिला को हायर सेंटर रफेर कर दिया गया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है जल्द ही फरार ट्रैक्टर चालक को पकड़ा जाएगा।

# रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद नहीं हुई फर्जी किन्नरों के खिलाफ कोई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** किन्नर समाज के छह सदस्यों ने जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका आरोप है कि बड़ौत थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद फर्जी किन्नरों के खिलाफ कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। किन्नरों ने बताया कि क्षेत्र में कुछ व्यक्ति, जो पुरुष हैं, फर्जी किन्नर बनकर भीख मांगते हैं। वे असली किन्नरों को रास्ते में रोककर धमकाते, पीटते और लूटते हैं। आरोप है कि ये लोग गांवों और शहरों में जाकर हिंदू परिवारों से 11-11 हजार रुपए तक की मांग करते हैं तथा महिलाओं और लड़कियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इससे समाज में किन्नर समुदाय की बदनामी हो रही है। असली किन्नरों ने यह भी बताया कि कई आरोपियों के बच्चे भी खुद को किन्नर बताकर उगाही करते हैं। उन्होंने मांग की है कि चिकित्सकीय परीक्षण से इनकी पहचान कर धोखाधड़ी (धारा 420) सहित कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पीड़ितो ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद थाना स्तर पर भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिन के भीतर न्याय नहीं मिला, तो वे लखनऊ में मुख्यमंत्री, राज्यपाल, डीजीपी कार्यालय और विधानसभा परिसर पर धरना व आमरण अनशन करेंगे। इसके बाद भी सुनवाई न होने पर दिल्ली में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के निवासों पर प्रदर्शन करने की बात कही गई है।

# किसानों ने लगाया दो गुना मुआवजा न देने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अग्रवाल मंडी टटीरी और टिकरी क्षेत्र के किसानों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को एक ज्ञापन दिया। किसानों का आरोप है कि चार साल पहले अधिग्रहित की गई उनकी जमीन के लिए प्रशासन ने उन्हें चार गुना मुआवजा देने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब वह इससे मुकर रहा है।

किसानों ने डीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि जमीन अधिग्रहण के समय उन्हें क्षेत्र और सर्किल रेट के आधार पर चार गुना मुआवजा देने का भरोसा दिलाया गया था। इसका उद्देश्य उनकी आर्थिक हानि की भरपाई करना था। हालांकि, अब प्रशासन केवल दोगुना मुआवजा देने की बात कह रहा है। किसानों का कहना है कि कृषि भूमि छिन जाने से उनके पास आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं बचा है। उन्होंने पिछले चार वर्षों में कई बार अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। किसानों ने आरोप लगाया कि राजस्व विभाग और अधिग्रहण से संबंधित अधिकारी लगातार मामले को टाल रहे हैं। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उन्हें अधिग्रहण के समय दिए गए आश्वासन के अनुसार तुरंत चार गुना मुआवजा प्रदान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो वे जिले भर के किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन और धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# भाकियू तोमर ने दिया विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पहुंचकर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन डीएम को दिया। इसमें गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति, बकाया भुगतान, गन्ना मूल्य वृद्धि और मेट्रो कनेक्टिविटी जैसी प्रमुख मांगें उठाई गईं।

यूनियन ने डीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने गन्ने का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 500 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की, जिससे किसानों को राहत मिल सके। इसके साथ ही पैतमहपुर चीनी मिल पर किसानों का भारी बकाया भुगतान लंबित है, जिससे किसान आर्थिक तंगी और कर्ज के बोझ से जूझ रहे हैं। यूनियन ने तत्काल बकाया भुगतान कराने की मांग की। यूनियन प्रतिनिधियों ने हाल ही में आई प्राकृतिक आपदाओं में बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे को शीघ्र जारी कराने की मांग भी उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की ओर से अब तक मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है। क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी भी एक प्रमुख मुद्दा रही, जहां नई नियुक्तियां न होने के कारण युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं और कई स्थानों पर मात्र 1000 रुपये मानदेय पर कार्य कराया जा रहा है। बागपत से दिल्ली तक मेट्रो कनेक्टिविटी की मांग भी जोरदार ढंग से उठाई गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बागपत दिल्ली से मात्र 35 किलोमीटर दूर है, लेकिन मेट्रो सुविधा न होने से हजारों लोग प्रतिदिन परेशान होते हैं। उनका मानना है कि मेट्रो का विस्तार होने से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार, व्यापार और आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, दिल्ली-पुर नेशनल हाईवे पर जगह-जगह गढ्ढों और सड़क की खराब स्थिति पर भी सवाल उठाए गए। यूनियन ने बताया कि ओवरलोडिंग वाहन बिना रोक-टोक चल रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ रहा है और विभाग की लापरवाही साफ झलकती है। यूनियन ने जिलाधिकारी से सभी समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेकर समाधान कराने की मांग की, ताकि किसानों और आम जनता को राहत मिल सके।

# सागर महाराज ने किया बावली के लिए मंगल विहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** आचार्य नयन सागर महाराज ने दोपहर 3.30 बजे बड़ौत से बावली के लिए मंगल विहार किया। दिगंबर जैन समाज समिति के तत्वावधान में अतिथि भवन में 4 महीने के चातुर्मास के बाद आज उन्होंने नगर से मंगल विहार किया। सैकड़ों जैन श्रद्धालुओं ने अश्रुपूर्ण भावों से उन्हें बड़ौत से मंगल विहार कराया। विहार से पूर्व धर्मसभा में आचार्य नयन सागर महाराज ने कहा कि बड़ौत का चातुर्मास सानंद संपूर्ण हुआ। बड़ौत के श्रद्धालुओं ने गुरु भक्ति का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया। मान स्तंभ पर आदिनाथ भगवान की मनोहारी प्रतिमा विराजमान हो गई, जिनके मानस्तंभ पर दर्शन करके मन काफी आनंदित हुआ। मेरा बड़ौत की जैन समाज को भरपूर आशीर्वाद है कि इसी प्रकार नगर में जब भी कोई भी मुनिराज आए, उनकी भक्ति करो और एकता के साथ एकजुट होकर उत्तम उदाहरण प्रस्तुत करो। विहार सभा में प्रवीण जैन, मनोज जैन, दिनेश जैन, धनेंद्र जैन, धन कुमार जैन, सतीश जैन, अनुज जैन, प्रदीप जैन, अमित जैन, अंकुर जैन, राकेश जैन, सुरेंद्र जैन, आनंद जैन, अरविंद मुन्ना, सुख्माल जैन, विमल जैन, संजय जैन, अशोक जैन, राजेश जैन, सुनील जैन आदि उपस्थित थे।

# सहबानपुर गांव में बुखार का प्रकोप, 30 से अधिक लोग बीमार









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना सहबानपुर गांव मे बुखार का प्रकोप लगातार बढता जा रहा है। गांव मे तीस से ज्यादा लोग बीमार है। गांव के लोगो ने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगवाने की मांग की है।

गौना सहबानपुर गांव मे बुखार का प्रकोप लगातार बढता जा है। सहबानपुर गांव में ही निखिल पुत्र पिंटू, शांतुन पुत्र सचिन, यश पुत्र बब्लू, सतबीर, कौशल, शिया, मोहित, सुमन, सागर, ममता, सरोज, पूजा, आशु, सौदान, तारावती, कौशल, सीमा, मोनू, मुख्तियारे, लक्ष्य, चरण यादव आदि लोग बुखार से पीड़ित है।

गांव के लोगो ने बताया कि गांव में स्वास्थ्य शिविर न होने के कारण ग्रामीणों को मुरादनगर, दिल्ली, गाजियाबाद आदि स्थानों पर ईलाज के लिए जाना पड़ता है जहां डाक्टर मनमानी फीस वसूल करते है जिस कारण लोगो को परेशानी उठानी पड़ रही है। गांव के लोगो ने स्वास्थ्य विभाग से गांव में स्वास्थ्य शिविर लगवाने की मांग की है।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अब्दुल रहीम को गलत आचरण के चलते 06.05.2025 में संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था, लेकिन अब उसके आचरण में सुधार हो गया है इसलिए मै उसका खण्डन करते हुए अपना निर्णय वापस लेता हूं।
यामीन पुत्र इस्माईल निवासी ग्राम बोपुरा थाना दोघट तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र गुड्डू पुत्रवधू सोनी से गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिये थे, लेकिन अब उसके आचरण में सुधार हो गया है इसलिए मै उसका खण्डन करते हुए अपना निर्णय वापस लेता हूं।
शीशपाल पुत्र बंसा निवासी ग्राम रहतना थाना दोघट तहसील बडौत जनपद बागपत।

# दौराला के गांव बफावत में युवती से छेड़छाड़ पर दो पक्षों में मारपीट

## महिलाओं समेत आठ घायल, पुलिस ने लिया हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक पर नाबालिग बेटी से घर में घुसकर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपी के परिजनों से शिकायत की तो उन्होंने किशोरी के पिता के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।



पीड़ित ने सोमवार को थाने पर दी तहरीर में बताया कि वह परिजनों के साथ खेत पर गया था। इस दौरान नाबालिग बेटी घर पर थी। आरोप है कि गांव का युवक उसके घर पहुंचा और बेटी से छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर भाग गया। घर पहुंचने पर किशोरी ने उन्हें मामले की जानकारी दी, जिस पर वह युवक के घर पहुंचा। पहले से ही मौजूद वहां 10 लोगों ने उसके विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और धमकी दी। किसी तरह पीड़ित जान बचाकर वहां से भाग निकला। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। सीओ दौराला प्रकाश चंद्र अग्रवाल का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# व्यापारियों ने एसएसपी से की खड़ौली चौकी इंचार्ज की शिकायत



एसएसपी ऑफिस पर कार्रवाई की मांग करते व्यापारी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष शैंकी वर्मा के नेतृत्व में कंकरखेड़ा हाईवे के ढाबा संचालक सोमवार को कप्तान ऑफिस पहुंचे। उन्होंने वहां आरोप लगाया है कि खड़ौली चौकी इंचार्ज अशोक उनसे रविवार को जबरन ढाबों को बंद कराने की चेतावनी देकर गये। उनसे बंद करने का कारण पूछा गया तो उन्होंने जेसीबी से ढाबों को गिराने की धमकी दी। इसकी जानकारी उन्होंने व्यापारी नेता शैंकी वर्मा को दी शैंकी वर्मा ने जब उनको फोन पर बात करनी चाहिए तो उन्होंने उनसे भी अभद्रता कर डाली। इसी के विरोध में मेरठ व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष के साथ ढाबा संचालकों ने चौकी इंचार्ज के खिलाफ कप्तान ऑफिस आकर शिकायत की है। उनका कहना था कि चौकी इंचार्ज अपनी दबंगई दिखा रहे हैं बिना कारण में उनको परेशान कर रहे हैं और ढाबों को हाईवे से हटवाने की धमकी दे रहे हैं उन्होंने चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं अधिकारियों ने उन्हे आश्वासन दिया है।

### 72 वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के अवसर पर...

# सहकारिता से जुड़ी संस्थाओं की प्रगति को लेकर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 72 वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के अवसर पर सोमवार को लखनऊ में यूपीसीएलडीएफ व उ.प्र. ग्रामीण बैंक के तत्वाधान में संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल होकर सहकारिता से जुड़ी संस्थाओं को कैसे प्रगति उन्नति की ओर ले जाया जा सके इस पर अपना विषय व विचारों को अपने उद्बोधन के दौरान रखा।

इस अवसर उत्तर प्रदेश सहकारिता विभाग के रजिस्टार आईएएस योगेश कुमार, पीसीयू के प्रबंधन श्रीकान्त गोस्वामी, यूपी.सी.एल.डी.एफ. के प्रबंधन निदेशक सतीश चन्द्र मिश्रा, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रबंध निदेशक कुलश्रेष्ठ, निदेशक हिरेंद्र मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी व सहकारिता क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं के निदेशक पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।





# 50 मूकबधिरों को शिविर में मिलेंगी कान की मशीन

## खजूरी से नोएडा के लिए रवाना हुई बस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरी से दिव्यांग समाजसेवी परवेज अली के नेतृत्व में खजूरी से शिविर के लिए 50 लोगों को लेकर बस रवाना हुई। जिसे अखिल विद्या समिति के अध्यक्ष विष्णु अवतार रुहेला ने बस को हरी झंडी दिखाकर नोएडा के लिए रवाना किया।

बताया कि दिव्यांग मित्रों को समाज मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उनकी भावनाओं को समझना और उनके अनुरूप माहौल बनाना है ताकि वो भी अपनी प्रतिभा का जलवा दिखा सकें। समाजसेवी परवेज अली ने बताया कि 50 मूख बधिर दिव्यांग लोगों को शिविर में कान की मशीन प्रदान की जाएगी। यह शिविर नोएडा ब्लड बैंक द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर गोलू पंवार, सुनील कुमार, सचिन कुमार, शाहिद अली, नौशाद अली, अरुण, सुरेश गुप्ता, वकार परवेज आदि उपस्थित रहे।

# बेस्ट इन्वेस्टिगेशन ऑफ द मंथ चुने गए प्रभारी निरीक्षक ईओ डब्ल्यू मनोज कुमार बिरला

**शाहवेज खान/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** उ.प्र. के आठ सेक्टरों के बीच अक्टूबर माह में सबसे सर्वोत्तम विवेचना करने पर डीजी ईओडब्ल्यू उ.प्र. ने प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार बिरला, मेरठ सेक्टर मेरठ को माह अक्टूबर का बेस्ट इंवेस्टीगेटिंग ऑफिसर ऑफ द मंथ के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है।

इस दौरान उन्हें पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र, शिल्ड व अन्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ईओडब्ल्यू के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार बिरला ने कई अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा है खासतौर से उन्होंने करोड़ों रुपए का घोटाला करने वाले वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा और उनके विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में भी पेश किया। इसी के साथ-साथ विभाग में काफी समय से लंबी चल रही विवेचनाओं का निस्तारण भी मनोज कुमार बिरला ने किया है। वहीं इस दौरान उन्होंने विदेश भाग गए अभियुक्तों को भी भारत वापस लाकर जेल भेजने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है।



जिसके चलते उन्हें बेस्ट विवेचक के सम्मान से नवाजा गया। मनोज कुमार बिरला ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बड़ा हर्ष का विषय है।

अपनी ड्यूटी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाकर उन्होंने अपराधियों को पकड़ा है और जब ईमानदारी के साथ निभाने वालों को सम्मानित किया जाता है तो पूरी ईमानदारी के साथ काम करने की प्रेरणा दुगनी हो जाती है। उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों का आभार जताया हैं। इस दौरान मनोज कुमार बिरला ने कहा कि वह आगे भी पूरी ईमानदारी के साथ अपने काम को निभाएंगे और अपराधियों के खिलाफ भारतीय कानून के तहत कार्यवाही को अंजाम दिलाएंगे बेस्ट ऑफ द मंथ चुने जाने के बाद मनोज कुमार बिरला को विभाग के अधिकारियों ने सराहा है वहीं उनके सहयोगियों ने भी उन्हें मुबारकबाद दी है।

# पीएल शर्मा अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में प्राथमिकता से होगा पत्रकारों का इलाज

## डीएम ने सूचना अधिकारी को पत्र भिजवाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्यो द्वारा प्रेस क्लब भवन को पत्रकारो को हैंडओवर किये जाने की मांग की गई जिस पर डीएम ने कहा कि प्रेस भवन की मरम्मत कराये जाने के उपरांत इस पर विचार किया जायेगा।

समिति के सदस्यो द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारो को बेहतर चिकित्सा की मांग की गई डीएम द्वारा जिला सूचना अधिकारी को पीएल शर्मा जिला चिकित्सालय तथा लाला लाजपत राय मेडिकल कालेज को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। समिति के सदस्यो द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच कराये जाने की मांग की गई। उन्होंने सीएमओ से समन्वय स्थापित कर हैल्थ कैम्प लगाये जाने के निर्देश दिये। पत्रकारो के उत्पीड़न की शिकायत पर कार्यवाही किये जाने की मांग की गई डीएम ने कहा कि आवश्यक जानकारी सूचना अधिकारी को उपलब्ध करा दी जाये जिससे कि अग्रिम कार्यवाही की जा सके। समिति के सदस्यो द्वारा रेलवे में मान्यता प्राप्त पत्रकारो को किराये में छूट की व्यवस्था को पुनः चालू कराये जाने की मांग की गई। मान्यता प्राप्त पत्रकारो को पेंशन की मांग की गई जिलाधिकारी ने जिला सूचना अधिकारी को पुनः सूची तैयार कर प्रेषित करने के निर्देश दिये। समिति के सदस्यों ने आयुष्मान कार्ड से इलाज में आ रही समस्याओ को रखा जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त समस्या को लिखित में प्राप्त करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करें। सूचना अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर पत्रकारों एवं जिला प्रशासन के मध्य सौहार्द पूर्ण संबंध स्थापित करने तथा प्रेस की स्वतंत्रता को बरकरार रखने के उद्देश्य से जिला स्तर पर डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थायी समिति का गठन किया जाता है।जिसमें मान्यता प्राप्त पत्रकारों को समिति का सदस्य बनाया जाता है।

# लापरवाही बरतने के मामले में दो बीएलओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम में निरंतर लापरवाही बरतने पर दो शिक्षकों के खिलाफ सरधना थाने में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दोनों बीएलओ के खिलाफ कई दिन से शिकायत की जा रही रही थी। इसी के मद्देनजर यह कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार सरधना तहसील के संग्रह अमीन राजऋषि की शिकायत पर गांव खेड़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक राकेश कुमार एवं गांव मछरी की बीएलओ सहायक अध्यापिका कविता चौधरी पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। जिसमें कहा गया था की दोनों के द्वारा काम के प्रति लापरवाही बरती जा रही थी। सोमवार को अधिकारियों के आदेश के बाद दोनों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। दोनों के खिलाफ कई दिन से अधिकारी को शिकायत मिल रही थी, और डाटा मैपिंग में लापरवाही बरतने और सरकारी कार्य में घोर लापरवाही सहित कई मामले में मुकदमा कायम किया गया है।

# वेंक्टेश्वरा विवि में पांच दिवसीय वार्षिक स्पोर्टस मीट एसवीयू ओयसिस का आयोजन

### खेल प्रतियोगिता में युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं: डॉ. राजीव त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय-संस्थान की ओर से वार्षिक स्पोर्टस मीट एसवीयू ओयसिस 2025 का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें वेंक्टेश्वरा की टीमो के साथ-2 जनपद की दो दर्जन से अधिक टीमो के लगभग 1200 से अधिक खिलाड़ियों ने दो दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। पांच दिनो तक चलने वाले इस खेल महाकुम्भ में शनिवार को समापन पर विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को संस्थान की ओर से ट्रॉफी, मेडल एवं सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया जायेगा। वेंक्टेश्वरा विवि के मेजर ध्यानचंद ओपन खेल परिसर में खेल महाकुम्भ वार्षिक स्पोर्टस मीट एसवीयू ओयसिस-2025 का शुभारम्भ अन्तर्राष्ट्रीय निशानेबाज एवं एशियाड चैम्पियन अनु तोमर, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, डॉ. मधु चतुर्वेदी, अपर जिलाधिकारी गरिमा सिंह, उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी, कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने स्पोर्टस मशाल जलाकर एवं सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि खेल ही नहीं बल्कि जीवन की किसी भी स्पर्धा में हम कभी हारते नहीं है, जब हम किसी स्पर्धा में प्रतिभाग करते हैं तो, या तो हम जीतते है या फिर सीखते है कि हमारे प्रदर्शन में कहां कमी रह गयी। इसलिए युवा विभिन्न स्पर्धाओ में प्रतिभाग अवश्य करें। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि फिट इण्डिया-खेलो इण्डिया जैसी शानदार योजनाओं से आज भारतीय खिलाड़ी विश्व स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। आज एसवीयू ओयसिस के पहले दिन कबड्डी, भालाफेंक, गोलाफेंक, 100मीटर दौड़ समेत एक दर्जन प्रतिभागियों में विजेताओ ने अगले दौर में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि एस.पी. अमित कुमार आनन्द ने कहा कि खेलों से न सिर्फ व्यक्तिगत शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का भी सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर संयोजक डॉ. नीतू पंवार, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. राजवर्धन, डॉ. ओमप्रकाश गोसाई, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. थॉमस, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. स्नेह लता, डॉ. शिल्पा रैना, डॉ. आसिया, एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि उपस्थित रहे।






# वी लेकर आया फैमिली आईआर प्रपोजिशन प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परिवार के साथ विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वी फैमिली यूजर्स के लिए टेलीकॉम जगत का पहला फैमिली आईआर प्रपोजिशन लेकर आया है। आईआर पैक्स को यात्रा के इस सीजन इंटरनेशनल रोमिंग को किफायती बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे ग्राहक को अधिक से अधिक फायदा मिलने वाला है। इसके अलावा वी ने आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेन्स के साथ साझेदारी में टेलीकॉम जगत का पहला आईआर प्रपोजिशन भी पेश किया है, जिसकी प्रशंसा भी की जा रही है। जो वी के सभी आईआर पैक्स पर आकर्षक कीमत यानि मात्र रु 285 में रु 40 लाख का यात्रा बीमा कवर प्रदान करता है। यह प्लान सेवाओं की व्यापक रेंज को कवर करता है। यह कवरेज एकमात्र इंटरनेशनल ट्रिप के दौरान वैद्य है, जिसमें एक शुरूआती देश और एक गंतव्य देश शामिल किया जाता है।

# सीवीपीएस में बचपन के रंग किड्स कार्निवल का आयोजन



अपने हुनर को दिखाते सिटी वोकेशनल स्कूल के बच्चें।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल के रूट्स किंडर गार्टन में बचपन के रंग-किड्स कार्निवल का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में बच्चों एवं अभिभावकों के लिए मनोरंजन और उत्साह का भरपूर प्रबंध किया गया। कार्निवल का उद्घाटन विद्यालय प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह द्वारा किया गया। किड्स कार्निवल का मुख्य आकर्षण रिंग द टॉस, स्पिन द व्हील, टॉस द बॉल, मिस्ट्री बॉक्स आदि मनोरंजक खेल, मिक्की माउस एवं विभिन्न झूले रहे। नन्हे-मुन्ने अपने अभिभावकों के साथ इस उत्सव में आए और उन्होंने खेलों एवं झूलों का आनंद लिया। खेलों में जीतने पर उन्हें तोहफे भी दिए गए जिससे सभी के चेहरों पर खुशी दिखाई दे रही थी। सेल्फी प्वाइंट पर बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। विद्यालय निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य एनपी सिंह ने आयोजन की प्रशंसा की।

# कबीर के बाद डाक्टर ईश्वर चंद गंभीर के जीवनवृत का हुआ विमोचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्यारेलाल शर्मा स्मारक के छोटे सभागार में रविवार को कबीर के बाद पुस्तक का विमोचन संपन्न हुआ। इस पुस्तक कबीर के बाद में डाक्टर गंभीर का जीवन वृत का खुलासा वरिष्ठ साहित्यकार सुनील शर्मा उमंग द्वारा किया गया।

इस कृति को आराध्या प्रकाशन ने प्रकाशित किया। इस आयोजन में उपस्थित केएमसी के संस्थापक डॉ. सुनील गुप्ता, रजनी शर्मा अध्यक्ष वी-7 एंटरटेनमेंट कंपनी मुंबई, प्रभात राय (आई.ए.एस), वरिष्ठ पत्रकार पुष्पेंद्र शर्मा, विवेक कुमार सुभारती विश्वविद्यालय जनरल रजिस्टार, डिप्टी एसपी गिरीश चंद्र शर्मा, डॉ. राम शर्मा प्रधानाचार्य द्वारा विमोचन किया गया और डॉ. गंभीर को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने डॉ. गंभीर की इस पुस्तक की सराहना की। बताते चले अब तक डाक्टर गंभीर द्वारा रचित सामाजिक ज्वलंत मुद्दों और जागरूकता को लेकर 35 पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है। विमोचन कार्यक्रम में मुख्य रूप से कवि सतपाल सत्यम, मनोज कुमार मनोज, पुस्तक लेखक सुनील शर्मा उमंग, रामगोपाल भारतीय, नीलम मिश्रा, राजीव शर्मा राजा, डॉ. विजय पंडित, सुदेश यादव, कैप्टन चंद्रपाल यादव, राम कुमारी, विजय सुमन, वाजिद मेरठी, डॉ. दिलशाद सैफी, वारसी, इंडिया राजेश मैडोना, अंकुर कौशिक आदि शहर के बड़े पत्रकार एवं साहित्यकार शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार सुमनेश सुमन द्वारा किया गया।

# भारतीय दलित विकास संस्थान का हुआ 27वां मेधावी छात्र सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय दलित विकास संस्थान के तत्वाधान में 27वां मेधावी छात्र सम्मान समारोह चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी ने की, और संचालन राजकीय डिग्री कॉलेज, अमरोहा के सहायक आचार्य डॉ. मनोज जाटव ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती और डॉ. अम्बेडकर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया।

समारोह में 315 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मान प्रतीक, प्रशस्ति पत्र, मेडल और पाठ्य सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप से देव कुमार 92 प्रतिशत, रामदेवी 94 प्रतिशत, चेतन सागर 91प्रतिशत, कार्तिक 89 प्रतिशत, सुन्दर 89 प्रतिशत रहे। इंटरमीडिएट में सलोनी 88 प्रतिशत और अनुष्का 88 प्रतिशत



मुख्य रहे। समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकताओ को डॉ. अम्बेडकर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में झुग्गी झोपड़ी में बच्चों को पढ़ाने वाली सोनिया शर्मा दिल्ली पर्यावरण के क्षेत्र में मोहन लाल वर्मा, सामाजिक क्षेत्र में नरेश कुमार, शिक्षा के क्षेत्र में प्रोफेसर करन सिंह जे.एन.यू., सफाई कर्मचारी वर्ग में कार्य करने वाले राज कुमार सिद्धार्थ को सम्मानित किया गया।

विधायक अमित अग्रवाल ने 20 छात्रों को दो-दो हजार रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की। पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने डॉ. अम्बेडकर को किसी जाति या समाज का नहीं, वरन सम्पूर्ण विश्व की धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने सभी के अधिकारों की वकालत की और देश की एकता व अखण्डता के लिए कार्य किया। विधायक अमित अग्रवाल ने कहा कि हमारा दायित्व है कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करें। उन्होंने दो गरीब छात्रों को दो-दो हजार रुपये की छात्रवृत्ति भी भेंट की। काशीराम शोधपीठ, चरण सिंह वि. वि. के प्रोफेसर दिनेश कुमार ने छात्रों को अच्छे अंकों के साथ सामाजिक मूल्यों का ध्यान रखने की सलाह दी और भारतीय मूल्यों के साथ समाज एवं देश के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। महापौर हरिकान्त अहलूवालिया ने कहा कि अम्बेडकर के विचारों को अपनाने से ही सामाजिक समरसता का सपना साकार होगा। अध्यक्षता करते हुए डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी ने कहा कि प्रतिभा किसी धर्म या जाति की नहीं, वरन सम्पूर्ण राष्ट्र की धरोहर होती है। डी.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बी.एस. यादव ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समूल नष्ट करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। मेरठ कॉलेज के डॉ. सतीश प्रकाश, आयकर आयुक्त दिल्ली अनिल कुमार, और ईश्वर चन्द सागर ने भी छात्रों को संबोधित किया और राष्ट्र हित में कार्य करने का संदेश दिया। समारोह में मदन गौतम शोभापुर, शिक्षक नेता भारतवीर, सहारनपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित महामन्त्री सुभाष च. महेन्द्र भारती, पार्षद सत्यपाल, पार्षद आनंद जाटव, राम रतन बरे, धर्मेन्द्र प्रधान, इनम, मंजू जाटव, राकेश लिसाड़ी, जतिन लिसाड़ी, जगपाल बौद्ध, चतर सिंह जाटव, राजा राम भारती, संजय एडवोकेट आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### विंडीज के खिलाफ शेष वनडे में मिशेल का खेलना संदिग्ध

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** विंडीज के खिलाफ मैच जिताऊ शतक बनाने वाले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल का कमर में खिचाव की परेशानी के कारण शेष वनडे सीरीज में खेलना संदिग्ध है। हेगले ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में 119 रनों की शतकीय पारी खेलने वाले डेरिल मिशेल को मैच के दौरान कमर में खिचाव की समस्या का सामना करना पड़ा था। उन्हें अपनी बाईं कमर का स्कैन करवाना होगा। न्यूजीलैंड ने बताया कि मिशेल स्कैन के लिए क्राइस्टचर्च में ही रुकेंगे। मेडिकल अपडेट से बाकी श्रृंखला के लिए उनकी उपलब्धता तय होने की उम्मीद है, और हेनरी निकोल्स को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है।

### पुर्तगाल ने फीफा विश्व कप में अपनी जगह पक्की की

**बर्लिन, वार्ता।** जोआओ नेवेस और ब्रूनो फर्नांडीस की हैट्रिक की बदौलत पुर्तगाल ने पोर्टो में आर्मेनिया को 9-1 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। कप्तान रोनाल्डो के निलंबन के बाद, पुर्तगाल ने रविवार को पोर्टो में अपनी नई अग्रिम पंक्ति के साथ मैदान में उतरकर जल्द ही मैच पर नियंत्रण हासिल कर लिया। रेनाटो वेइगा ने सातवें मिनट में गोल करके शुरुआती बढ़त दिलाई, जिससे मेजबान टीम के पास गेंद पर कब्जा करने का दबदबा बना रहा। आर्मेनिया ने 18वें मिनट में पहला अच्छा मौका पाकर बराबरी कर ली, लेकिन पुर्तगाल ने तेजी से जवाबी हमला किया व रामोस ने 10 मिनट बाद गोलकर बढ़त हासिल कर ली, जिसके बाद नेवेस ने दो और फर्नांडीस ने एक और गोल करके रॉबर्टो की टीम को हाफटाइम तक 5-1 से आगे कर दिया।

# अनुया प्रसाद ने स्वर्ण व प्रांजलि धूमल ने जीता रजत पदक

## अनुया ने डेफ फाइनल विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अनुया प्रसाद और उनकी साथी प्रांजलि प्रशांत धूमल ने यहां आयोजित 25वें ग्रीष्मकाल. ीन डेफलिपिक में निशानेबाजी की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। अनुया ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही डेफ फाइनल विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ा और प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड तोड़कर फाइनल में जगह बनाई।

क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले अभिनव देशवाल ने पुरुषों की स्पर्धा में रजत पदक जीता। इसी के साथ दो दिनों की प्रतियोगिता के बाद डेफलिपिक में भारत के निशानेबाजी पदकों की संख्या सात हो गई।

अनुया ने फाइनल की पहली सीरीज में 52.5 का स्कोर बनाया और पूरी प्रतियोगिता में अपनी बढ़त बनाए रखी और अंततः 241.1 के अंतिम स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रांजलि से 4-3 अंक अधिक था। प्रांजलि ने 236.8 का स्कोर के साथ रजत पदक जीता। ईरान की महला समी ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले क्वालीफिकेशन में, प्रांजलि ने अपने ही विश्व और डेफलिपिक रिकॉर्ड तोड़ दिए थे, उन्होंने 572.12ग का स्कोर बनाया, जिससे क्रमशः 568 और 561 के पिछले रिकॉर्ड बेहतर हुए। पुरुषों की स्पर्धा में, अभिनव देशवाल ने 235.2 का स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। कोरिया के ताए यंग किम ने 238.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि क्रोएशिया के बोरिस ग्रामन्याक ने 215.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। अभिनव ने क्वालीफिकेशन में 576 अंक बनाकर विश्व और डेफलिम्पिक्स विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय रुद्र विनोद कुमार 549 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में 12वें स्थान पर रहे। एयर राइफल मिश्रित टीमें कल प्रतिस्पर्धा करेंगी।




# सिनर ने दूसरी बार जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

### इटली के टेनिस स्टार खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल में स्पेन के अल्काराज को हराया

**इटली, वार्ता।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराकर लगातार दूसरी बार अपना एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता।

सिनर ने रविवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी अल्काराज को 7-6 (7-4), 7-5 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। सिनर ने पिछले तीन एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप मैचों में शामिल रहे हैं और उन्होंने लगातार दूसरी बार खिताब जीता है। 2023 के संस्करण में उन्हें सर्बिया के नोवाक जोकोविच से हार का सामना करना पड़ा था। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा कि कार्लोस के खिलाफ खेलना मुश्किल था। वह खेल में वापसी करने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मैं बहुत खुश हूं। यह बहुत ही कठिन मैच था। इस सीजन का इस तरह अंत करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। सिनर और अल्काराज ने साल के चारों ग्रैंड स्लैम खिताब बराबरी पर जीते हैं, जिसमें सिनर ने ऑस्ट्रेलियन और विबलडन का खिताब जीता, जबकि स्पेनिश खिलाड़ी ने फ्रेंच और यूएस ओपन में जीत हासिल की। ट्यूरिन में ग्रुप चरण में तीन जीत के बाद, अल्काराज ने साल के अंत में नंबर वन रैंकिंग हासिल की, सिनर दूसरे स्थान पर हैं।

# गुरप्रीत ने काहिरा में जीता रजत

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव से इनर 10 के अधार पर हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मिस्र के काहिरा स्थित ओलंपिक शूटिग रेंज में आयोजित प्रतियोगित में गुरप्रीत सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में गुरप्रीत का यह दूसरा व्यक्तिगत पदक है, पहला पदक भी उन्होंने 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। फ्रांस के यान पियरे लुई फिड्रिसी ने कांस्य पदक जीता। गुरप्रीत ने दो दिनों की प्रतियोगिता में प्रिसिशन और रैपिड चरणों में कुल 584 अंक हासिल किए, जबकि कोरोस्टाइलोव ने 29 इनर 10 और अंतिम रैपिड राउंड में 100 का परफेक्ट स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय निशानेबाज प्रिसिशन चरण के बाद 288 अंक



● गुरप्रीत सिंह 25 मी. सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में यूक्रेन के पावलो से हारे

(95,97,96) के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर थे। उन्होंने दूसरे दिन वापसी करते हुए रैपिड चरण में 296 अंक (98,99,99) का शानदार स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। प्रिसिशन चरण के बाद 291 के स्कोर के साथ अग्रणी रहे यूक्रेनी निशानेबाज ने रैपिड चरण में 293 अंक का स्कोर बनाकर गुरप्रीत के स्कोर की बराबरी की और स्वर्ण पदक जीता। प्रिसिशन चरण के बाद 291 अंक के साथ पदक की दौड़ में शामिल हरप्रीत सिंह दूसरे स्थान पर रहे थे, रैपिड चरण में केवल 286 अंक ही बना सके, जिससे वे अंततः नौवें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय निशानेबाज, साहिल चौधरी 561 अंक के साथ 28वें स्थान पर रहे। तीनों निशानेबाज टीम पदक तालिका से बाहर रहे और पांचवें स्थान पर रहे। भारत ने विश्व चैंपियनशिप में कुल 13 पदकों (तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए अपना अभियान समाप्त किया। चीन ने 12 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक जीते, जबकि दक्षिण कोरिया ने सात स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जीते। 10 मीटर एयर पिस्टल में सम्राट राणा, 50 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में रविदर सिंह और 10 मीटर पुरुष एयर पिस्टल टीम ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि 50 मीटर थ्री पोजशिन पुरुष में ऐश्वर्य प्रताप, 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में अनीश, 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में गुरप्रीत सिंह, 10 मीटर एयर पिस्टल पदक जीता।

### भारत के काले और लोपेज की जोड़ी ने अपना पहला बीडब्ल्यूएफ युगल खिताब जीता

**जाम्बिया, वार्ता।** भारतीय शटलर अनुज काले और इयान लोपेज की जोड़ी ने अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना की जोड़ी को हराकर बैडमिटंन टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब जीता। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सेंटर में रविवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए बैडमिटंन रैंकिंग में 386वें स्थान पर काबिज काले और लोपेज ने 26 मिनट तक चले मुकाबले में हमवतन और दुनिया की 618वें नंबर की जोड़ी अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना को 21-9, 21-13 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले इस युवा भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में जाम्बिया के गैनलियन डोंग और डाकिग हू की जोड़ी को सीधे गेमों में हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। दोनों खिलाड़ियों के लिए यह उनका पहला बीडब्ल्यूएफ बैडमिटंन खिताब है। इस बीच, पुरुष एकल में, भारत के हेमंत गौड़ा 44 मिनट तक चले फाइनल में यूएई के शशांक साई मुन्नांगी से 21-11, 13-21, 12-21 से हारकर उपविजेता रहे। चौथी वरीयता प्राप्त और 370वीं रैंकिंग वाले गौड़ा ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त एप्रैम स्टीफन सैम को हराकर शानदार उलटफेर किया था। लेकिन पहला गेम जीतने के बावजूद खिताबी मुकाबले में वह हार गए।

### भारतीय टीम सुल्तान अजलान शाह कप के लिए मलेशिया रवाना

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 से 30 नवम्बर तक होने वाले 31वें सुल्तान अजलान शाह कप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सोमवार तड़के बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से मलेशिया के इपोह के लिए रवाना हुई। इस संस्करण में भारत 23 नवम्बर को अपने शुरुआती मैच में कोरिया से भिड़ेगा, उसके बाद राउंड-रॉबिन चरण में बेल्जियम, मेजबान मलेशिया, न्यूजीलैंड और कनाडा के खिलाफ मैच होंगे। लीग चरण के अंत में शीर्ष दो टीमें 30 नवम्बर को होने वाले फाइनल में अपनी जगह पक्की करेंगी। पिछले कुछ हफ्तो से भारतीय टीम ने बेंगलुरु में अभ्यास किया है। डिफेंडर संजय टूर्नामेंट में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। कप्तान संजय ने कहा कि हम सुल्तान अजलान शाह कप का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीम ने पिछले कुछ हफ्तो में कड़ी मेहनत की है, सामरिक अनुशासन और फिटनेस दोनों पर ध्यान केंद्रित किया है। यह टूर्नामेंट हमेशा एक बेहतरीन प्रतिस्पर्धी माहौल और मजबूत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खुद को परखने का मौका प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार और प्रेरित हैं।

# गिल को मिली अस्पताल से छुट्टी



● द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गर्दन में अकड़न के कारण हुए थे भर्ती

**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गर्दन में आई अकड़न के इलाज के बाद भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को एक निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हालांकि अगले शनिवार को गुवाहाटी में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है, क्योंकि टीम प्रबंधन उनके कार्यभार को ध्यान में रखकर ही अंतिम निर्णय लेगा।

गिल अब होटल में अपने साथी खिलाड़ियों से जुड़ेंगे। लेकिन ऐसा माना जा रहा कि वह मंगलवार सुबह कोलकाता में होने वाले अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लेंगे। पूरी टीम बुधवार को गुवाहाटी के लिए उड़ान भरेगी। लेकिन चूंकि गिल गर्दन की समस्या से उबर रहे हैं और वाणिज्यिक उड़ान (कमर्शियल एयर ट्रैवल) की सलाह आमतौर पर ऐसे खिलाड़ियों को नहीं दी जाती। इसलिए ऐसी अटकलें हैं कि वह टीम के साथ उस दिन यात्रा न करें। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच के बाद बताया कि शुभमन गिल की फॉटिनेस पर मेडिकल टीम लगातार नजर बनाए हुए है और फिजियो जल्द ही उनकी एक और जांच करेगा।

चौथी पारी में गिल के बाहर होने से भारत के पास एक बल्लेबाज कम रह गया था और कम स्कोर वाले मुकाबले में यह कमी सीधे असर डाल गई। गंभीर ने माना कि यह स्थिति आसान नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह एक चुनौती भरी परिस्थिति थी। शुरुआत से हम जानते थे कि हमारी बल्लेबाजी में एक खिलाड़ी कम है। शुभमन उपलब्ध नहीं थे और लंच से पहले दो विकेट गिर गए, तो व्यवहारिक तौर पर हम तीन विकेट खो चुके थे। फिर भी हमें भरोसा था कि अगर एक पचास रन की साझेदारी या दो चालीस रन की साझेदारियां बन जातीं, तो मैच की दिशा अलग हो सकती थी। अगर गिल गुवाहाटी टेस्ट के लिए फिट नहीं होते, तो उनके स्थान के लिए बी साई सुदर्शन और देवदत्त पड़िक्कल को विकल्प के तौर पर देखा जा सकता है। पड़िक्कल ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में एक-एक टेस्ट खेला था। अगर टीम एक बदलाव तक सीमित रहती है, तो भारत की अगली इलेवन में सात बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल होंगे। कोल. काता टेस्ट में भारत ने पहली बार छह बाएं हाथ के बल्लेबाज खिलाए थे। ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने अपने आठ में से छह विकेट बाएं हाथ के बल्लेबाजों को आउट करके इस कमजोरी को उजागर भी किया, जबकि पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर एडन मारक्रम ने भी एक विकेट लिया था।

# संगकारा निभाएंगे आरआर के क्रिकेट निदेशक और मुख्य कोच की दोहरी भूमिका

**जयपुर, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दौरान कुमार संगाकारा राजस्थान रॉयल्स (आआर) के प्रमुख कोच और क्रिकेट निद. ेशक की दोहरी भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही पिछली बार बल्लेबाजी कोच रहे विक्रम राठौड़ को टीम का सहायक कोच बनाया गया है। संगाकारा पहले भी 2021 से 2024 तक टीम के प्रमुख कोच रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में आआर की टीम 2022 के फाइनल और 2024 के प्लेऑफ में पहुंची थी। आआर ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि वह एक ऐसा दौर था, जिसमें टीम के प्रदर्शन और निरंतरता में साफ बढ़ोतरी देखी गई। फ्रैंचाइजी के मुख्य मालिक मनोज बदाले ने कहा कि हम बेहद खुश हैं कि कुमार एक बार फिर प्रमुख कोच के रूप में लौट रहे हैं। टीम को उनकी पहचान, नेतृत्व और रॉयल्स के कल्चर



की गहरी समझ से निरंतरता और स्थिरता का सही संतुलन मिलेगा। कुमार ने हमेशा हमारा पूरा भरोसा जीता है। उनकी स्पष्टता और क्रिकेट की समझ टीम को अगले स्तर तक ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी। इसके साथ बल्लेबाजी कोच राठौड़ का प्रमोशन भी हुआ है। फ्रैंचाइजी ने यह भी घोषणा की कि शेन बॉन्ड गेंदबाजी कोच, ट्रेवर पेनी और सिड लाहिरी क्रमशः सहायक कोच और हाई परफॉर्मेंस कोच बने रहेंगे। संगाकारा ने कहा कि प्रमुख कोच के तौर पर लौटना और इस प्रतिभाशाली ग्रुप के साथ काम जारी रखना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि मेरे साथ एक मजबूत कोचिग टीम भी है। विक्रम, ट्रेवर, शेन और सिड अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अनुभव लाते हैं और हम साथ मिलकर खिलाड़ियों को सबसे अच्छी तैयारी देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि हमें टीम के रूप में किस दिशा में जाना है और हमारा लक्ष्य ऐसी टीम बनाना है, जो स्पष्टता, मजबूती और एक उद्देश्य के साथ खेले। टीम प्रबंधन को अब एक नए कप्तान के साथ काम करना होगा, क्योंकि आरआर ने अपने निवर्तमान कप्तान संजू सैमसन को ट्रेड डील में चेन्नई सुपर किग्स को दे दिया है, जहां से उन्हें रवींद्र जडेजा और सैम करन मिले हैं। टीम ने नितीश राणा, आकाश मधवाल, अशोक शर्मा, फजलहक फारूकी, कुमार कार्तिकेय, कुणाल आदि।

# दिल्ली खेल पत्रकार संघ के वार्षिक पुरस्कार समारोह में मीराबाई को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला

**नई दिल्ली**, वार्ता। दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) ने रविवार को दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में अपना वार्षिक पुरस्कार समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस प्रतिष्ठित समारोह में डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष एवं भारतीय तीरंदाजी संघ के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस समारोह को डीडीसीए, प्रो कबड्डी लीग, वर्ड्सवर्क कम्युनिकेशंस और प्रोकैम इंटरनेशनल सहित आधिकारिक प्रायोजकों का भरपूर समर्थन प्राप्त था। इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न खेल पत्रकार खेल जगत और उसकी हस्तियों का सम्मान करने के साथ-साथ इस क्षेत्र के अनुभवी पत्रकारों के अमूल्य प्रयासों को भी सम्मानित करने के लिए एकत्रित हुए। तीन

● इस प्रतिष्ठित समारोह में डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे

वरिष्ठ पत्रकारों - प्रदीप मैगजीन, विपिन बहुगुणा और केपी मोहन को खेल पत्रकारिता में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनकी दिलचस्प कहानियों ने विभिन्न खेलों के कुछ सबसे यादगार पलों को खूबसूरती से कैद किया है। टोक्यो 2020 की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और उनके कोच विजय शर्मा को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कोच के रूप में सम्मानित किया गया। मशाल स्पोर्ट्स के प्रमुख और प्रो कबड्डी लीग के लीग अध्यक्ष अनुपम गोस्वामी को भी भारत के स्वदेशी खेल के उत्थान के लिए उनके समर्पित प्रयासों के लिए वर्ष के सर्वश्रेष्ठ प्रशासक के रूप में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रोहन जेटली ने कहा कि डीएसजेए वार्षिक पुरस्कार समारोह में यह मेरा दूसरा अवसर है और खेल जगत में खेल पत्रकारों द्वारा दिए गए योगदान को मान्यता देने की यह एक शानदार पहल है। पत्रकार खेलों और खिलाड़ियों को पहचान और लोकप्रियता दिलाने में मदद करते हैं, और इस प्रकार, किसी भी खेल के विकास में उनकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। इस समारोह से जुड़कर डीडीसीए को खुशी हो रही है और मैं विश्वास दिलाता हूं कि हम डीएसजेए को आवश्यक सहयोग प्रदान करते रहेंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अतीत में एक पत्रकार के रूप में काम करने के बाद, मेरे लिए खुशी की बात है कि मैं भी इस बिरादरी का हिस्सा हूं।

# पाक ने श्रीलंका को फिर हराया, सीरीज भी जीती

● गेंदबाजों व बल्लेबाजों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाक ने श्रीलंका को हराया

**रावलपिडी, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद फखर जमान (55), मोहम्मद रिजवान (नाबाद 61) और हुसैन तलत (नाबाद 42) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ आसानी से 212 रनों का लक्ष्य हासिल कर एकदिवसीय मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली। फखर जमान की शानदार शुरुआत और मोहम्मद रिजवान और हुसैन तलत के बीच में लगातार मैच जिताऊ साझेदारी की बदौलत मेजबान टीम ने 5-2 ओवर शेष रहते छह विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने धीमी शुरुआत की




और हसीबुल्लाह खान 12 गेंदों पर शून्य पर आउट हुए। महेश दीक्षाना ने उन्हें आउट किया किया। लेकिन इसके बाद फखर ने जल्दी ही लय पकड़ ली और प्रमोद मदुशन और दीक्षाना के खिलाफ अपनी लय बनाए रखते हुए टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया। उन्होंने 45 गेंदों पर 55 रनों की तेज पारी में आठ चौके लगाए और बाबर आजम के साथ 80 रन जोड़कर पाकिस्तान को 82/1 के स्कोर पर नियंत्रण में ला दिया। इसी दौरान श्रीलंका ने जेफरी वेंडरसे के जरिए वापसी की। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फखर को डीप में कैच कराया, बाबर को 34 रन पर सीधी गेंद पर बोल्ड किया और सलमान आगा को पगबाधा आउट कर पाकिस्तान को 115/4 पर लाकर लड़खड़ाते हुए छोड़ दिया। इसके बाद, रिजवान और तलत ने पारी को संभाला और श्रीलंका के लिए रास्ता बंद कर दिया। रिजवान ने अपना 19वां एकदिवसीय अर्धशतक पूरा किया। वह 92 गें. दों पर केवल चार चौकों की मदद से 61 रन बनाकर नाबाद रहे। तलत ने 57 गेंदों पर नाबाद 42 रनों की संयमित पारी खेलकर उनका साथ दिया। इससे पहले, श्रीलंका ने एक और अच्छी शुरुआत गंवा दी और शीर्ष सात बल्लेबाजों में से छह के अच्छी शुरुआत करने के बावजूद केवल 45-2 ओवरों में 211 रनों पर सिमट गई। पाकिस्तान ने मोहम्मद वसीम जूनियर ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी के लिए भेजे गए पथुम निसांका और कामिल मिशारा ने सकारात्मक शुरुआत की और आठ ओवरों में बिना कोई विकेट खोए स्कोर 55 तक पहुंचा दिया। लेकिन दोनों जल्दी-जल्दी आउट हो गए। निसांका ने 24 रन पर हारिस रऊफ को और 12वें ओवर में मिशारा ने वसीम को 29 रन पर आउट कर दिया। कुसल मेंडिस और सदीरा समरविक्रमा ने 43 रनों की साझेदारी करके टीम को संभालने का प्रयास किया।

# प्रत्यर्पण संधि पर सवाल

बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई है। बांग्लादेश ने भारत से अनुरोध किया है कि वो शेख हसीना को सौंपे। शेख हसीना का कहना है, ट्रिब्यूनल का फैसला पक्षपाती और राजनी. ति से प्रेरित है। अब सवाल उठता है कि क्या भारत उन्हें बांग्लादेश को सौंपेगा, उस प्रत्यर्पण संधि का क्या होगा जो दोनों देशों के बीच हुई थी। शेख हसीना भारत में हैं। अब सवाल उठता है कि क्या भारत उन्हें बांग्लादेश को सौंपेगा। बांग्लादेश ने सबसे पहले दिसम्बर 2024 में भारत से शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध किया था, जो छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद भागकर नई दिल्ली आई थीं। इसके साथ ही उनके 15 साल के शासन का अंत हो गया था। यह अनुरोध भारत के विदेश सचिव की बांग्लादेश यात्रा के दो हफ्ते बाद आया था, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने 8 अगस्त को कार्यभार संभालने के बाद मांग की थी कि भारत हसीना को वापस भेजे, ताकि बांग्लादेश उन पर प्रदर्शनकारियों और उनके विरोधियों के खिलाफ अपराधों और पिछले 15 वर्षों के कार्यकाल के दौरान उन पर किए गए अपराधों के लिए मुकदमा चला सके। अब सवाल उठता है कि उस प्रत्यर्पण संधि का क्या होगा, जिसे ऐसे मामलों के लिए किया गया था। भारत और बांग्लादेश ने जनवरी, 2013 में प्रत्यर्पण संधि पर साइन किए थे। संधि कहती है, अगर कोई फैसला राजनीति से प्रेरित है, तो दूसरा देश प्रत्यर्पण के अनुरोध को अस्वीकार कर सकता है। ट्रिब्यूनल के फैसले से पहले भी हसीना चीजों को राजनीति से प्रेरित बताती रही हैं। वो इसी शब्द का बार-बार इस्तेमाल करती रही हैं। शेख हसीना ने अब अपने बयान में कहा है कि ट्रिब्यूनल का फैसला मेरे खिलाफ आया है। यह गलत फैसला है। पक्षपात है और राजनीति से प्रेरित है। इसमें मेरा पक्ष सुना ही नहीं गया था। यह फैसला ऐसे ट्रिब्यूनल ने दिया है जिसे गैर निर्वाचित सरकार चला रही है। उनके पास जनता का कोई जनादेश तक नहीं है। इसलिए यह गलत है।अब सवाल है कि प्रत्यर्पण संधि में क्या-क्या कहा गया है और उसके प्रावधान क्या हैं। अगर अपराध राजनीतिक प्रख्रति का लगता है, तो प्रत्यर्पण से इन्कार किया जा सकता है। कुछ अपराध, जैसे हत्या, जबरन गायब कर देना और यातना को संधि के तहत राजनीतिक अपराधों की श्रेणी से बाहर रखा गया है। इन्कार के आधारों में ऐसे आरोप भी शामिल हैं जो न्याय के हित में सद्भावनापूर्वक नहीं लगाए गए हैं या ऐसे सैन्य अपराध हैं जिन्हें सामान्य आपराधिक कानून का उल्लंघन नहीं माना जाता है। अनुच्छेद 8 में इन्कार के लिए कई आधारों की सूची दी गई है, जिनमें निम्नलिखित मामले शामिल हैं।जैसे- न्याय के हित में सद्भावनापूर्वक आरोप नहीं लगाया गया है या सैन्य अपराधों के मामले में जो सामान्य आपराधिक कानून के अंतर्गत अपराध नहीं हैं। अब शेख हसीना को उन्हें सौंपा जाएगा या नहीं, यह पूरी तरह से भारत सरकार की प्रतिक्रिय पर टिका है। भारत के पास बांग्लादेश के प्रत्यर्पण अनुरोध को स्वीकार करने के लिए कानूनी और कूटनीतिक साधन हैं, लेकिन सरकार के पास इन्कार करने के स्पष्ट और ठोस आधार भी हैं। सरकार इस बात पर विचार कर सकती है कि क्या ट्रिब्यूनल का फैसला एक प्रामाणिक, निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया को दर्शाता है और क्या एक पूर्व शासनाध्यक्ष को वापस भेजने से उनके साथ दुर्व्यवहार, अपील पर अनुचित सुनवाई या अन्य मानवाधिकार के जोखिम पैदा होंगे।

## देश कुर्सी से कहीं बड़ा



10 नवम्बर को लाल किले पर हुआ विस्फोट देश भर में बढ़ती असुरक्षा की भावना और जम्मू- कश्मीर में केंद्र की नीतियों की विफलता को दिखाता है, आपने दुनिया को बताया कि कश्मीर में सब कुछ ठीक है, लेकिन कश्मीर की परेशानी लाल किले के सामने गूंज रही हैं, आपने जम्मू-कश्मीर को सुरक्षित बनाने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा करने के बजाय, आपकी नीतियों ने दिल्ली को असुरक्षित बना दिया है, हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करके वोट, तो मिल सकते हैं, लेकिन देश किस दिशा में जा रहा है, दिल्ली के लोग शायद यह सोचते हैं कि जितना ज्यादा हिंदू- मुस्लिम विभाजन होगा, उतना ही खून-खराबा होगा, उतने ही ज्यादा वोट उन्हें मिलेंगे, मुझे लगता है कि उन्हें दोबारा सोचना चाहिए, देश कुर्सी से कहीं बड़ा है।

**-महबूबा मुफ्ती, पीडीपी चीफ और जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम**

# जोहरान ममदानी से उमर उन नबी तक वैश्विक मुस्लिम के दो चेहरे



**एम हसन**

उच्च शिक्षित डॉ. उमर-उन-नबी और उनके सहयोगियों, जिनमें लखनऊ की एक महिला डॉक्टर भी शामिल हैं, द्वारा मचाई गई तबाही ने यह साबित कर दिया है कि अगर वैचारिक रुझान ही गलत हैं, तो आधुनिक उच्च शिक्षा किसी भी मुद्दे के लिए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक लड़ाई की गारंटी नहीं है। जोहरान ममदानी और डॉ. उमर-उन-नबी के बीच यही बुनियादी अंतर है। जब वैश्विक शक्तियां, हिंसक और क्रूर अतीत को भुलाकर, एक पूर्व सिर काटने वाले को गले लगा रही थीं, उसी समय उसके वैचारिक भाई 10 नवंबर को दिल्ली की व्यस्त सड़कों पर मौत और तबाही फैलाते हुए बेकाबू हो रहे थे, लेकिन दूसरा पहलू जोहरान ममदानी और कुछ अन्य लोगों का कोमल, शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक चेहरा था, जिन्होंने अपनी चुनावी जीत से साबित कर दिया है कि वैश्विक मुस्लिम समाज के दो अलग-अलग चेहरे हैं।

उच्च शिक्षित डॉ. उमर उन नबी और उनके सहयोगियों, जिनमें लखनऊ की एक महिला डॉक्टर भी शामिल हैं, द्वारा किए गए उत्पात ने यह साबित कर दिया है कि अगर वैचारिक रुझान गलत हैं, तो आधुनिक उच्च शिक्षा किसी भी मुद्दे के लिए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक लड़ाई की गारंटी नहीं है। जोहरान ममदानी और डॉ उमर उन नबी के बीच यही बुनियादी अंतर है।

इसलिए, दिल्ली विस्फोटों को एक आतंकवादी हमले के रूप में देखने के अलावा, मुस्लिम समाज के भीतर उदारवादी ताकतों को शामिल करके मुस्लिम समाज को कट्टरपंथ से मुक्त करने के सरकारी प्रयास भी किए जाने चाहिएं। आतंकवादियों का सफाया जरूरी है और पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों को जम्मू-कश्मीर तथा कुछ अन्य इलाकों में इस दिशा में सफलता मिली है, लेकिन उदारवादी इस्लामी विद्वानों को शामिल करके कट्टरपंथ से मुक्ति दिलाने के लिए सिंगापुर मॉडल के धार्मिक पुनर्वास समूह (आरआरजी) को यहां भी लागू किया जा सकता है। दशकों तक कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा देने के बाद, सऊदी अरब और यूएई ने अब कट्टरपंथ से मुक्ति केंद्र चलाना शुरू कर दिया है, जहां उन्होंने अगली पीढ़ी की सुरक्षा के लिए विभिन्न वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल किया है। कुछ साल पहले, मोदी सरकार ने मुस्लिम समाज में कट्टरपंथ के खिलाफ काम करने के लिए प्रमुख सूफी विद्वानों के एक समूह को शामिल किया था। लेकिन विभिन्न अपरिहार्य कारणों से यह सफल नहीं हो सका। हालांकि, पिछले एक दशक में विशुद्ध राजनीतिक कारणों से बड़े पैमाने पर नफरत का माहौल बनने से भी मुसलमानों में कट्टरपंथ को बढ़ावा मिला है।

मुद्दा कारणों की जांच और सुधारात्मक उपाय करने का है। विभिन्न मुस्लिम संगठनों द्वारा दिल्ली विस्फोटों की केवल निंदा और मृत्यु व विनाश पर शोक व्यक्त करने से समस्याओं का समाधान नहीं होगा। मुस्लिम नेतृत्व को अपनी अगली पीढ़ी को वैचारिक अतिवाद और विनाश से बचाना होगा। सोशल मीडिया के साधनों ने भी युवा पीढ़ी पर अत्यधिक नकारात्मक प्रभाव डाला है। समुदाय को ममदानी, गजाला हाशमी (लेफ्टिनेंट गवर्नर, वर्जीनिया), अल अब्देलअजीज (न्यू जर्सी जनरल असेंबली), अब्दुल्ला हम्मूद (मेयर, डियरबॉर्न), मो बेयदौन (मेयर, डियरबॉर्न हाइट्स) और फैजुल कबीर (मेयर, कॉलेज पार्क) जैसे उदारवादी लोगों और विजेताओं से प्रेरणा लेनी चाहिए, न कि देश में हिंसा फैलाने वाली कट्टरपंथी ताकतों से।

सुरक्षा एजेंसियां दिल्ली आतंकवाद को सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र कह रही हैं, लेकिन यह कोई नई घटना नहीं है। उच्च शिक्षित और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित लोग एक संदिग्ध विचारधारा के कारण आतंकवाद की ओर आकर्षित हुए हैं, जिसने वैश्विक मुस्लिम समाजों में हिंसा को बढ़ावा दिया और उन्होंने गरीबी से त्रस्त पृष्ठभूमि के लोगों को संगठित करके अजमल कसाब (2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद पकड़ा गया पाकिस्तान-प्रशिक्षित आतंकवादी) जैसे लोगों को पैदा किया। ओसामा बिन लादेन, अयमान अल-जवाहिरी, अबू बक्र अल बगदादी, मुल्ला उमर और कई अन्य वैश्विक आतंकवादी शिक्षित और पेशेवर रूप से कुशल थे। इसी तरह, न्यूयॉर्क में 9/11 के हमलावर सभी योग्य और कुशल लोग थे, लेकिन विचारधारा ने उनके हाथों में बंदूकें और बम थमा दिए। इस प्रकार सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र लंबे समय से चल रहा है। भारतीय संदर्भ में, यह पैटर्न केवल कश्मीर समस्या ही नहीं, बल्कि अखिल भारतीय समस्या भी है। अगर हम पीछे मुड़कर देखें, तो यह पैटर्न देश के विभिन्न हिस्सों में भी दिखाई देता था। हाल के वर्षों में ध्वस्त हुए घरेलू आतंकी मॉड्यूलों में महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और अब उत्तर प्रदेश के कट्टरपंथी इंजीनियरों, आईटी पेशेवरों और डॉक्टरों की संलिप्तता के संकेत मिले हैं, जहां से लखनऊ में जन्मे दो डॉक्टरों को दिल्ली विस्फोट मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह दर्शाता है कि कट्टरपंथ और उसके बाद हिंसा का सहारा लेने की अपील सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और व्यवसायों में व्याप्त है। आईएस और अल-कायदा का इतिहास बताता है कि ये वैचारिक रूप से अत्यधिक कट्टरपंथी और हिंसक समूह हमेशा अपने विभिन्न शाखाओं में हिंसक अभियानों के लिए शिक्षित पेशेवरों की भर्ती करते रहे हैं। यह पैटर्न बलूच और खालिस्तानी आंदोलनों में भी स्पष्ट है।

> सुरक्षा एजेंसियां दिल्ली आतंकवाद को सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र कह रही हैं, लेकिन यह कोई नई घटना नहीं है। उच्च शिक्षित और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित लोग एक संदिग्ध विचारधारा के कारण आतंकवाद की ओर आकर्षित हुए हैं, जिसने वैश्विक मुस्लिम समाजों में हिंसा को बढ़ावा दिया और उन्होंने गरीबी से त्रस्त पृष्ठभूमि के लोगों को संगठित करके अजमल कसाब (2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद पकड़ा गया पाकिस्तान-प्रशिक्षित आतंकवादी) जैसे लोगों को पैदा किया। ओसामा बिन लादेन, अयमान अल-जवाहिरी, अबू बक्र अल बगदादी, मुल्ला उमर और कई अन्य वैश्विक आतंकवादी शिक्षित और पेशेवर रूप से कुशल थे। इसी तरह, न्यूयॉर्क में 9/11 के हमलावर सभी योग्य और कुशल लोग थे, लेकिन विचारधारा ने उनके हाथों में बंदूकें और बम थमा दिए। इस प्रकार सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र लंबे समय से चल रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




# खाद्य पदार्थों का चेक करें न्यूट्रीशनल लेवल

**दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर जॉहाना बडविग ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया।**

अमेरिका और यूरोप समेत विश्व के अधिकांश देशों ने कई साल पहले जिस खतरनाक ट्रांस फैट पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी थी। उस फैट का हमारे यहां अभी भी वनस्पति और रिफाइंड तेलों में भरपूर प्रयोग हो रहा है। इस वजह से देश में हृदय, मधुमेह, अल्जाइमर, कैंसर आदि घातक बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ट्रांस फैट को हमारे शरीर को दिनभर में मिलने वाली ऊर्जा का एक प्रतिशत हिस्सा से कम रखने की अनुशंसा की है। गैर सरकारी संस्था सेंटर फॉर साइंस एंड इनवायरमेंट (सीएसइ) ने वर्ष 2012 में 30 ब्रांडेड तेलों पर अनुसंधान करके बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया था।

सीएसई ने इन तेलों का अपनी प्रयोगशाला में परीक्षण करके कहा था कि हमें रसोई के तेल से धीमा जहर मिल रहा है और हम हर रोज खतरनाक बीमारियों की गिरफ्त में जा रहे हैं। इस संस्था ने इन तेलों में डेनमार्क के अंतर्राष्ट्रीय मानक दो प्रतिशत से कहीं अधिक पांच से 23 प्रतिशत तक ट्रांस फैट की मौजूदगी की पुष्टि की थी। सीएसई की इस पहल के बाद भारतीय खाद्य एवं सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफसएएसएआई) ने तेल कंपनियों के लिए भार से 10 प्रतिशत से कम ट्रांस फैट का मानक तय किया और इसे पांच प्रतिशत लाने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। सीएसई के खाद्य एवं सुरक्षा डिविजन के प्रोग्राम मैनेजर अमित खुराना ने बताया कि सरकार ने ट्रांस फैट के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया है कि इसे पांच प्रतिशत पर लाना है, लेकिन देखिए कब तक इसे अमल में लाया जाता है। दस से पांच प्रतिशत पर लाए जाने का सरकार का कदम स्वागत योग्य है। इससे हमारे स्वास्थ्य पर काफी फर्क पड़ेगा। लेकिन भविष्य में इसे नीयर जीरो लाना होगा। हमारी मांग है कि खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग पर इसकी लेबलिग होनी चाहिए। साफ-साफ अक्षरों में सेचुरेटेड और ट्रांस फैट की मात्रा के बारे में उल्लेख होना चाहिए। हमने बाजार में मौजूद कई नामी-गिरामी कंपनियों के खाद्य तेलों पर अध्ययन किया था और उनमें स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक ट्रांस फैट की मौजूदगी पांच से 23 गुना अधिक पाई थी। वर्ष 2012 में हमारे अध्ययन के बाद एफएसएसएआई ने वर्ष 2013 में ट्रांस फैट का लेबल 10 प्रतिशत करने और वर्ष 2015 तक इसे पांच प्रतिशत करने के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया था। फिलहाल यह लेबल 10 प्रतिशत है, लेकिन पांच प्रतिशत के लेबल की समय सीमा को बढ़ा कर इस वर्ष फरवरी तक कर दिया गया है। उम्मीद है इस पर गंभीरता से अमल किया जाएगा।

सीएसई की निदेशक ने कहा है कि पी गोपीचंद राष्ट्रीय हीरो इसलिए नहीं हैं कि उन्होंने दो ओलंपिक मेडलिस्ट, साइना नेहवाल और पीवी सिंधु को तैयार किया है। वह इसलिए आदरणीय और सम्मानीय हैं कि सॉफ्ट ड्रिंक के लिए विज्ञापन करने से मना करने वाले वह इकलौते स्पोर्ट्स मैन हैं। सुश्री नारायण के अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2014 में एफएसएसएआई से जंक फूड और प्रसिद्ध हस्तियों से अस्वस्थ्यकर खाद्य एवं पेय पदार्थों के बारे में विज्ञापन के संबंध में गाइडलाइंस तैयार करने को कहा था, लेकिन इस दिशा में कहां कुछ हुआ है। ब्रांड लॉबी की कोशिश होती है कि इस तरह की कोई अच्छी चीज अमल में नहीं आए। स्पेन में बडविग प्रोटोकॉल के तहत कैंसर के खिलाफ वैकल्पिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र का संचालन करने वाले डॉक्टर ने बातचीत में कहा कि मानवीय हितों के लिए अद्वितीय काम करने वाली सीएसई ने केवल भारत की जनता की आंखें ही नहीं खोल दीं बल्कि कुंभकर्ण की नींद सो रहे एफएसएसएआई को भी झकझोर कर उठा दिया है। डा. ने कहा कि आपकी सरकार को जागना ही होगा और अपने लोगों की रक्षा करनी ही होगी, क्योंकि एक देश मुट्ठीभर कंपनियों से नहीं, एक-एक नागरिक को मिलाकर बनता है और देश का स्वास्थ्य हर हाल में सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर जॉहाना बडविग ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया। दुख की बात है कि आज हमारी हैल्थ केयर सर्विसेज हैल्थ इंडस्ट्री बन चुकी हैं। आज इनका सिद्धांत है कि पहले बीमार करो फिर उपचार करो। और दोनों से कमाओ। पहले 50 रुपये की लागत से बना पिज्जा 500 रुपये में खिलाएंगे और जब हमें कैंसर या कोई दूसरा रोग हो गया तो मुट्ठीभर दवा के हजारों और लाखों वसूलेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रांस फैट टॉक्सिक, अखाद्य और कृत्रिम फैट है।

इसे सस्ते तेलों का आंशिक हाइड्रोजिनेशन करके फैक्ट्री में बनाया जाता है। प्राकृतिक तेल और जीव-वसा में प्राय: यह फैट नहीं होता है। यह देखने में घी और मक्खन की तरह होता है और इसकी शेल्फ लाइफ बहुत अधिक होती है, यानि इसमें बने व्यंजन अधिक देर तक चलते हैं। इसको बनाने में लगात भी कम आती है। इसलिए यह बेकरी, हलवाई और प्रोसेस्ड फूड निर्माताओं का मनपसंद फैट है। घरों में इस्तेमाल होने वाले रिफाइंड ऑयल और वनस्पतियों में भी यह फैट होता है। जानी-मानी कंपनियों के नमकीन चिप्स, बर्गर, छोले भटूरे, समा. सा, कचौड़ी, पकौड़ी, कैंडी, पिज्जा, चॉकलेट, आइसक्रीम आदि में भारी मात्र में ट्रांस फैट पाया जाता है।

# मीठे और वसा से इस तरह प्रभावित होता है आपका मस्तिष्क

आमतौर पर जब किसी बुरी आदत या लत की बात होती है तो हम धूम्रपान या मद्यपान के बारे में सोचते हैं, लेकिन एक ऐसी भी लत है जिसने वयस्कों और बच्चों की बड़ी संख्या को अपनी चपेट में लिया है। यह लत खानपान की लत है। खानपान में भी विशेष रूप से वसा और चीनी से भरपूर भोजन हमें अधिक लुभाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो भोजन की लालसा मात्र एक भावना नहीं है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दशकों में हमारा भोजन अति-प्रोसेस्ड हो गया है। इस प्रकार का भोजन शरीर में चीनी और वसा संवेदी ग्राहियों को सक्रिय कर डोपामाइन मुक्त करने का काम करता है। प्रोसेस्ड खाद्य शरीर में कुछ ऐसे परिवर्तन करते हैं जिससे मस्तिष्क इनका अधिक सेवन करने को प्रोत्साहित करने लगता है और लंबे समय तक इनका सेवन शरीर के लिए घातक हो सकता है। विशेषज्ञ खानपान की लत को बारीकी से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि भोजन हमारे मस्तिष्क को कैसे प्रभावित करता है।

एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मस्तिष्क से डोपामाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर मुक्त होना है। नशीले पदार्थों के समान खाना खाने से भी डोपामाइन मुक्त होता है। आम समझ है कि डोपामाइन आनंद में वृद्धि करता है लेकिन यह सच नहीं है। यह हमें ऐसे व्यवहारों को दोहराने के लिए उकसाता है जो जीवन के लिए जरूरी हैं। जैसे भोजन करना और प्रजनन। जितना अधिक डोपामाइन मुक्त होगा, उस व्यवहार को दोहराने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। वसा या चीनी युक्त भोजन का सेवन करने पर हमारे मुंह का सेंसर स्ट्रिएटम को डोपामाइन मुक्त करने का संदेश भेजता है। स्ट्रिएटम मस्तिष्क का एक भाग है जो गतियों और पुरस्कार योग्य व्यवहार से जुड़ा है, लेकिन मुंह के सेंसर द्वारा डोपामाइन मुक्त होना पूरी प्रक्रिया का केवल एक हिस्सा है।

विशेषज्ञों के अनुसार आंत में भी वसा और चीनी के लिए एक द्वितीयक सेंसर होता है और वह भी मस्तिष्क के उसी क्षेत्र को डोपामाइन मुक्त करने का संकेत देता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि आंत से मस्तिष्क तक चीनी की उपस्थिति का संकेत कैसे पहुंचता है, लेकिन वसा के संकेत का पता लगाया जा चुका है। ऊपरी आंत में वसा का पता लगने पर वैगस तंत्रिका के माध्यम से पश्चौ-मस्तिष्क को संकेत पहुंचता है जो आखिरकार स्ट्रिएटम तक जाता है। यह देखा गया है कि चीनी व वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ स्ट्रिएटम में डोपामाइन का स्तर सामान्य से 200 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं। यह स्तर निकोटीन और शराब द्वारा की जाने वाली वृद्धि के बराबर है। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि शकर ने डोपामाइन के स्तर को 135 से 140 प्रतिशत तक बढ़ाया जबकि वसा ने इस स्तर को 160 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। तुलना के लिए कोकेन ने सामान्य डोपामाइन के स्तर को तीन गुना किया जबकि मेथाम्फेटामिन ने इसे 10 गुना बढ़ाया। जैसे-जैसे हम भोजन और मस्तिष्क के सम्बंध को समझ रहे हैं, वैसे-वैसे भोजन का उत्पादन इस तरह किया जाने लगा है कि हम खुद को रोक न पाएं। हमारे शरीरों को ऐसे खाद्य पदार्थों से पाट दिया गया है जिनमें कुछ विशिष्ट पोषक पदार्थों की मात्रा अत्यधिक है - जैसे शकर, वसा और नए-नए पदार्थों के सम्मिश्रण।

औद्योगिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ स्टार्च और हाइड्रोजनीकृत वसा से तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा मजेदार स्वाद देने वाले कृत्रिम फ्लेवर, पानी और तेल को घुलनशील रखने वाले इमल्सीफायर और खाद्य सामग्री की संरचना को संरक्षित रखने वाले स्टेबिलाइजर्स ने हमारे भोजन को अधिक आकर्षक तो




बना दिया है लेकिन हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया है। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और बुनियादी चीजों से बनाए खाद्य पदार्थों के बीच अंतर करना जरूरी है। यह अंतर आहार सम्बंधी स्वास्थ्य समस्याओं से बचने का पहला कदम हो सकता है। अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ नशे की तरह काम करते हैं। जितनी तेजी से कोई चीज आपके मस्तिष्क को प्रभावित करती है उतनी ही जल्दी आपको उस चीज की लत लगती है। इसके साथ ही डोपामाइन मुक्त होने की गति को बढ़ाने के लिए कई प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को पहले से ही थोड़ा पचाया गया होता है। आखिर में इस पूरे मुद्दे में सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रोसेस्ड खाद्य सामग्री काफी समय से सुलभ और सस्ती है तथा इसका काफी विज्ञापन भी किया जाता रहा है। लिहाजा, बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो जानते हैं कि यह खाद्य सामग्री स्वास्थ्यवर्धक नहीं हैं लेकिन फिर भी वे अपने आपको रोक नहीं पाते हैं। किसी भी पदार्थ या ड्रग की लत के सम्बंध में सहनशीलता और उसे छोड़ने के परिणाम के सिद्धांत का इस्तेमाल किया जाता है। सहनशीलता यानी किसी ड्रग (या भोजन) का इतना आदी हो जाना कि उतना ही प्रभाव प्राप्त करने के लिए इसका और अधिक सेवन करना पड़े।

जबकि छोड़ने के परिणाम का सम्बंध उन शारीरिक और मानसिक लक्षणों से है जो अचानक किसी नशीले पदार्थ का उपयोग बंद या कम करने पर होते हैं। पूर्व में यह माना जाता था कि भोजन की लत वाले लोग खानपान जारी रखते हैं ताकि खुद को उसे छोड़ने की स्थिति जैसे चिंता, मितली और सिरदर्द से बचा सकें। भोजन के मामले में, डोपामाइन की कमी की परिकल्पना यह बताती है कि अगर हम कुछ खाते हैं और इससे पर्याप्त आनंद नहीं मिलता है, तो हम तब तक खाते रहेंगे जब तक वैसा आनंद महसूस नहीं करते, लेकिन भोजन के मानसिक असर को लेकर अभी पूरी स्पष्टता नहीं है। वर्तमान में वैज्ञानिकों के पास इस बाबत उत्तर कम, प्रश्न अधिक हैं कि हमारा शरीर भोजन का आदी कैसे हो जाता है। हम जानते हैं कि डोपामाइन ही सब कुछ नहीं है क्योंकि सिर्फ इसी से भोजन आनंददायक नहीं बनता है। हालांकि शोधकर्ताओं ने वर्ष 2012 के एक अध्ययन में पाया है कि खाना खाने से हमारे अफीमी ग्राही उत्ते. जित होते हैं, जो आनंद की भावना को बढ़ाते हैं, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी इस प्रक्रिया के बारे में कम ही जानते हैं। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊपरी आंत में एक संवेदक हमारे भोजन की पसंद-नापसंद में कुछ भूमिका निभाता है। कई अन्य इसके लिए हायपोथैलेमस को महत्वपूर्ण मानते हैं जो शरीर के तापमान से लेकर भूख के एहसास तक सब कुछ नियंत्रित करता है।

# ममदानी और ट्रम्प की मुलाकात जल्द!

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया कि वे न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर से भेंट करने के इच्छुक




■ ट्रम्प मेयर चुनाव के दौरान पिछले कई महीनों से ममदानी पर तीखे हमले कर रहे थे

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया कि वे न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी से मुलाकात करने के इच्छुक हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे 'कुछ न कुछ रास्ता निकाल लेंगे', राष्ट्रपति ट्रम्प का यह बयान दोनों नेताओं के बीच चल रही सियासी बयानबाजी के बीच आया है।

ट्रम्प पिछले कई महीनों से ममदानी पर तीखे हमले कर रहे थे। वे उन्हें गलत तरीके से 'कम्युनिस्ट' बताते रहे और दावा करते रहे कि अगर ममदानी जीते तो न्यूयॉर्क बर्बाद हो जाएगा। इतना ही नहीं, उन्होंने ममदानी, जो युगांडा में जन्मे और बाद में अमेरिकी नागरिक बने, को देश से निकालने और शहर से संघीय फंडिंग रोकने की धमकी भी दी थी। लेकिन न्यूयॉर्क की राजनीति ने अलग कहानी लिखी। 34 वर्षीय जोहरान ममदानी, जो कभी अपेक्षाकृत अंजान राज्य विधायक थे, सोशल मीडिया के सितारे बने और ट्रम्प की नीतियों के मुखर विरोधी चेहरों में से एक बनकर उभरे। उन्होंने प्रगतिशील नीतियों और ट्रम्प के कठोर प्रवासी-विरोधी रुख के खिलाफ अभियान चलाया। मेयर चुनाव में उन्होंने पूर्व राज्यपाल एंड्रयू कुओमो को करीब 9 प्रतिशत अंकों से हराकर बड़ी जीत हासिल की। अपनी जीत के भाषण में जोहरान ममदानी ने कहा था कि न्यूयॉर्क देश को दिखाएगा कि ट्रम्प की नीतियों का मुकाबला कैसे किया जाता है। लेकिन अगले ही दिन उन्होंने यह भी कहा कि वे शहर के हित के लिए किसी से भी काम करने को तैयार हैं, चाहे वह राष्ट्रपति ही क्यों न हों। जोहरान ममदानी की टीम ने रविवार को ट्रम्प की टिप्पणी पर सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन यह दोहराया कि नवनिर्वाचित मेयर पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वे व्हाइट हाउस से संपर्क करेंगे, क्योंकि यह संबंध शहर की सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। ट्रम्प ने भी रविवार को इसी सोच को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क के मेयर हमसे मिलना चाहते हैं। हम कुछ न कुछ कर लेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने बाद में स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति ममदानी की बात कर रहे थे। अभी बैठक की तारीख तय नहीं हुई है। ट्रम्प ने कहा कि हम चाहते हैं कि न्यूयॉर्क के लिए सब कुछ अच्छा हो।

## यूक्रेन जाने वाली रेलवे लाइन क्षतिग्रस्त

**वारसॉ।** पोलैंड में यूक्रेन की ओर जाने वाली एक रेलवे लाइन के क्षतिग्रस्त होने के मामले में प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने प्रतिक्रिया करते हुए कहा है कि इस मामले में तोड़फोड़ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। पोलैंड के माजोवीकी वोइवोडीशिप की पुलिस के अनुसार, एक ट्रेन चालक ने मीका रेलवे स्टेशन के निकट, गारवोलिन काउंटी के जीचिन शहर के पास रेलवे संरचना में गड़बड़ी की सूचना दी। घटना के समय ट्रेन में दो यात्रियों के अलावा कई चालक दल के सदस्य सवार थे। पुलिस ने कहा कि शुरुआती निरीक्षण में पटरी के एक हिस्से को नुकसान होने के कारण ट्रेन को रोकना पड़ा। टस्क ने पुष्टि करते हुए कहा तोड़फोड़ इसका एक संभावित कारण हो सकता है।



नई दिल्ली। खराब वायु गुणवत्ता के बीच पानी का छिड़काव करता 'एंटी-स्मॉग' वाहन।

## रूस ने यूक्रेन के 36 ड्रोन को मार गिराया

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने रविवार रात सात क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय की ओर जारी बयान में कहा गया है कि पिछली रात, 16 नवम्बर को मॉस्को समयानुसार रात 11:00 बजे से 17 नवम्बर सुबह 7:00 बजे तक वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने 36 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि इनमें से 14 को ब्रांस्क क्षेत्र में, आठ को तांबोव क्षेत्र में, पांच को उल्यानोवस्क क्षेत्र में और चार को वोरोनिश क्षेत्र में मार गिराया गया। इसके अलावा, ओर्योल क्षेत्र में तीन ड्रोन और निजनी नोवगोरोड तथा तुला क्षेत्रों में क्रमशः एक-एक ड्रोन को मार गिराया गया।

## पिता की हत्या, निर्वासन, देश लौटने पर प्रतिबंध से सजा-ए-मौत

# चुनौतियों को चुनौती देते हुए सत्ता में लौटी थीं हसीना!



■ कई दशकों के अपने राजनीतिक अनुभव के साथ शेख हसीना ने जबरदस्त ऊंचाइयां हासिल की हैं
■ हसीना के खिलाफ सभी आरोप बीते साल छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा को लेकर थे

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराया है। हसीना को इसी के साथ मौत की सजा सुनाई गई है। गौरतलब है कि उनके खिलाफ सभी आरोप बीते साल छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा को लेकर थे। इन्हें सही पाते हुए ट्रिब्यूनल ने सोमवार (17 नवम्बर) को अपना फैसला सुनाया।

गौरतलब है कि शेख हसीना की सरकार के खिलाफ हुए प्रदर्शनों के बीच भड़की हिंसा देखते ही देखते उग्र हो गई थी। इसका असर यह रहा कि हसीना को एक सैन्य हेलीकॉप्टर के जरिए बांग्लादेश छोड़कर भारत आना पड़ा। दूसरी तरफ बांग्लादेश की सेना ने देश में जल्द से जल्द शांति स्थापित करने और अंतरिम सरकार का गठन करवाने पर जोर दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि शेख हसीना के साथ यह स्थिति कोई पहली बार नहीं है। अपने पिता शेख मुजीब-उर-रहमान की हत्या से लेकर 2008-09 के हिंसक प्रदर्शनों के बाद भी शेख हसीना के सामने कुछ ऐसी ही स्थिति आई थी। हालांकि, हसीना हर बार चुनौतियों को चुनौती देते हुए सत्ता में लौट आईं। 1947 में जन्मीं शेख हसीना बांग्लादेश की राजनीति का सबसे प्रभावी और विवादित चेहरा भी हैं। कई दशकों के अपने राजनीतिक अनुभव के साथ शेख हसीना ने जबरदस्त ऊंचाइयां हासिल की हैं। साथ ही उनके साथ कई विवाद भी जुड़ते चले गए।

हसीना का जीवन और राजनीति सीधे तौर पर बांग्लादेश के इतिहास और पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ है। उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने वाला चेहरा थे। यानी बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन को शेख हसीना ने करीब से अनुभव किया। इस आंदोलन ने उनकी राजनीतिक विचारधारा को भी आकार देने का काम किया। अपने पिता के शासन के दौरान शेख हसीना ने ईडन कॉलेज में उपाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा और जीत भी हासिल की। इसके अलावा उन्होंने पिता की ही पार्टी में छात्र इकाई का जिम्मा भी संभाला।

हालांकि, 1975 में पिता मुजीब-उर-रहमान और अपने परिवार की हत्या की घटना के बाद हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा था। कई वर्षों तक बांग्लादेश से बाहर रहने के बाद आखिरकार 1980 के दशक में हसीना एक बार फिर देश लौटीं और यहां की हलचल भरी राजनीति में उतरीं। शेख हसीना पर अपने पिता का कितना असर रहा, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने बांग्लादेश में अपने राजनीतिक दल का नाम भी आवामी लीग ही रखा। वे 1981 में पार्टी की अध्यक्ष बनीं और विपक्ष की नेता के तौर पर शुरुआत की। राजनीति में उनकी यही लड़ाई काम आई और आखिरकार 1996 में वे पहली बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं। उनके पहले कार्यकाल को बांग्लादेश के लिए जबरदस्त सुधारों वाला समय माना जाता है। इस दौरान ही देश में आर्थिक उदारवाद का उदय हुआ। बांग्लादेश में जबरदस्त विदेशी निवेश आया और लोगों के रहन-सहन में भी सुधार हुआ। शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश दुनियाभर में कपड़ा उद्योग में अहम केंद्र बन गया। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हसीना का खासा जोर रहा। उनकी स्कूल के बच्चों को मुफ्त किताबें मुहैया कराने की योजना ने उन्हें काफी आगे बढ़ाया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद हसीना का कार्यकाल भी विवादों से दूर नहीं रहा। उनके प्रशासन को न्यायपालिका के साथ टकराव के लिए जाना गया। शेख हसीना पर न्यायलयों की स्वतंत्रता और स्वायत्ता के साथ खिलवाड़ करने के भी आरोप लगे। इसके लिए कई देशों ने उनकी आलोचना भी की। दूसरी तरफ विपक्षी दलों ने भी हसीना पर तानाशाही के आरोप लगाए। खासकर इस्लामिक जमात-ए-इस्लामी पार्टी की तरफ शेख हसीना के रुख का कई मानवाधिकार संगठनों ने भी विरोध किया। आखिरकार 2001 में उन्हें विपक्षी पार्टी और विरोधी खालिदा जिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। 2024 में शेख हसीना के साथ जो घटनाक्रम हो रहा है, वह कोई नया नहीं है। कुछ ऐसा ही 2006 में भी हुआ था, जब अक्टूबर में अचानक ही सत्ता पर काबिज बांग्लादेशी नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की सरकार चुनाव का एलान करने के बाद कार्यवाहक शासन की तरफ चली गई थी। इस दौरान शेख हसीना सरकार ने बीएनपी सरकार पर बांग्लादेश के चीफ जस्टिस की सेवा. निवृत्ति की उम्र को असंवैधानिक तरीके से बढ़ाने का आरोप लगाया था। इस घटनाक्रम ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और आवामी लीग के नेतृत्व में पूरे देश में जबरदस्त प्रदर्शन हुए। हालांकि, बाद में सेना ने 2007 में कार्यवाहक सरकार का समर्थन किया।

## शेख हसीना पर आरोप और आगे के रास्ते

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में दोषी करार दिया गया है। विशेष न्यायाधिकरण ने पूर्व पीएम को सभी पांचों मामलों में दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है। बांग्लादेश के 'अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण' ने शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल और पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल मामून के खिलाफ मामलों की सुनवाई पूरी कर सजा का एलान किया। अदालत के फैसले को लेकर बांग्लादेश में तनाव का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने बंद का एलान किया है। शेख हसीना और अन्य पर आरोप था कि उन्होंने छात्र आंदोलन को कुचलने की कोशिश की और उनके नेतृत्व में जुलाई 2023 में सुरक्षा कार्रवाई में 1400 लोग मारे गए। अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना को हिंसा के पीछे का मास्टरमाइंड बताते हुए मौत की सजा की मांग की थी। वहीं शेख हसीना और उनकी पार्टी का दावा है कि राजनीतिक प्रतिशोध के चलते उनके खिलाफ ये मुकदमें दर्ज किए गए। आइए जानते हैं कि शेख हसीना के खिलाफ कौन से थे वे पांच आरोप, जिनमें उन्हें मौत की सजा सुनाई गई। पहला आरोप-अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना और अन्य पर हत्या, हत्या के प्रयास, यातना और अन्य अमानवीय कृत्यों का आरोप लगाया। साथ ही शेख हसीना और अन्य पर अवामी लीग और सशस्त्र बलों द्वारा नागरिकों के विरुद्ध किए गए इन अपराधों को बढ़ावा देने, भड़काने, सुगम बनाने, इनमें सहभागी होने और रोकने में विफल रहने का भी आरोप लगाया गया।

## ब्रिटेन लगाएगा अंगोला नामिबिया और कांगो पर वीजा प्रतिबंध!

**लंदन।** प्रवासियों की वापसी के मामले में अफ्रीकी देश के ब्रिटेन के साथ सहयोग नहीं करने की वजह से ब्रिटेन अंगोला, नामीबिया और कांगो के निवासियों के वीजा पर प्रतिबंध लगा सकता है। ब्रिटिश अखबार द टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार अवैध रूप से ब्रिटेन आए प्रवासियों को वापस लेने से इनकार करने पर सजा के तौर पर ब्रिटेन के वीजा प्रतिबंधों का सामना करने वाले पहले देशों की घोषणा सोमवार को गृह सचिव शबाना महमूद द्वारा की जाएगी। समाचार पत्र के अनुसार, जब तक अफ्रीकी देशों की सरकारें निर्वासन पर सहयोग में नहीं करतीं, तब तक ये प्रतिबंध लागू रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित प्रवासियों की वापसी के मामले में लंदन के साथ सहयोग करने में अफ्रीकी सरक. ारों की अनिच्छा के कारण ब्रिटेन, अंगोला, नामीबिया और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के निवासियों के लिए वीजा पर प्रतिबंध लगा सकता है। इन अफ्रीकी देशों ने ब्रिटेन से 4000 से जयादा अवैध प्रवासियों और विदेशी अपराधियों को वापस लेने से मना कर दिया है। ये देश ब्रिटेन द्वारा इस तरह के उपायों के अधीन होने वाले पहले देश होंगे।

# भारतीयों के पलायन ने अमेरिकी विवि की हिली नींव

■ एच-1बी वर्क परमिट की लाटरी प्रणाली ने भी परिवारों का भरोसा कमजोर किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या में आई ऐतिहासिक गिरावट ने साफ कर दिया है कि दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा अर्थव्यवस्था अब अपने पुराने भरोसे को खो रही है। वीजा प्रक्रिया की बढ़ती जटिलताओं, सख्त सुरक्षा जांच और एच-1बी वर्क परमिट की अनिश्चितता ने भारतीय परिवारों को गहरी चिंता में डाल दिया है।

इसका सीधा असर यह हुआ है कि भारतीय छात्र अब बड़ी संख्या में अमेरिका से मुंह मोड़कर कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और यूरोप का रुख कर रहे हैं। इंस्टीटयूट फार इंटरनेशनल एजुकेशन (आईआईई) की प्रारम्भिक ओपन डोर्स रिपोर्ट 2025 और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि 2024-25 सेशन तक भारतीय छात्रों का नामांकन अमेरिका में लगभग 70 फीसदी गिर गया है। बीते वर्ष जहां करीब 375800 भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे थे, वहीं इस वर्ष यह संख्या घटकर करीब 112000 पर आ गई है। पिछले 15 वर्षों में यह सबसे तेज गिरावट है, जिसने अमेरिकी कैंपस की आर्थिक नींव तक हिला दी है। आईआईई के अनुसार वीजा स्लाट की कमी, इंटरव्यू की लंबी प्रतीक्षा और छोटी दस्तावेजी त्रुटि पर भी तुरंत रिजेक्शन भारतीय छात्रों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं। सुरक्षा जांच इतनी कड़ी हो चुकी है कि कई छात्रों को दो-दो बार इंटरव्यू देना पड़ रहा है। एच-1बी वर्क परमिट की लाटरी प्रणाली ने भी परिवारों का भरोसा कमजोर किया है। एमआईटी और कार्नेगी मेलान जैसे शीर्ष संस्थानों में भारतीय छात्रों की उपस्थिति में 60-70 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। स्टूडेंट वीजा मानिटरिंग नेटवर्क (एसवीएमएन) के मुताबिक अब भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका पहला विकल्प नहीं रहा।

# इजरायली टैंक ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को बनाया निशाना

**बेरूत।** लेबनान में इजराईली सेना के मर्कवा टैंक से दागे गए गोले की जद में संयुक्त राष्ट्र अंत. रिम बल आ गया। यूएनआईएफआईएल के अनुसार भारी गोलाबारी ब्लू हेलमेट से मात्र पांच मीटर की दूरी पर हुई, जिससे गश्ती दल को आसपास के इलाके में छिपना पड़ा।

मिशन के प्रतिनिधियों ने तुरंत स्थापित संचार माध्यमों के जरिए इजरायली रक्षा बलों से संपर्क किया और गोलीबारी रो. कने का अनुरोध किया। इसके बाद गोलाबारी रूकी और संयुक्त राष्ट्र का गश्ती दल लगभग आधे घंटे बाद सुरक्षित निकल सका। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सौभाग्य से कोई भी घायल नहीं हुआ। संरा ने इस घटना को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 का गंभीर उल्लंघन बताया। इस प्रस्ताव को 2006 में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनाया गया था।

इजरायल ने दावा किया है कि हमला 'खराब मौसम की स्थिति' के कारण हुआ और संयुक्त राष्ट्र के गश्ती दल को गलती से खतरे के रूप में पहचान लिया गया था। गौरतलब है कि यह तीन महीनों में तीसरी ऐसी घटना, जब संरा शांति मिशन के लिए खतरा उत्पन्न हुआ है। इससे पहले दो सितम्बर को, आईडीएफ के ड्रोन ने ब्लू लाइन के किनारे सड़क अवरोधों को साफ कर रहे संरा कर्मियों के पास ग्रेनेड गिराए थे और 26 अक्टूबर को एक इजरायली ड्रोन ने फिर से संयुक्त राष्ट्र के गश्ती दल को निशाना बनाया था।

# ट्रम्प की सख्ती से भारत की बढ़ेंगी मुश्किल

## रूस से व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने का कानून ला रही ट्रम्प सरकार

■ रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका का ट्रम्प प्रशासन जल्द ही एक नया कानून बनाने जा रहा है, जिसके तहत रूस से व्यापार करने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इसे समर्थन दे दिया है।

मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रम्प ने बताया कि उनकी पार्टी एक विधेयक लाने जा रही है, जिसके तहत रूस से व्यापार करना किसी भी देश के लिए बेहद मुश्किल हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं, खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश। ट्रम्प ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऐसा विधेयक लाने जा रही है, जिसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर काफी कड़े प्रतिबंधों का प्रावधान है। रूस से व्यापार करने वाले देशों में भारत और चीन शामिल हैं। ऐसे में अमेरिका के इस नए कानून से भारत की परेशानी बढ़ सकती है। अमेरिका पहले ही भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। अमेरिका का मानना है कि रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने में भारत और चीन का प्रमुख योगदान है। नए कानून के तहत भारत और चीन के अलावा ईरान की भी परेशानी बढ़ सकती है। एक तरफ अमेरिका रूस से व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ भारत और रूस के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है। साल 2030 तक दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डालर करने का लक्ष्य तय किया है। भारत और रूस के बीच इंडिया-यूरेशियन इकानोमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौता हो सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर अमेरिका का यह विधेयक पारित हो जाता है, तो ट्रम्प उन देशों से आयात पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकेंगे जो रूस से कच्चा तेल या गैस खरीदते हैं।

# ड्रग ले जा रही बोट पर अमेरिका का हवाई हमला

## 75 दिनों में 21वां हमला, अब तक 83 मौतें, ट्रम्प ने उड़ाने का आदेश दिया था



■ ट्रम्प प्रशासन ने इन हमलों को अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने शनिवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में एक ड्रग तस्करी करने वाली नाव पर हवाई हमला किया, जिसमें तीन लोग मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी।

यह सितम्बर की शुरुआत से अब तक अमेरिकी सेना का ड्रग नावों पर किया गया 21वां हमला है। आंकड़ों के अनुसार, इन हमलों में अब तक 83 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक ये हमले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश पर हो रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इन हमलों को अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया। न्याय विभाग ने इन हमलों को सही ठहराया है और कहा गया है कि इन आपरेशनों में शामिल अमे. रिकी सैनिकों को मुकदमा चलाने से छूट मिलेगी। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने रविवार को हमले का वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर जारी किया। वीडियो में विस्फोट दिख रहा है, जिससे नाव के परखच्चे उड़ गए। हमले के तुरंत बाद बोट में आग लग गई। मारे गए लोगों की राष्ट्रीयता या पहचान की जानकारी नहीं दी गई। इससे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि मेरे आदेश पर अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी करने वाले कार्टेल और नार्को टेररिस्ट पर स्ट्राइक की। ये लोग वेनेजुएला से नशीले पदार्थ अमेरिका की ओर ले जा रहे थे। अमेरिका ने 10 नवम्बर को भी पूर्वी प्रशांत महासागर में दो संदिग्ध नावों पर हवाई हमला किया। अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बताया कि ये नाव ड्रग्स लेकर जा रहे थे। इसमें 6 लोग मारे गए थए। हेगसेथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि ये नावें आतंकवादी संगठनों से जुड़ी थीं और कोकीन तस्करी कर रही थीं। अमेरिका ने 10 नवम्बर को ड्रग्स ले जा रही नावों पर हवाई हमला किया था। वेनेजुएला की ड्रग संगठन 'कार्टेल डे लोस सोल्स' आतंकवादी संगठन घोषित। अमेरिकी कांग्रेस के सांसदों, मानवाधिक. ार संगठनों और सहयोगी देशों ने इन हमलों की वैधता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि युद्ध क्षेत्र से बाहर हमले करने का कानूनी आधार साफ नहीं है। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि उसके पास पूर्ण कानूनी अधिकार हैं। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने रविवार को वेनेजुएला की ड्रग संगठन 'कार्टेल डे लोस सोल्स' को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' घोषित किया। इससे अमेरिका में इस ग्रुप को किसी भी तरह की मदद देने वाला अपराधी माना जाएगा।

## कांगो में खदान ढहने से 80 की मौत, कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**किशासा।** दक्षिण-पूर्वी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में शनिवार को एक खदान ढह गया। हादसे में कम से कम 80 लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। एक अधिकारी ने रविवार को घटना की जानक. ारी दी। यह हादसा लुआलाबा प्रांत के मुलोंडो में कलांडो खदान में हुई। प्रांत के गृह मंत्री राय कौम्बा मायोंडे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि भारी बारिश और लैंडस्लाइड के खतरे के कारण खदान में जाने पर बैन लगा था। इसके बावजूद अवैध माइनिंग करने वाले खदान में जबरन खदान में घुस गए थे। डीआरसी की सरकारी एजेंसी एसईएएमएपीई की रिपोर्ट में कहा गया है कि घटनास्थल पर सैनिकों की फायरिंग से माइनिंग करने वालो में दहशत फैल गई और वे खदान के ऊपर पुल की ओर दौड़ पड़े, जिससे पुल ढह गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें खदान के नीचे कई लोग खड़े दिखे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108